# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 19 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 255, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




**रिकॉर्ड ऊंचाई से सेंसेक्स 131 अंक गिरा**

शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी रहा और सूचना प्रौद्योगिकी में मुनाफा वसूली से सेंसेक्स 131 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। } 14

**अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी बेहतर जीवन के लिए जरूरी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अनुसंधान व विकास के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। } 16

## लेबनान में फिर धमाके, तीन की मौत

### इजराइल ने अब रेडियो और वॉकी-टॉकी को बनाया निशाना

एजेंसी



बेरूत। लेबनान में मंगलवार को पेजर में हुए धमाकों के बाद अब वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुए हैं। अलजजीरा के मुताबिक, इस हमले में अब तक 3 लोगों की मौत हुई है, वहीं सैकड़ों घायल हुए हैं। राजधानी बेरूत के कई इलाकों में धमाकों की जानकारी सामने आई है।

इनमें से एक धमाका हिजबुल्लाह सांसद अली अम्मार के बेटे के अंतिम संस्कार के समय हुआ। वह 17 सितंबर को पेजर में हुए धमाके में मारा गया था। लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाके एक-दूसरे से बातचीत के लिए इन वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं। इन वॉकी टॉकी का नाम आईकॉम वी-82 है, जो जापान में बनती हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच लेबनान में यह दूसरा बड़ा तकनीकी हमला है। इससे पहले न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने हिजबलुल्लाह के 5000 पेजर्स में विस्फोटक लगाए थे। ये पेजर्स कोड की मदद से ऑपरेट होते हैं। इन्हें इस साल की शुरूआत में लेबनान भेजा गया। मंगलवार को इन पेजर्स पर एक मैसेज आया जिसने विस्फोटक को एक्टिवेट कर दिया। हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में हिजबुल्लाह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जाति के आधार पर समाज को बांट रही सपा-कांग्रेस : योगी

### गाजियाबाद में मुख्यमंत्री ने मिशन रोजगार के तहत 10 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ये दोनों दल अपने संकीर्ण स्वार्थों के लिए समाज को जाति के आधार पर बांट रहे हैं और इनकी मंशा विभिन्न वर्गों के बीच टकराव को बढ़ावा देने की है।

मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर देश और उसके लोगों के हितों की कीमत पर अपने परिवारों की ही फिक्र करने का आरोप लगाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चाहे कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, उन्हें न तो देश की चिंता है और न ही समाज की। उन्हें आपकी आस्था या युवाओं की चिंता नहीं है। उन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। इन परिवारवादी दलों के पास देश और समाज के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं बची है। वे केवल अपने संकीर्ण स्वार्थों के लिए समाज को



बांटेंगे, लोगों को जाति के आधार पर लड़वाएंगे। वे वर्ग संघर्ष की स्थिति पैदा करेंगे और फिर दंगाइयों को लूटने देंगे, लोगों की सुरक्षा से समझौता करेंगे। मुख्यमंत्री ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि दो लड़कों की जोड़ी उत्तर प्रदेश में विकास की बात कर रही है। वे अपने पिछले 10 वर्षों का इतिहास भूल गए हैं, जब राज्य में गुंडा और माफिया राज था। अब राज्य एक नया उत्तर प्रदेश बन रहा है, जिसमें व्यापारी और महिला वर्ग सुरक्षित हैं। युवाओं को रोजगार मिल रहा है। अब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी बन गया है, जहां हवाई अड्डा, मेट्रो, रैपिड रेल और सुरक्षा का बेहतर माहौल है, जिसके कारण माफिया या गुंडागर्दी करने वाले लोग जिले से बाहर चले गए हैं। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर राज्य में अपने शासनकाल के दौरान माफिया और अपराधियों के आगे झुकने और हिन्दू धार्मिक नेताओं को माफिया कहने का भी आरोप लगाया। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा अंतर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग कुख्यात माफिया और अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे। अपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### सिपाहियों पर हमला सात लोग गिरफ्तार

मथुरा। जिले में महावन थाना क्षेत्र में गोकुल बैराज पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शराब पीकर चाय की दुकान पर झगड़ा कर रहे कुछ अराजक तत्वों ने स्थानीय अभिसूचना इकाई के सिपाहियों द्वारा बीच-बचाव कराए जाने का प्रयास करने पर उन पर हमला कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने उनमें से सात हमलावरों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जबकि कुछ अन्य की भी तलाश की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि मंगलवार की शाम जिस समय स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) के हेड कांस्टेबल सुमित सिंह और सिपाही गौरव कुमार सादे कपड़ों में गोकुल बैराज के किनारे गणेश प्रतिमा विसर्जन की निगरानी कर रहे थे, उसी समय उन्हें कुछ लोग एक चाय वाले से झगड़ा करते हुए दिखाई दिए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तब सिपाहियों ने वहां पहुंचकर उन्हें समझा-बुझा कर झगड़ा शांत कराना चाहा, तो शराब के नशे में आठ-दस लोग उन्हीं पर हमला करने लगे।

### दिव्यांग को पीटने के बाद पिटबुल से कराया हमला

बागपत। जनपद के खेकड़ा कस्बे में एक दिव्यांग युवक के साथ कुछ व्यक्तियों ने मारपीट करने के साथ ही उसे पिटबुल नस्ल के कुत्ते से कटवाया जिसके चलते वह घायल हो गया। पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि दिव्यांग युवक के साथ उसके पड़ोस के ही दो लोगों ने कमरे में बंद कर मारपीट की और फिर पिटबुल कुत्ते से कटवाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी खेकड़ा, प्रीता ने आज घटना में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया कि थाना खेकड़ा में दिव्यांग अनिल ने तहरीर दी कि सोमवार शाम सतीश और अनुज ने उसके ऊपर अपने पालतू पिटबुल कुत्ते को छोड़ दिया।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव को मंत्रिमंडल की मंजूरी

### नये चंद्र अभियान चंद्रयान-4 को मंजूरी, किसानों को बेहतर दाम उपलब्ध कराने लिए जारी रहेगी पीएम-आशा योजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। अपनी एक राष्ट्र, एक चुनाव योजना पर आगे बढ़ते हुए सरकार ने बुधवार को देशव्यापी आम सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया।

सरकार का कहना है कि कई राजनीतिक दल पहले से ही इस मुद्दे पर सहमत हैं। उसने कहा कि देश की जनता से इस मुद्दे पर मिल रहे व्यापक समर्थन के कारण वह दल भी रुख में बदलाव का दबाव महसूस कर सकते हैं जो अब तक इसके खिलाफ हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विानी वैष्णव ने प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मिली मंजूरी की जानकारी हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक क्रियान्वयन समूह का गठन किया जाएगा और अगले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मंचों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि सिफारिशें कब लागू की जा सकेंगी और क्या संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में कोई विधेयक लाया जाएगा, वैष्णव ने सीधा जवाब देने से परहेज किया लेकिन कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में इसे लागू करेगी।

वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नये चंद्र अभियान चंद्रयान-4 को मंजूरी दे दी जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने तथा उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों का विकास करना है। एक बयान में कहा गया कि चंद्रयान-4 अभियान भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को (वर्ष 2040 तक) चंद्रमा पर उतारने और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आधारभूत प्रौद्योगिकियों को विकसित करेगा।

इसमें कहा गया अंतरिक्ष केंद्र से जुड़नेहटने, यान के उतरने, पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी तथा चंद्र नमूना संग्रह और विश्लेषण के लिए आवश्यक प्रमुख प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 अभियान के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के लिए कुल 2,104.06 करोड़ रुपये की धनराशि की आवश्यकता है। इसमें कहा गया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार होगा। उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी से इस अभियान को मंजूरी मिलने के 36 महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। बयान में कहा गया कि इससे संबंधित सभी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी रूप से विकसित किए जाने की परिकल्पना की गई है। वहीं सरकार ने किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए 35,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम-आशा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) की योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी गई। इसमें कहा गया है कि 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान 2025-26 तक कुल वित्तीय व्यय 35,000 करोड़ रुपये का होगा।



मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी प्रेस से साझा करते केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

उन्होंने कहा कि विचार-विमर्श पूरा होने के बाद, कार्यान्वयन चरणों में किया जाएगा और सरकार का प्रयास अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का होगा। उन्होंने कहा कि एक बार परामर्श प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद सरकार एक विधेयक का मसौदा तैयार करेगी, उसे मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी और तत्पश्चात एक साथ चुनाव कराने के लिए उसे संसद में ले जाएगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को दो चरणों में लागू करने की सिफारिश की-- पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव।

समिति ने भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य निर्वाचन प्राधिकारियों से विचार-विमर्श कर एक साझा मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र बनाने की भी सिफारिश की। अभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की जिम्मेदारी भारत के निर्वाचन आयोग की है जबकि नगर निगमों और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग कराते हैं। समिति ने 18 संवैधानिक संशोधनों की ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 32 दलों का समर्थन 15 ने जताया विरोध

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को स्वीकार की गई समिति की रिपोर्ट के अनुसार एक देश, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया था जिनमें से 47 ने जवाब दिया। इनमें से 32 ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया और 15 ने इसका विरोध किया। अपनी एक देश, एक चुनाव योजना पर आगे बढ़ते हुए सरकार ने बुधवार को देशव्यापी आम सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि पंद्रह राजनीतिक दलों ने कोई जवाब नहीं दिया। राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध किया जबकि भारतीय जनता पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने इसका समर्थन किया। रिपोर्ट में कहा गया है, 47 राजनीतिक दलों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। पंद्रह राजनीतिक दलों को छोड़कर शेष 32 राजनीतिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूक्रेन ने रूस पर किया सबसे घातक ड्रोन हमला

एजेंसी

कीव। यूक्रेन ने रूस के हथियार डिपो पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने यूक्रेन की स्टेट सिक्योरिटी सर्विस के हवाले से बताया कि रूस के त्वेर क्षेत्र में यह हमला किया। इस हमले में रूस की कई मिसाइलें, बम और गोला-बारूद तबाह हो गए। अलजजीरा के मुताबिक, ड्रोन हमले से टोरोपेट्स शहर में रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रमुख हथियार डिपो में बड़ा धमाका हुआ। इसमें इस्कंदर मिसाइल सिस्टम के लिए बैलिस्टिक मिसाइलें रखी हुई थीं। इसके अलावा यहां तोचका-व टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम और कई गाइडेड बम मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद 6 किमी के इलाके में आग लग गई। इस दौरान भूकंप के हलके झटके भी महसूस किए गए। यूक्रेन के एक अधिकारी ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि जहां ड्रोन अटैक हुआ, वहां रूस के अपने हथियारों के अलावा नॉर्थ कोरिया से मिली मिसाइलें भी मौजूद थीं। यूक्रेन की इंटेलिजेंस और स्पेशल ऑपरेशन फोर्स ने मिलकर इस हमले को अंजाम दिया। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने रातभर में यूक्रेन के 54 ड्रोन्स को मार गिराया। हालांकि, हमले में कितना नुकसान हुआ, इसकी अब तक कोई जानकारी सामने ...शेष पृष्ठ 14 पर

> ❍ रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रमुख हथियार डिपो में हुआ बड़ा धमाका

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : पहले चरण में 59 फीसद पड़े वोट

### ❍ 2014 में हुए थे पिछले विधानसभा चुनाव ❍ कुछ जगह हुईं झड़प ❍ शांतिपूर्ण रहा मतदान

एजेंसी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी के पोले ने कहा है कि इस केंद्रशासित प्रदेश में बुधवार को पहले चरण का विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ और इसमें करीब 59 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले सात चुनावों में सर्वाधिक मतदान है।

उन्होंने कहा कि वैसे यह आंकड़ा अंतरिम है तथा सुदूर क्षेत्रों से अंतिम रिपोर्ट मिलने एवं डाकमतपत्र के बाद उसमें आंशिक वृद्धि हो सकती है। पहले चरण में सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। छह बजे मतदान समाप्त हो जाने के बाद पोले ने संवाददाताओं से कहा कि बिना किसी अप्रिय घटना के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि कुछ मतदान



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में मतदान करते लोग

केंद्रों से हाथापाई या कहासुनी की कुछ छोटी-मोटी घटनाओं की खबरें हैं लेकिन ऐसी कोई गंभीर घटना नहीं हुई जिसके कारण पुनर्मतदान कराना पड़ जाए। उन्होंने कहा 59 प्रतिशत मतदान पिछले सात चुनावों (चार लोकसभा चुनावों और तीन विधानसभा चुनावों) में सबसे अधिक है। पोले ने सुरक्षा परिदृश्य में सुधार, राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों की सक्रिय सहभागिता, विभाग द्वारा प्रचार समेत विभिन्न कारकों को मत प्रतिशत में इस वृद्धि का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि किश्तवाड़ जिले में सबसे अधिक 77 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि पुलवामा जिले में सबसे कम 46 प्रतिशत मतदान हुआ। पोले ने उम्मीद जतायी कि 25 सितंबर और एक अक्टूबर के बाकी दो चरणों में भी उच्च मतदान होगा।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ पर्यटन विभाग पेरिस, टोक्यो, लंदन व सिंगापुर में लगायेगा स्टॉल (पृष्ठ-02)

❍ 35 जिलों में देंगे भूकम्प व अग्नि सुरक्षा पर प्रशिक्षण (पृष्ठ-02)

❍ अटल पेंशन योजना अंशधारकों की संख्या 6.9 करोड़ (पृष्ठ-14)

❍ त्योहारी मौसम में खाद्य कीमतों में स्थिरता की उम्मीद (पृष्ठ-14)

❍ चौहान ने सरकार के फैसले का स्वागत किया (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** 2047 तक भारत जनसांख्यिकी दृष्टि से दुनिया का सबसे युवा देश होगा : बीवीआर सुब्रह्मण्यम

## 2030 तक दोगुना होगा भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था का आकार आसानी से दोगुना कर सकता है। पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुब्रह्मण्यम ने कहा कि जलवायु परिवर्तन भारत के लिए जलवायु प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनने का एक अवसर है। उन्होंने कहा हमारी अर्थव्यवस्था 2030 तक आसानी से दोगुनी हो जाएगी, 2026-2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की महत्वाकांक्षा के लिए एक सुसंगत व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में वर्तमान में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका आकार करीब 3,700 अरब




अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा भारत एक बड़ा प्रभावशाली खिलाड़ी होगा, पहले ही उसका काफी महत्व है और 2047 तक वैश्विक मामलों में इसका और भी अधिक महत्व होगा। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि 2047 तक भारत जनसांख्यिकी दृष्टि से दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक होगा। वह समृद्धि की ओर अग्रसर होगा तथा अनुमानित प्रति व्यक्ति आय करीब 18,000 से 20,000 अमेरिकी डॉलर होगी। उन्होंने कहा यह वृद्धि महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत के एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में उभरने की उम्मीद है, जो पिछले दशक में प्राकृतिक आपदाओं तथा गरीबी जैसी चुनौतियों से निपटने में की गई पर्याप्त प्रगति पर आधारित है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हरित अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की आवश्यकता है और आयोग 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए एक मार्ग विकसित करने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा हमने एक कार्यबल का गठन किया है और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। नीति आयोग के सीईओ ने वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार बेहतर रणनीति बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों और सेवाओं पर काम कर रही है। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि शहरी विकास तथा बुनियादी ढांचा महत्वपूर्ण है। शहरों के विकास को गति देने के लिए आर्थिक केंद्र के रूप में तैयार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेठी : जंगली जानवर के हमले में 12 घायल

जिला संवाददाता

अमेठी/मुंशीगंज। पिछले चार दिनों से जंगली जानवरों के हमले बढ़ने से जिले के कई गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दरखा और सोमपुर मनकंठ गांवों में सियार के हमले की घटना के बाद बुधवार की सुबह जंगली जानवरों ने मुंशीगंज थाना क्षेत्र के तीन गांवों में एक दर्जन लोगों को घायल किया है। वन विभाग की टीम रेस्क्यू में जुटी हुई है।

बुधवार की सुबह पांच से 5:30 बजे के बीच थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरारी लक्षनशाह, पांडेय का पुरवा और तुलसीपुर गांव में एक जंगली जानवर ने एक दर्जन से अधिक लोगों को अपना निशाना बनाया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक युवक का इलाज संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगली जानवर की तलाश में जुटी हुई है। कोरारी हीरशाह गांव के निवासी राम सुमेर ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 5:30 बजे नहर की पटरी पर शौच के लिए जा रहा था, तभी जंगली जानवर में अचानक हमला कर दिया। वह जंगली जानवर पहले आसपास कहीं पर दिखाई नहीं पड़ा, लेकिन जब मैं पहुंचा तो अचानक छलांग लगाकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

> ❍ रेस्क्यू में जुटीं वन विभाग की टीमें

C M Y K

संक्षेप

## बुलडोजर ध्वस्तीकरण पर बने एक दिशा-निर्देश



लखनऊ। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को ध्वस्तीकरण के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर केंद्र को आगे आकर पूरे देश के लिए एक-समान दिशा निर्देश बनाने चाहिए। बसपा अध्यक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कि बुलडोजर विध्वंस कानून के राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिन्तनीय है। वैसे बुलडोजर व अन्य किसी मामले में जब आम जनता सहमत नहीं होती है तो फिर केंद्र को आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान दिशा निर्देश चाहिए, जो नहीं बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, कि अन्यथा बुलडोजर कार्रवाई के मामले में उच्चतम न्यायालय को इसमें दखल देकर केंद्र सरकार की जिम्मेदारी को खुद नहीं निभाना पड़ता, जो कि जरूरी था। केंद्र व राज्य सरकारें संविधान व कानूनी राज के अमल होने पर जरूर ध्यान दें।

# एनपीएस वात्सल्य योजना का प्रदेश के कई जिलों में शुभारंभ

## प्रदेश में लखनऊ सहित छह जिलों में सजीव प्रसारण में बड़ी संख्या में छात्रों और अभिभावकों सहित लोगों ने की भागीदारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बुधवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किये गये 'एनपीएस वात्सल्य' योजना के उद्घाटन समारोह का प्रदेश में ऑनलाइन सजीव प्रसारण देखा गया। राज्य में इस कार्यक्रम में लखनऊ सहित छह जिलों अयोध्या, सहारनपुर, लखीमपुर खीरी, संभल और देवरिया में आयोजित किये गये, जिसमें छात्रों, अभिवावकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

लखनऊ में एनपीएस वात्सल्य योजना का सजीव प्रसारण विकास नगर में स्थित पायनियर मोंटेसरी स्कूल के पूरन सिंह मेमोरियल मिनी ऑडिटोरियम में किया गया। बैंक ऑफ इंडिया के एफजीएमओ उत्तर प्रदेश के महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने योजना के सजीव प्रसारण का शुभारंभ किया। अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के प्रदेश प्रमुख, महाप्रबंधक नाबार्ड विनोद कुमार, महाप्रबंधक आईडीबीआई स्वर्ण सिंह, विद्यालय की निदेशिका शर्मिला सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना सिंह, अध्यापकगण, छात्र एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र अद्विक उपाध्याय, समर्थ दीक्षित, राघवेन्द्र यादव, अंशिका कठेरिया एवं हर्षिका को पीआरएएन कार्ड भी दिये गये। एसएलबीसी उपमहाप्रबंधक रोहित जिनिवाल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**लखीमपुर खीरी :** कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग पं. दीन दयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर में की गयी। इस मौके पर बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख कमलेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना भविष्य की वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में अभय कश्यप को प्रान कार्ड भी दिया गया।



**सहारनपुर :** जिले के खलासी लाइन स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भी एनपीएस वात्सल्य योजना के शुभारंभ का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक और जादू शो के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को योजना की जानकारी दी गयी। लीड बैंक प्रबंधक प्रवीन जमुआर ने योजना के लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एक बालिका का पंजीकरण कर योजना का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख ललित भाटिया, खंड शिक्षा अधिकारी सोनवीर सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कृपाल मलिक और विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

**अयोध्या :** कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय, ड़ाभासेमर में हुआ। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षकों तथा बैंक के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। अग्रणी जिला प्रबंधक गणेश शंकर यादव, डीडी एम नाबार्ड कमलेश यादव ने कार्यक्रम का आयोजन कराया। बैंक आफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख अमित बनर्जी ने स्थानीय रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अमित बनर्जी ने एनपीएस वात्सल्य योजना में खाता खुलवाने वाले तीन बच्चों के अभिभावकों को एनपीएस वात्सल्य योजना के प्रतिकात्मक प्रान कार्ड दिये।

**संभल:** जिले में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण चंदौसी तहसील के ग्राम लहरावन स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में किया, जिसे जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक केनरा बैंक अमित बिश्नोई, डीडीएम नाबार्ड विशाल कांसल, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चंद्रपाल सिंह, विकासखंड अधिकारी बहजोई अखिलेश कुमार तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देखा। इसमें कुछ बच्चों का एनपीएस वात्सल्य योजना के अंतर्गत खाता भी खोला गया एवं जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को प्रान नंबर दिया गया। डीएम ने बच्चों से वार्ता की एवं प्रश्न किये और प्रश्न का उत्तर देने वाले बच्चों को बैग एवं पुस्तक उपहार स्वरूप दी गयी।

**देवरिया:** जिले में 'एनपीएस वात्सल्य योजना का उद्धघाटन समारोह का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय प्रमुख राजेश देशपाण्डे, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड सूरज शुक्ला, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक संतोष जायसवाल एवं जिले के अन्य बैंकों के अधिकारियों के साथ छात्र-छात्रायें, अध्यापकगण एवं अभिभावक और एनपीएस वात्सल्य योजना के लाभार्थी अपने अभिभावक के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अरूणेश कुमार ने योजना के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में कीर्ति चतुर्वेदी, पंकज कुमार एवं इंद्रजीत सहित कई को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा इस योजना के प्रान कार्ड की रिपीलिका वितरित की गयी।

# पेरिस, टोक्यो, लंदन व सिंगापुर में लगायेगा पर्यटन स्टॉल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर आने के बाद विदेशी पर्यटको को यूपी की ओर आकर्षित करने के लिए सितंबर और अक्टूबर में पेरिस, लंदन तथा जापान की राजधानी टोक्यो एवं सिंगापुर में स्टॉल लगाकर यूपी की समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत तथा गौरवशाली इतिहास से जुड़े पर्यटन स्थलो तथा प्राकृतिक सुंदरता को पूरी दुनिया को परिचित करायेगा। इसी के तहत पर्यटन विभाग विभिन्न देशों मे आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्केट में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा।



इसके लिए पर्यटन विभाग यूपी को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की जोरदार तैयारी कर रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पेरिस में 17 सितंबर से इंटरनेशनल फ्रेंच ट्रैवल मार्केट का शुभारंभ हुआ है, जो 19 सितंबर तक चलेगा। यहां भी पर्यटन विभाग ने अपना मंडप बनाया है। यहां उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों और ओडीओपी को दर्शाया गया है। वहां रोड शो भी किया जायेगा। इसके अलावा महत्वपूर्ण स्थल जहां बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है, वहां विभिन्न माध्यमों से प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि जापान की राजधानी टोक्यों में इसी माह 26 से 29 सितंबर तक टूरिज्म एक्सपो, 23 से 25 अक्टूबर तक सिंगापुर में आईटीबी एशिया और 5 से 7 नवंबर तक लंदन में वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट का आयोजन किया जाएगा। इन सभी जगहों पर उत्तर प्रदेश पर्यटन स्टॉल लगाएगा। इसके अलावा रोड-शो का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भारतीय व अन्य देशों के टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स, मीडिया प्रतिनिधि और अंतराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा होगी। आगंतुकों के साथ उचित जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए साइनेज, साहित्य, बैनर और पोस्टर अंग्रेजी के अलावा विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध कराये जायेंगें। महत्वपूर्ण स्थलों जैसे एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल सहित अन्य स्थलों पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रदेश सरकार जिन आकर्षणों का विशेष रूप से प्रचार-प्रसार कर रही है उसमें महाकुंभ-2025, बौद्ध सर्किट, ईको सर्किट, आध्यात्मिक पर्यटन स्थल, रूरल-एग्री टूरिज्म सहित अन्य हैं।

## गाजीपुर डेरी फार्म फारमर्स एसोसिएशन ने अखिलेश को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। गाजीपुर डेरी फार्म फारमर्स एसोसिएशन (रजि.) के पदाधिकारियों ने बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भेंटकर उन्हें अपनी समस्याओं के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा और उनके समाधान में सहयोग का निवेदन किया। उनके साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक शाहिद मंजूर भी थे। ज्ञापन में कहा गया है कि गाजीपुर डेयरी फार्म और दिल्ली के अन्य 10 डेयरी फार्मों को 1976 में दिल्ली के अंतिम कोनों पर जंगल में बसाया गया था। 2027 में घोघा डेयरी फार्म बसाया गया। गाजीपुर डेयरी फार्म के अलावा अन्य डेयरी फार्म, मसूदपुर डेयरी फार्म, मदनपुरी डेयरी फार्म (डीडीए द्वारा बनाए गए) घडोली डेयरी फार्म (अब आवासीय कालोनी में कन्वर्ट) गोयला डेयरी फार्म, ककरोला डेयरी फार्म, भलस्वा डेयरी फार्म, शाहबाद दौलतपुर डेयरी फार्म, झड़ौता डेयरी फार्म और घोघा डेयरी फार्म (एमसीडी द्वारा बनाए गए)।

# बलात्कार पीड़ित परिवारों को नहीं मिल रहा न्याय : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार में बच्चियों के साथ बलात्कार और पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा हैं। उत्तर प्रदेश में लगातार बलात्कार जैसी शर्मनाक घटनाएं हो रही हैं। पूरे देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदनामी हो रही है। हिरासत में मौतों के मामलों

- सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। पीडीए को भाजपा सरकार उत्पीड़न का शिकार बना रही है। कानून व्यवस्था उसके राज में पूरी तरह चौपट है।

अखिलेश यादव बुधवार को कार्यकर्ताओं को पार्टी के राज्य मुख्यालय स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान और पिछड़े, दलितों की खुशहाली भाजपा को सत्ता से बेदखल करके



समाजवादी सरकार बनने पर ही आएगी इसलिए एक-एक कार्यकर्ता को संकल्पित होकर सन 2027 में सपा की सरकार बनाने के लिए दिनरात एक करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विश्वास का नारा धोखा है। सन 2022 में ही जनता ने भाजपा सरकार से आजादी का इरादा कर लिया था लेकिन भाजपा ने सत्ता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर सरकार बना ली। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को सपा ने जो सबक सिखाया उससे उसकी बौखलाहट बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार जनता बनाने जा रही है। जनता का भरोसा सपा पर है। समाजवादी कार्यकर्ता भाजपाईयों की हर साजिश और षडयंत्र का मुकाबला करने के लिए अपनी पूरी चाकचौबंद तैयारी में है। भाजपा की झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार की राजनीति को समाजवादी और पीडीए मुकाबला करके भाजपा सरकार को पराजित करने में कोई कसर नहीं छोडेंगे।

उन्होंने कहा कि इस समय संविधान को बचाने की लड़ाई में कोई ढील नहीं होनी चाहिए। संविधान बचेगा तो आरक्षण बचेगा। पीडीए परिवार का विस्तार करना है। सपा समाज के हर तबके को हक और सम्मान दिलाने की पक्षधर है। इसके लिए जातीय जनगणना की मांग करती है। सभी जातियों जनगणना कराकर उनकी संख्या के आधार पर उन्हें समानुपातिक आधार पर प्रत्येक स्तर पर हिस्सेदारी मिल सके, इसके लिए सपा जातीय जनगणना कराने के लिए संकल्पित है।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में अधिक से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कराकर रोजगार सृजित किए जाये। कोशिश हो कि छोटी -छोटी इकाइयां ज्यादा संख्या में स्थापित हों, इससे जहां एक ओर उद्यमियों को फायदा होगा, रोजगार सृजित होंगे, वहीं स्थानीय किसानों को भी फायदा होगा और उनकी आमदनी में इजाफा होगा।



उपमुख्यमंत्री बुधवार को अपने कैम्प कार्यालय पर खाद्य प्रसंस्करण विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। इस क्षेत्र में लगाई जाने वाली यूनिटों को दी जा रही बड़ी सब्सिडी की जानकारी आम जनमानस को दी जाए। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में लोगों को दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में ट्रेनिंग देने का प्लान तैयार करें। यूनिटों में तैयार उत्पादो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। छोटी-छोटी यूनिटों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए, तभी किसानो की भी आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन पर जोर दिया। बताया गया कि इस योजना में 35 प्रतिशत सब्सिडी का प्राविधान है। इस योजना में 10 हजार लोगों को लाभान्वित किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना में और अधिक यूनिटें लगवायी जाये, इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने कहा कि लगाई गयी यूनिटों की जनपदवार सूची उपलब्ध करायी जाये और चुनिंदा यूनिटों के प्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की जाये। नई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में यूनिटों में सोलर प्लांट लगाने में महिलाओं को 90 प्रतिशत सब्सिडी का प्राविधान है। टीएचआर प्लान्टो में जहां भी सोलर प्लांट लगायें गये हैं, उनमें सभी को सब्सिडी दे दी गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बनाये गये 14 इनक्यूबेशन सेंटरों में मशीनरी आदि की व्यवस्था कराते हुए उनके संचालन के लिए त्वरित गति से कार्यवाही की जाये। इन सेन्टरों को टीएचआर प्लान्टो को चलाने वाले स्वयं सहायता समूहों से संचालित कराने के लिए प्राथमिकता दी जाये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेगा फूड पार्क की स्थापना पर विशेष रूप से फोकस किया जाये इससे किसानों को बहुत फायदा होगा। कहा कि प्रयागराज में होने वाले कुम्भ में भी विभाग के माध्यम से स्थापित फूड प्रोसेसिंग यूनिटों के उत्पादों के स्टाल लगवाये जांय।

# कांग्रेसियों ने खराब कानून व्यवस्था पर किया प्रदर्शन

## अविनाश पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर बुधवार को प्रदेश के 16 मंडलों पर उत्तर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था एवं पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेसजनों ने विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में लखनऊ स्थित शहीद स्मारक

- प्रदेश में बढ़ता अपराध चिंता का विषय : अजय राय
- भारत में जुर्म की राजधानी बन चुका है यूपी : आराधना मिश्रा

पर कांग्रेस महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव सह प्रभारी धीरज गुर्जर एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना संयुक्त नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर मण्डलायुक्त



लखनऊ मण्डल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रदर्शन में उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अभी कुछ ही दिनों पूर्व ही रायबरेली में हमारे एक युवा साथी अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई और पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी को बचाने का पूरा प्रयास किया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी स्वयं रायबरेली पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले एवं कांग्रेस के सहयोग का आश्वासन दिया एवं प्रदेश सरकार से सभी आरोपियों का सख्त से सख्त सजा दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आये दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, ऐसे हालात में हमारी हमारी मातृ शक्ति सुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं। पुलिसिया उत्पीड़न चरम पर है फिर चाहे वह अभिरक्षा में हत्या का मामला हो या फर्जी एनकाउंटर का मामला हो। मंगेश यादव का एनकाउंटर किसी भी सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जिस तरीके से प्रदेश में अपराध बढ़ा है वह बहुत ही चिंता का विषय है। योगी सरकार अपनी भूमिका का निर्वहन करने में पूरी तरह से नाकाम रही है। आज प्रदेश के 16 मण्डलों पर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर प्रदेश की इस ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ अपनी आवाज इस बहरी सरकार के कानों तक पहुंचा रहा है। अगर अब भी सरकार न चेती तो हम प्रदेश व्यापी वृहद आंदोलन करेंगे। कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पिछले सात सालों से प्रदेश में काबिज योगी आदित्यनाथ की सरकार जीरो टॉलरेंस की बात तो करती है मगर सच्चाई इसके बिलकुल विपरीत है। सच तो यह है उत्तर प्रदेश पूरे भारत में जुर्म की राजधानी बन चुका है।

# 35 जिलों में दिया जायेगा भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा पर प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय सेना के मुख्यालय मध्य कमान द्वारा आज पश्चिम उप्र सब एरिया, मेरठ कैंट में प्रदेश के 35 भूकम्प आपदा के प्रति संवेदनशील जिलों के साथ भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा पर एक्सरसाइज 'समन्वय' के आयोजन के लिए राज्य स्तरीय सिप्सोजियम कम टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत राजेंद्र सिंह, पीवटीवएम.एटीवएम., सदस्य एवं विभाग प्रमुख, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य अभिभाषण से हुई। टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, पी.वी.एस.एम.ए.वी.एस.एम, वीएसएमए (से.नि.) की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्र और अन्य वरिष्ठ सेना और राज्य और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राजेंद्र सिंह, पीवटीवएम.एटीवएम., सदस्य एवं विभाग प्रमुख, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण



- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय सेना के मुख्यालय मध्य कमान एक्सरसाइज 'समन्वय' के लिए राज्य स्तरीय सिप्सोजियम कम टेबल टॉप एक्सरसाइज का होगा आयोजन

के मुख्य अभिभाषण हुई। राजेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 35 जनपद भूकम्प आपदा के प्रति संवेदनशील है। भूकंप एक ऐसी आपदा है जिसकी कोई प्रारंभिक चेतावनी नहीं है, परंतु हमें ऐसी परिस्थितियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा। इस आपदा के कारण विभिन्न दुर्घटनाएं और भी होती है जैसे अग्निदुर्घटना, कारखानों में केमिकल की घटना इत्यादि, जिनका प्रभाव भी हम सब पर पड़ता है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने अपने उद्घाटन भाषण में उल्लेख किया कि टेबल टॉप अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सभी स्टेक होल्डर को प्रदेश में भूकम्प एवं अग्नि दुर्घटना के जोखिम, संवेदनशीलता और इसके प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था, जिससे ऐसी आपदा के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय से प्रतिक्रिया करने में सक्षम रहें। पश्चिम उप्र सब एरिया, मेरठ कैंट में इसका आयोजन भी इसी कारण किया गया क्योंकि प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों के जनपद भूकम्प संवेदनशीलता के जोन-4 में आते हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के पर्यवेक्षक भी इसमें शामिल हुए, क्योंकि इस क्षेत्र में आने वाले किसी भी भूकंप का प्रभाव सभी सीमावर्ती राज्यों पर भी पड़ता है। लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्र जनरल ऑफिसर कमांडिंग उत्तर भारत ने बताया कि भारतीय सेना किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार हैए उत्तर प्रदेश में किसी आपदा की घटना होने पर पूर्ण सहयोग किया जाएगा। एक्सरसाइज 'समन्वय' से केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियों, केंद्र और नागरिक समाज संगठनों सहित प्रतिक्रिया बलों के विभिन्न विभागों के स्टेक होल्डरों के बीच आपसी समन्वय एवं जानकारियों को आपस में साझा करने में महत्वपूर्ण सहयोग भी मिलेगा। टेबल टॉप अभ्यास की शुरूआत भूकम्प और अग्नि खतरों के प्रबंधन पर चर्चा से शुरू की गयी तथा डॉ. एचएस मंडल, वैज्ञानिक एफ ने भूकंप की निगरानी, पूर्व चेतावनी के संबंध में व्याख्यान दिया।

# राजभवन में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत बुधवार राजभवन उत्तर प्रदेश में विशेष सफाई अभियान का संचालन हुआ।



इस अभियान में राज्यपाल द्वारा स्वयं प्रतिभाग किया गया एवं राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगणों ने सक्रिय सहभागिता की। राजभवन में संचालित इस विशेष अभियान का राज्यपाल जी द्वारा निरीक्षण भी किया गया। विदित है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से शुरू होकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान पूरे देश में संचालित हो रहा है। इसी क्रम में राजभवन उत्तर प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारीगणों ने राजभवन परिसर के हर कोने की सफाई की। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की 10 वीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है। सेवा पखवाड़े के दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन राजभवन में किया जायेगा।

# एक व चार भूखण्ड को जोड़कर बना सकेंगे मकान व कॉम्प्लेक्स

## 15 मीटर इमारत का कराना होगा स्ट्रक्चरल ऑडिट, आवास विकास परिषद बोर्ड ने कई अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आवास विकास की योजनाओं में आवासीय श्रेणी के दो व कामर्शियल के चार भूखण्डों को मिलाकर एक साथ बड़े भूखंड पर निर्माण कराया जा सकेगा। इसके लिए नक्शा भी पास हो सकेगा। इन दोनों भूखंडों को एक ही भूखंड मानकर विक्रय की अनुमति भी मिलेगी। हालांकि इसके लिए आवंटियों को निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। बुधवार को प्रमुख सचिव आवास व अध्यक्ष आवास विकास परिषद की अध्यक्षता में बोर्ड ने यह प्रस्ताव पास कर दिया है।

बैठक में आवास आयुक्त बलकार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। परिषद ने दीपावली तक लखनऊ में नई जेल रोड योजना को भी लांच करने की तैयारी की है। साथ ही सुल्तानपुर रोड की प्रस्तावित चार योजनाओं में से दो को निरस्त कर दिया है। इसके अलावा बोर्ड ने 15 मीटर या उससे ऊंची इमारत का स्ट्रक्चरल ऑडिट होने के बाद भी कम्प्लीशन सर्टिफिकेट देने का निर्णय लिया है। बोर्ड में पास किये प्रस्ताव की जानकारी देते हुए आवास विकास परिषद के अपर आवास आयुक्त व सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि दो भूखंडों को एक करने की प्रक्रिया के लिए प्रक्रिया शुल्क लिया जाएगा। आवासीय भूखण्डों को जोड़ने के लिए आरक्षित दर का 2 प्रतिशत व कामर्शियल भूखण्डों के लिए आरक्षित दर का 5 प्रतिशत आमेलन शुल्क देना होगा। जिन भूखंड को एक किया जाएगा, उन भूखंडों का आवंटी एक ही होना चाहिए। परिषद के इस फैसले से बड़ी संख्या में ग्रुप हाउसिंग व काम्प्लेक्स बनाए जा सकेंगे। ट्रांसपोर्ट नगर योजना में सात मीटर की तीन मंजिला इमारत के ढहने के बाद अब आवास विकास परिषद भी अपनी योजनाओं में ऊंची इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट करायेगा। बोर्ड में पास किये प्रस्ताव की जानकारी देते हुए सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग में 15 व इससे ऊंचे टावर बनाने पर यह ऑडिट आईआईटी, एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से कराना होगा। इसके बाद ही पूर्णता प्रमाणपत्र (कम्प्लीशन सर्टिफिकेट) दिया जाएगा।

### देवा रोड पर शालीमार को टाउनशिप की मंजूरी

आवास विकास अब बाराबंकी में देवा रोड पर योजना नहीं लाएगा। वर्ष 2016 में यहां खजूर गांव के पास 46 एकड़ में आवासीय योजना लाने का निर्णय बोर्ड ने लिया था। हालांकि धारा 28 के तहत नोटिफिकेशन की कार्रवाई नहीं की गई थी। अब यहां निजी बिल्डर शालीमार इंटीग्रेटड टाउनशिप लांच करेगा। शालीमार ने करीब 60 फीसदी जमीन खरीद ली है। इस आधार पर बिल्डर ने आवेदन किया है जिसे बोर्ड ने लाइसेंस देने का निर्णय लिया है। हालांकि आवास विकास के इस फैसले पर सवाल भी उठ रहे हैं। आठ साल तक परिषद ने योजना को शुरू करने पर कोई काम नहीं किया और अब बिल्डर के लिए योजना को छोड़ने का फैसला कर लिया है।

### एकल बोली पर संपत्तियां बेचेगा परिषद

दस बार से अधिक नीलामी में लगाने के बाद भी करीब 11हजार संपत्तियां नहीं बिक पा रही हैं। इसके चलते परिषद की बोर्ड ने निर्णय लिया है कि अब नीलामी में सिंगल बिड आने पर भी उन्हें बेच देगा। सचिव ने बताया की विभिन्न योजनाओं में काफी समय से कई भूखण्ड रिक्त पड़े हैं, जिन्हे अलोकप्रिय संपत्ति भी घोषित कर दिया गया है। ऐसे भूखण्डों को नीलामी में लगाने के बाद अगर सिंगल बिड ही आती है तो परिषद उसे उन्ही को ही बेच देगा। हालांकि सिंगल बिड आने पर इसकी जानकारी प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद भी किसी के दिलचस्पी न लेने पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

### सरकारी कर्मचारियों को 50 प्रतिशत पर मिलेगा कब्जा

अलोकप्रिय संपत्तियों को निकालने के लिए परिषद ने निर्णय लिया है कि सरकारी व अर्द्धसरकारी कर्मचारियों समेत निगमों व सैन्य प्रशासन को पहले आओ पहले पाओ के तहत आवंटन में रियायत देगा। आवंटन के बाद 50 फीसदी पैसा जमा करने व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 70 प्रतिशत पैसा देने पर कब्जा दिया जाएगा। इसके अलावा 6 से 10 साल की किश्तों में बाकी का पैसा जमा कर सकेंगे। दस हजार से अधिक फ्लैट व भूखण्ड रिक्त पड़े हैं।

### एक लाख किसानों को मिलेगा अधिक मुआवजा

परिषद की पुरानी योजना में किसानों से मुआवजे को लेकर चल रहे विवादों को भी समाप्त करने की पहल की गयी है। अब वर्ष 2014 के शासनादेश के अनुसार किसानों से अधिग्रहित की गयी भूमियों के सापेक्ष प्रतिकर देने का प्रस्ताव पास किया गया है। सचिव ने बताया कि 25 जिलों की 42 परियोजनाओं में किसानों से प्रतिकर को लेकर विवाद था। इस प्रस्ताव के पास होने से किसानों को दो व चार गुना की दर से मुआवजा मिल सकेगा। इससे करीब एक लाख किसानों को फायदा होगा तो परिषद की रूकी योजना आगे बढ़ सकेगी। किसानों की मांग थी की उन्हें बढ़ी हुई दर से मुआवजा दिया जाये, जबकि परिषद प्रशासन किसानों को धारा 28 के समय निर्धारित दर के अनुसार अधिग्रहित भूमि की गणना कर रहा था। जिसके चलते किसान आन्दोलित थे तथा विकास कार्य नही करने दे रहे थे। परिषद के इस फैसले से आगरा की अतरौनी, मथुरा व कानपुर की योजना को गति मिलेगी।

### मेरठ की लिसाड़ी में आवासीय योजना

आवास विकास मेरठ के लिसाड़ी में आवासीय योजना ला रहा है। यहां साढ़े पांच एकड़ में जमीन भी खरीद ली है। धारा 31(1) के तहत कार्रवाई के लिए शासन की अनुमति के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है।

### सुल्तानपुर रोड पर दो योजनाएं एलडीए के लिए छोड़ी

आवास विकास परिषद ने सुल्तानपुर रोड पर चार आवासीय योजनाएं लाने की तैयारी की थी। यह चारों योजनाओं के लिए करीब 8949 एकड़ का खाका तैयार किया गया था। मगर दो योजनाओं लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन पर एलडीए ने प्रस्ताव पास किया है। इससे अब आवास विकास ने प्रस्तावित चार योजनाओं में से दो को निरस्त कर दिया है। अब योजना संख्या 2 और 4 को एलडीए लांच करेगा तो योजना संख्या 1 और 3 को आवास विकास लांच करेगा। इसके लिए करीब 4500 एकड़ जमीन पर नई योजना आएगी। हालांकि इस योजना का प्रस्ताव साल 2020 में लाया गया था। चार साल गुजरने के बाद भी अभी योजना का 30 फीसदी काम भी पूरा नहीं हो पाया है। सचिव ने बताया नई जेल रोड पर 250 एकड़ में नई योजना जल्द लांच होगी। इसमें करीब 70 फीसदी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। दिवाली पर इसको लांच करने की तैयारी की जा रही है। इन दोनों और अयोध्या में एक योजना के लिए आवास विकास ने शासन से 2500 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत इसमें से करीब 1000 करोड़ रुपये शासन से अनुदान मिलेगा।

### 42 साल से मेरठ पुलिस का है कब्जा, अब 1.45 करोड़ में खरीदेगी

मेरठ के ट्रांसपोर्ट नगर में 1982 में हुए दंगे के दौरान पुलिस को आवास विकास परिषद ने 12 दुकान और एक ऑफिस कंपलेक्स अस्थाई तौर पर दिया था। इसके बाद पिछले 42 साल से पुलिस ने यहां से अपना कब्जा नहीं छोड़ा था। पुलिस के ऑफिस यहां विकसित किया जा चुके हैं। अब आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक में यह तय किया गया है कि अब यह जमीन वर्तमान दर पर पुलिस विभाग को बेची जाएगी। इसके लिए करीब 1.45 करोड़ रुपये पुलिस विभाग देने को तैयार है।

### सैनिकों से खाली करायी जायेगी दो हेक्टेअर जमीन

सुल्तानपुर रोड पर अवध बिहार योजना में सेवारत व सेवानिवृत्त सैनिकों से जमीन खाली करायी जाएगी। यहां आवास विकास करीब दो हेक्टेअर जमीन खाली होगी जबकि इसके बदले सैनिकों को 0.5 हेक्टेअर जमीन दी जाएगी। प्रस्ताव के तहमत 50 प्रतिशत जमीन व 60 से 200 मीटर के प्लाट दिए जाएंगे। 25 सैनिकों ने सहमति दे दी है। जल्द ही वार्ता के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो रिटायर्ड अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय

भ्रष्टाचार के मामले में दो सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी सुधीर कुमार व सेवानिवृत्त संपत्ति प्रबन्धक मिर्जा जावेद कदर के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति का निर्णय लिया गया है। जिसमें सुधीर कुमार पर आरोप था कि तैनाती के दौरान सिंकन्दराबाद योजना आगरा योजना में भूखण्ड की दरों में गलत रिपोर्ट देने पर जांच की अनुमति देने समेत मिर्जा जावेद पर लखनऊ में तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार का आरोप है। इससे वित्तीय क्षति होने पर 1.23 लाख रुपये के राजस्व के हानि की वसूली करने का निर्णय लिया गया है।

### सुल्तानपुर रोड की दो योजनाएं एलडीए के लिए छोड़ी

मोहान रोड पर आवास विकास परिषद 4 खण्डों में आवासीय योजना लेकर आ रहा था। योजना संख्या एक,दो ,तीन व चार बोर्ड बैठक मे स्वीकृत भी हो चुकी थी। लेकिन इन चारों योजनाओ में से योना संख्या 2 और 4 अब वह नहीं लांच करेगा। अब यह योजना एलडीए लांच करेगा। परिषद ने उक्त दोनो योजनाओं को एलडीए के लिए छोड़ दिया है। योजना संख्या 1 और 3 पर परिषद स्वंय अपनी योजना बसाएगा। इसके लिए करीब 4500 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी। हालांकि इस योजना का प्रस्ताव साल 2020 में लाया गया था।

### अनिर्माण शुल्क व समयवृत्ति के पुनः निर्धारण का प्रस्ताव पास

परिषद की सभी योजनाओं में लीज पर आवंटित आवासीय संपत्तियों के लिए अनिर्माण शुल्क व समयवृत्रि के पुनः निर्धारण का प्रस्ताव पास किया गया है। 10 साल तक भूखण्ड पर निर्माण न करने पर 11वें साल से 5 प्रतिशत अनिर्माण शुल्क 20 साल तक देना होगा जबकि इसके बाद 10 प्रतिशत शुल्क देना होगा। वहीं लाइट हाउस प्रोजेक्ट की डिजाइन में बदलाव के बाद परिषद से अनुमति नहीं ली गई थी। इस बाउबत शमन शुल्क निर्धारण कर दिया गया था। जिसे मुक्त कर दिया गया है।

# अयोध्या में बनेंगे तीन अत्याधुनिक जलाशय और 12 वाटर टैंक

## यह टंकियां इस तरह से बनायी जायेंगी जो पर्यटकों को आकर्षित करेंगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या में अपनी आवासीय योजना में आवास विकास परिषद अत्याधुनिक तीन विशाल कुण्ड व तालाब विकसित करेगा। यहां 12 अनोखी व अदभुत पानी की टंकियां भी बनायी जाएंगी।

यह टंकियां इस तरह से बनायी जाएंगी जो पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। आवास विकास परिषद बोर्ड ने बुधवार को इसकी मंजूरी दे दी। इसके अतिरिक्त आवास विकास बोर्ड ने अयोध्या में सड़कों व अण्डरपासके निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। आवास विकास परिषद अयोध्या में करीब 1800 एकड़ में अपनी आवासीय योजना विकसित कर रहा है। इस योजना में पहले सरयू नदी की तर्ज पर सरयू नहर बनाने का प्रस्ताव था। लेकिन आई आईटी रूड़की ने इसे निरस्त कर दिया था। इसे फिजबिल नहीं बताया था। इसकी जगह अब अयोध्या में तीन विशाल कुण्ड व जलाशय बनाए जाएंगे। यह 10-10 एकड़ से बड़े क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। यह बहुत ही अत्याधुनिक होंगे। इनमें घाट भी होगा और पाथवे भी होगा। इन कुण्ड के पानी को साफ करने के लिए नीचे फिल्टरेशन प्लाण्ट भी लगेगा। पानी के अत्यधिक गंदा होने पर इसे बाहर निकालने की सुविधा भी रहेंगी। वॉकिग ट्रैक, जिम, योगा सेंटर, पार्क, पूजा स्थल सहित अन्य तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं भी इन कुण्डों के परिसर में विकसित होंगी। अयोध्या की इस योजना में आवास विकास कुल 12 पानी की टंकियां बनाएगा। इन पानी की टंकियों से जहां इस नयी योजना में पानी की सप्लाई होगी वहीं यह अयोध्या में आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र भी होंगी।

अपर आवास आयुक्त व सचिव डा. नीरज शुक्ला ने बताया कि पानी की टंकिया इन टंकियां को लेकर सेल्फी ली जा सकेगी। इसके लिए अलग से सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे। इनकी डिजाइन अयोध्या की थीम पर ही आधारित होगी।

# पेयजल, कूड़ा प्रबंधन पर 15वें वित्त से खर्च होंगे 50 करोड़

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वायु गुणवत्ता सुधार मद के अन्तर्गत मियाबाकी पद्धति से प्लान्टेशन व अन्य पौधरोपण के कार्य, नगर निगम सीमान्तर्गत क्षेत्र के विभिन्न क्षतिग्रस्त मार्गो की मरम्मत एवं निर्माण कार्य एवं शिवरी प्लान्ट व अन्य स्थलों

- सीएम ग्रिड योजना से फेज दो में सड़क बनाने का प्रस्ताव तैयार

पर वाटर फाउन्टेन का कार्य के होंगे। इसके लिए 15वां वित्त आयोग से 16.48 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर सुषमा खर्कवाल की



अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक बुधवार को हुई जिसमें नगर आयुक्त, जिलाधिकारी महोदय के प्रतिनिधि, समस्त अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत अमृत योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों मे निकायाशं के रूप में 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। नगर की पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए नये ट्यूबेल की स्थापना, रिबोर का कार्य, ठोस कूड़ा प्रबन्धन के लिए पीसीटीएस, एफसीटीएस एमआरएफ सेन्टरों के कार्यों एवं आर आर विभाग को मशीनों आदि के खरीदने के लिए 62 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सीएम ग्रिड फेस-2 के अन्तर्गत महात्मा गांधी मार्ग से राणा प्रताप मार्ग तक (मोती महल मार्ग) समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य विभूति खण्ड में मण्डी परिषद कार्यालय के बगल से टेक्नो टावर के सामने तक, पिकप भवन के पीछे से डा. चन्द्रा क्लीनिक तक पीएनबी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के बगल से बस डिपो तक, आईजीपी चौराहा से मारुति सुजकी शोरूम तक एवं एल्डिको एलीगेन्स से टीएलएफ माई पैट होते हुए समिट बिल्डिंग तक समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य एवं चिनहट द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत अयोध्या मार्ग सर्विस रोट विशाल मेगा मार्ट से अवध बस स्टेशन तक समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य कराये जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की मंजूरी दी गई।

# समाज में दिव्यांगों के लिए हो रहा कार्य : प्रमुख सचिव

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चन्द शर्मा ने कहा कि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाना है। यह

- उत्तर प्रदेश राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का 26वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

कार्यालय समाज में दिव्यांगजनों की मुख्यधारा में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आज इस समारोह का आयोजन कर हमें गर्व महसूस हो रहा है, और हमें इस दिशा में और आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का 26वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को लखनऊ में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरूआत और वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, सुभाष चन्द शर्मा, प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह के दौरान श्रवणबाधित दिव्यांगजनों को हियरिंग एड्स तथा चलन क्रिया से ग्रसित दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल और व्हीलचेयर प्रदान की गईं। साथ ही, टीसीआई एक्सप्रेस फाउंडेशन, जयपुर फुट और पुनर्वास केंद्र लखनऊ के सहयोग से 12 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह कार्यक्रम न केवल दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने का मंच बनाए बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन भी दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, लखनऊ द्वारा एक विशेष दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया गया।

### यीडा में 500 करोड़ का होगा निवेश

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार उत्तर प्रदेश में निवेश को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ई-ऑक्शन के माध्यम से बड़ी धनराशि की बिड हासिल की है। 1000 वर्ग मीटर के कुल 45 भूखंडों के लिए सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस ई-ऑक्शन के जरिए यीडा क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए का निवेश संभव हो सकेगा। यही नहीं, परियोजनाओं के क्रियाशील होने पर यहां 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इससे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास में भी गतिशीलता आएगी। उल्लेखनीय है कि यीडा क्षेत्र में योगी सरकार विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूखंड उपलब्ध करा रही है। इसमें विभिन्न औद्योगिक समूह अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

# स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनाया फाउंडर्स डे

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस की सभी शाखाओं की छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने आज फाउंडर्स डे मनाया। महाप्रबंधक हर्षित सिंह और शिखर पाल सिंह के दिशा निर्देशन में औषधीय पौधों के साथ-साथ अन्य पौधों को लगाया गया। कक्षाओं में बच्चों ने हरित कोना बनाया। वृंदावन सेक्टर- 9 शाखा ने गोमती नगर स्थित जीवाश्रय में पालतू जानवरों के लिए उपयोगी वस्तुओं व खाद्य पदार्थों को भेंट किया। आम्रपाली योजना के शाखा के छात्रों ने आज स्कूल के आसपास जाकर पौधा वितरित किया। पारा स्थित हेड ऑफिस में भी पौधारोपण किया गया। असेनी मोड़, बाराबंकी शाखा में संस्थापक - अध्यक्ष डॉ. एस.पी.सिंह (सांसद) ने अपने प्रेरक व्याख्यान के माध्यम से शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को समाज निर्माण में अपना श्रेष्ठतम योगदान करते रहने का आह्वान किया।



# स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना लक्ष्य

## पंचायतीराज मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा के तहत विभागीय आयोजन का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार पंचायतीराज निदेशालय के ऑडीटोरियम में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना इस अभियान का लक्ष्य है। हम स्वयं स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कार्य करेंगे तभी लोग प्रेरित होंगे और स्वच्छता अभियान से जुड़ेगे।

पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता जो जिम्मेदारी हमें मिली है उस कार्य को हमें पूरी तत्परता एवं लगनता के साथ करना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राधनमंत्री एवं मुख्यमंत्री के स्वच्छता के विजन को सफल बनाये। स्वच्छता का अभियान 25 करोड़ की आबादी के हित से जुड़ा हुआ है। ऐसे में पंचायतीराज विभाग पर बड़ी जिम्मेदारी है। कोई भी योजना जब तक जन-जन तक ना पहुंचे तब तक सफल नहीं हो सकती। पंचायतीराज विभाग द्वारा क्रियान्वयन गांव स्तर पर होता है। इस लिए स्वच्छता अभियान के सफलता की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पंचायतीराज विभाग पर है। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन सुल्तानपुर में 400 मी. लंबे नाले की सफाई करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर सफाई कर्मियो को स्वच्छता किट एवं व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियो को 12 हजार रुपए का चेक मंत्री द्वारा प्रदान किया गया। इसके अलावा पीएम स्वनिधि, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, स्वनिधि योजना, सीएम युवा रोजगार योजना, कन्या शुभमंगला योजना, जल जीवन मिशन के लाभार्थियो को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषण ने कहा कि स्वच्छता जब तक हमारे स्वभाव से संस्कार में नहीं आयेगा तब तक स्वच्छता का अभियान का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने स्वच्छता के लिए 3 आर का कॉनसेप्ट समझाया है। उन्होंने कहा कि रिडयूज, रिसाइकल एवं रियूज के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम को बेहतर बनाया जा सकता है।


**कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)**
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश**
तृतीय तल, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांकः नि.ख./लखनऊ/ई–निविदा/2024–975 दिनांकः 18.09.24

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस) द्वितीय आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के निर्माण हेतु ई–निविदा (E-Tendering) के माध्यम से मण्डी परिषद में वॉछित श्रेणी में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.09.2024 की पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 03.10.2024 की अपरान्ह 3:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेंगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) (रूपये में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य की अनुमानित लागत (सिविल कार्य) (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपमण्डी स्थल मलिहाबाद में 02 नग 12X72 मी० खुले नीलामी चबूतरों को छायादार नीलामी चबूतरों में परिवर्तित करने का कार्य। 2024_RKUMP_956814_1 | 10900.00 | 5.07 | 61.28 | 02 माह | 'स' |
| 2 | नवीन मण्डी स्थल शाहाबाद में 02 नग छायादार नीलामी चबूतरे (12 x 44) मी० एवं 01 नग छायादार नीलामी चबूतरा (12 x 88) मी० की मरम्मत, 02 नग छायादार नीलामी चबूतरे के चारों ओर एप्रेन, 04 नग आर०सी०सी० क्रासिंग/कल्वर्ट, डीप ड्रेन, सासर ड्रेन का निर्माण तथा मुख्य गेट के सामने सी०सी० रोड एवं आन्तरिक सड़कों पर हाटमिक्स पद्धति से 04 से०मी० मोटाई में बिटुमिनिस कंक्रीट का निर्माण कार्य। 2024_RKUMP_956815_1 | 29500.00 | 10.25 | 164.98 | 04 माह | 'ब' |

**नियम एवं शर्तें–**
1. ई–निविदा के मूल्य हेतु निर्धारित धनराशि भारतीय स्टेट बैंक, गोमती नगर लखनऊ में उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, लखनऊ के संचालित खाता संख्या–30394513612 आई०एफ०एस० कोड– SBIN0009916 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या–30394514140 आई.एफ.एस. कोड– SBIN0009916 में आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य हैं।
2. धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य आनलाइन जमा न किए जाने तथा जमा रसीद ई–निविदा के साथ अपलोड के बिना प्रस्तुत की गयी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा तथा निविदायें प्रथम दृष्टया ही निरस्त कर दी जायेगी।
3. नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (टी–4), नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5) एवं शपथ पत्र (टी–6) पर स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो तथा मण्डी परिषद/पी०डब्लू०डी०, आर०ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन० एवं यू०पी०पी०सी०एल० विभाग में पंजीकृत/नवीनीकरण होने का साक्ष्य ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऐसे निविदादाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है वह टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।
5. निविदा के साथ रु० 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. जी०एस०टी० का भुगतान एवं आयकर की कटौती नियमानुसार चालू देयकों से की जायेगी।
7. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

नोटः समस्त नियम व शर्तें ई–निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

उपनिदेशक (निर्माण)

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# डिजिटल ठगी मामले में पांच आरोपी और गिरफ्तार

- लखनऊ में डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे 2.81 करोड़ रुपये, अब तक 11 पकड़े गये

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने पीजीआई की डॉक्टर से ठगी करने वाले गैंग के 5 और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अब तक 11 ठगों को पकड़ा गया है। एसटीएफ ने गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश शुरू कर दी है। ठगों ने डॉक्टर रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ रुपए वसूले थे।

एसटीएफ के मुताबिक, मुखबिर ने बताया कि ठगी करने वाले कुछ लोग लखनऊ के पॉलिटेक्निक चौराहा वेब मॉल के पास खड़े हैं। सभी फरार होने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही एसटीएफ की टीम पॉलिटेक्निक चौराहा पहुंची और गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। ठगों की पहचान बिहार सीतामढ़ी सुरसंड का रहने वाला ऋषिकेश कुमार उर्फ मयंक, पटना बाढ़ का रहने वाला गोपाल कुमार उर्फ रोशन, बिहार समस्तीपुर का रहने वाला गणेश कुमार, चंदौली सकलडीहा का रहने वाला मणिकान्त पाण्डेय और वाराणसी सारनाथ के राजेश गुप्ता के रूप में हुई।

**टेलीग्राम ऐप से डाटा चुराते, फिर करते साइबर फ्रॉड:** पकड़े गए आरोपियों के पास से 2.42 लाख रुपए, 15 चेक बुक, 18 एटीएम, 8 यूपीआई स्कैनर, सात मोबाइल और दो लैपटाप बरामद हुए हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि ये लोग टेलीग्राम ऐप पर स्कैमर और हैकरों के अकाउंट से लोगों का डाटा चुराते हैं। उसके बाद उनके विषय में जानकारी जुटाकर उनके साथ साइबर फ्राड करते।

**लोगों को पैसा का लालच देकर हासिल करते थे आईडी:** एसटीएफ की पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि गिरोह के सभी सदस्यों का अपना-अपना काम बंटा है। ऋषिकेश उर्फ मयंक, गोपाल उर्फ रोशन उर्फ राहुल और गणेश लोगों से बात करने का काम करते हैं। वहीं मणिकांत पाण्डेय उर्फ मिश्रा और राजेश गुप्ता बैंक खाते और इंटर नेट बैंकिंग के आईडी पासवर्ड का इंतजाम करते हैं। इसके लिए लोगों को पैसा देकर उनकी आईडी से खाता खुलवाते थे। जिसके बाद उस खाते के एटीएम, पासबुक, चेकबुक और रजिस्टर्ड मोबाइल का सिम अपने पास रख लेते थे। जिससे ओटीपी की दिक्कत न हो।

**बायनेन्स ऐप से पैसे करते थे ट्रांसफर:** एसटीएफ के मुताबिक, उड़ीसा बरगढ़ टाउन की रहने वाली हरिप्रिया प्रधान साइबर ठगी का गिरोह चला रही थी। हरिप्रिया के अलावा प्रयागराज छोटा बघाड़ा का रहने वाला साथी जितेंद्र कुमार यादव और गाजीपुर के भुड़कुड़ा के हितेश को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि खुद को पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को धमकी देकर अपने जाल में फंसाते थे। उसके बाद उनकी जानकारी लेकर उनके खाते से अपने खातों में रुपए मंगवाते थे। फिर उन रुपए को बायनेन्स ऐप पर थर्ड परशन के खातों में ट्रांसफर करते थे।

**अब तक एसटीएफ 11 को भेज चुकी है जेल:** एसटीएफ ने मामले में लखनऊ के फैज उर्फ आदिल, मो. उसामा व मनीष कुमार, संतकबीरनगर के दीपक शर्मा, लखनऊ कुर्सी रोड के फैजी बेग व मिजार्पुर के आयुष यादव को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उड़ीसा की हरिप्रिया प्रधान, प्रयागराज के जितेंद्र और गाजीपुर के हितेश के साथ ही जयपुर झालावाड़ के लोकेश और राजस्थान बूंदी निवासी पवन जैन को पकड़ा था।

**ऑनलाइन करते थे यूएसटीडी (क्रिप्टो करेंसी) की ट्रेडिंग:** पूछताछ में यह भी बताया कि यह लोग ठगे गए रुपए से वरळऊ( क्रिप्टो करेंसी) का ऑनलाइन खरीद कर ऑनलाइन ही बेच देते थे। यदि उस यूएसटीडी को थर्ड पार्टी के माध्यम से बेचते हैं, तो उसके अच्छे दाम मिल जाते हैं।

**सीबीआई अधिकारी बनकर किया था ब्लैकमेल:** डॉ. रुचिका टंडन ने 10 अगस्त को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। उनका आरोप था कि एक अगस्त को एक कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था। उसके बाद उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स सप्लाई का आरोप लगाकर डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही। जिसके बाद उनसे 2.81 करोड़ रुपए ठग लिए थे। इस मामले में पुलिस ने 30 लाख रुपए फ्रीज करा दिए। बाकी रकम को अभी रिकवर नहीं कर पाई है।

## 421वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत एन्क्राइट आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल परवर पूरब, मोहनलालगंज, लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 421वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता हंस ने अपने पूर्वजों की स्मृति में के लिए भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं चिकित्सकों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि साहित्य मानवीय गरिमा का बोध कराता है। संस्थान के चेयरमैन डॉ. कीर्ति कुमार एवं श्रीमती ऊषा सिंह अपने ने अपने विचार रखे, (डॉ.) कमल सचिदेवा, ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री, देवेन्द्र सिंह, विजय, श्रीमती ऊषा सिंह एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ. कीर्ति कुमार, निदेशक इं. इशान अरोड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रितिका अरोड़ा, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) इंद्रेश कुमार सिंह, एकेडमिक प्राचार्य प्रो. डॉ. अरूण कुमार पाणिग्राही, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कमल सचिदेवा, विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले शोहदे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के मड़ियांव इलाके में 11वीं कक्षा की छात्रा से स्कूल आते-जाते छेड़छाड़ करने वाले शोहदे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने खुद को शोहदे के डर से घर में कैद कर लिया था और स्कूल भी नहीं जा रही थी। बताया जा रहा है कि छात्रा जब भी निकलती थी उसे शेहदा लगातार परेशान किया करता था। फिलहाल पुलिसने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

मड़ियांव पुलिस ने पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज कराए। वहीं दूसरी तरफ छात्रा को परेशान करने वाले जैद को मंगलवार देर शाम गिरफ्तार कर पूछताछ की। मड़ियांव इलाके में परिवार के साथ रहने वाले इलेक्ट्रिशियन ने गुरुवार को मड़ियांव थाने में शोहदे जैद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बताया जा रहा है कि बेटी इलाके के एक प्राइवेट स्कूल में 11वीं में पढ़ती है। जिसको गुरुवार को सुबह आठ बजे स्कूल जाते वक्त कसाई बाड़ा निवासी जैद ने अश्लीलता की थी। छात्रा उसकी हरकत से परेशान होकर घर लौट आई। खुद को कमरे में बंद कर देर तक रोती रही थी। परिजनों का कहना है कि स्कूल के लोगों ने फोन कर बेटी के स्कूल न आने की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि आखिर बेटी स्कूल के गेट से आकर क्यों लौट गई। जैसा कि स्कूल के बाहर सीसीटीवी में दिख रहा है, कि वह स्कूल तक आई और बाहर से ही लौट गई। जिसके बाद बेटी से पूछताछ की। जिसमें सामने आया कि एक लड़का उसको स्कूल आते-जाते परेशान कर रहा है।

## विश्व के टॉप वैज्ञानिकों में बीबीएयू के 12 शिक्षक शामिल

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के 12 शिक्षकों ने विश्व के टॉप दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में अपनी जगह बनायी है। यह सूची प्रतिवर्ष अमेरिका के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रो. जॉन आयोनिडिस के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम द्वारा तैयार एवं एल्सेवियर बीवी द्वारा प्रकाशित की जाती है, जिसमें विभिन्न विषयों में शोध कर रहे वैज्ञानिकों को उनके शोध प्रकाशनों की संख्या, गुणवत्ता एवं साईटेशन के आधार पर शामिल किया जाता है। कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं एवं उनकी इस सफलता को विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2023 में लगभग 8.5 लाख वैज्ञानिकों में विश्व के टॉप दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में बीबीएयू के प्रो. नवीन कुमार अरोरा को 20,605 रैंक के साथ इनेबलिंग एण्ड स्ट्रैटेजिक टैक्नोलॉजिज के क्षेत्र में, प्रो. राम नरेश भार्गव को 26,140 रैंक एवं प्रो. राम चन्द्रा को 26,719 रैंक के साथ अर्थ एवं एन्वॉयरमेंटल साइंसेज के क्षेत्र में, डॉ. जयशंकर सिंह को 36,418 रैंक के साथ एग्रीकल्चर, फिशरिज एण्ड फोरेस्ट्री के क्षेत्र में, डॉ. आदित्य खम्पारिया को 63,716 रैंक के साथ इन्फार्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टैक्नोलॉजिज के क्षेत्र में, प्रो. बाल चंद्र यादव को 1,17,651 रैंक एवं प्रो. राजेश कुमार को 1,36,484 रैंक के साथ इनेबलिंग एण्ड स्ट्रैटेजिक टैक्नोलॉजिज के क्षेत्र में, प्रो. बीएस भदौरिया को 2,23,715 रैंक के साथ इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, डॉ. अभिषेक वर्मा को 2,69,569 रैंक के साथ इंफार्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टैक्नोलॉजिज के क्षेत्र में, डॉ. मुकेश कुमार अवस्थी को 3,67,289 रैंक के साथ इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, प्रो. गौरव कैथवास को 3,87,743 रैंक के साथ क्लिनिकल मेडिसिन के क्षेत्र में एवं प्रो. देवेश कुमार को 4,38,530 रैंक के साथ कैमेस्ट्री के क्षेत्र मे शामिल किया गया है। इस सूची को तैयार करने के लिए मापदंडों को साइंस-मेट्रिक्स वर्गीकरण प्रणाली के आधार पर 22 अलग-अलग वैज्ञानिक क्षेत्रों और 174 उपक्षेत्रों में वर्गीकृत किया जाता है।

## लविवि ने की ऑनलाइन सामग्री के लिए समिति गठित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मंच स्वयं और एमओओसी (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) के लिए ऑनलाइन सामग्री और पाठ्यक्रमों के विकास का नेतृत्व करने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह पहल अत्याधुनिक शैक्षिक प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और देश भर के विद्यार्थियों के लिए लचीले शिक्षण अवसर बनाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस समिति की नियुक्ति की है, जिसमें विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य शामिल हैं। समिति राष्ट्रीय शैक्षिक ढांचे के साथ संरेखित उच्च गुणवत्ता वाली ऑनलाइन सामग्री को डिजाइन करने और वितरित करने की प्रक्रिया के माध्यम से संकाय सदस्यों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कमेटी की अध्यक्ष डॉ. किरण लता डंगवाल, स्वयं कंप्यूटर शिक्षा और प्रौद्योगिकी में पारंगत हैं और उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की ई-सामग्री, एमओओसी और ओईआर तैयार किए हैं। उन्होंने यूनेस्को के अंतर्राष्ट्रीय मेंटरिंग ऑनलाइन कार्यक्रम में कई एमओओसी (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) विकसित किए हैं। वर्तमान में, विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश सरकार से शोध में डिजिटल उपकरणों की क्षमता पर एमओओसी विकसित करने के लिए एक परियोजना मिली है।

**आवश्यकता है।**

**श्री ठाकुर शिवबहादुर यशवंत सिंह महाविद्यालय राजनगर, भादर अमेठी में संचालित निम्न विषयों हेतु**

यू0जी0सी0/राज्य सरकार द्वारा वि0वि0 द्वारा निर्धारित शैक्षिक मानकानुसार, अर्हता पद धारी पद–01 प्राचार्य एवं विषयों में 2–2 प्रवक्ताओं, विषयः–संस्कृत, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल,गृह विज्ञान, हिन्दी
वेतन राज्य सरकार के स्ववित्त पोषित शासनादेश के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 कार्यदिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की दो छाया प्रतियां स्वः हस्ताक्षरीत एवम दो पासपोर्ट साइज फोटो ग्राफ व दो स्वयं पता लिखे लिफाफें के साथ स्वयं या महाविद्यालय के उपरोक्त पते व कार्यालय में आवेदन करें।

**उदय प्रताप सिंह, (अध्यक्ष), मो0– 9415529521, 8934939051**

# प्रतापगढ़ के करोड़ों के स्टेट बैंक घोटाले की जांच सीबीआई को

## पीड़ित ग्राहकों की याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रतापगढ में स्टेट बैंक की लीलापुर शाखा में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया है। अब तक इस मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही थी। हालांकि पीड़ित ग्राहकों ने पुलिस की जांच से असंतुष्टि जाहिर करते हुए, याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी।

यह निर्णय जस्टिस विवेक चैधरी व जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने मिथिलेश कुमार तिवारी व अन्य की याचिका पर पारित किया। मामले में बैंक के तत्कालीन अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने बाहरी लोगों से मिलकर कई ग्राहकों के एफडी को बन्धक बनाते हुए, चार करोड़ 98 लाख 30 हजार रुपये के लोन दे दिए, जिसका ग्राहकों को पता भी नहीं चला। मामले में तत्कालीन शाखा प्रबन्धक जयनाथ सरोज को मुख्य अभियुक्त बनाया गया है।

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी पाया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 1 जुलाई 2016 के दिशा-निदेर्शों के तहत 3 करोड़ से 25 करोड़ रुपये के पब्लिक सेक्टर बैंकों के फ्रॉड मामलों में सीबीआई को केस दर्ज करना चाहिए। वहीं प्रतापगढ के एसपी ने हलफनामा दाखिल कर बताया कि मामला गम्भीर होने के कारण जांच क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर की गई है, जबकि एसबीआई की ओर से जांच सीबीआई से कराने के अनुरोध का समर्थन किया गया। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के पश्चात मामले में दर्ज आधा दर्जन प्राथमिकियों की जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया।

**जयनाथ सरोज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज:** वहीं इसी केस में एक दूससरी कोर्ट ने तत्कालीन शाखा प्रबन्धक जयनाथ सरोज की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ के समक्ष 17 सितम्बर को जयनाथ सरोज की अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई। एक अन्य अभियुक्त राजेश कुमार की भी अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। जबकि अभियुक्त दीपक वर्मा व अनुराग सचिन की नियमित जमानत याचिकाओं पर गुरूवार को सुनवाई होगी।

## रैली निकालकर चलाया स्वच्छता अभियान

- भाजपा महानगर अध्यक्ष, पार्षद गिरीश मिश्रा समेत राम जी लाल पटेल नगर वार्ड में चलाया स्वच्छता अभियान
- सिख समाज के खिलाफ की गयी टिप्पणी पर किये गये प्रदर्शन में शामिल हुए आनंद द्विवेदी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सेवा पखवाड़ा के तहत महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बुधवार को कैंट विधानसभा राम जी लाल पटेल नगर वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर सफाई कर्मियों का सम्मान भी किया।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि स्वच्छता अभियान में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी, पार्षद गिरीश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मनोज लोधी, पूर्व अध्यक्ष सचिन वैश्य एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। दोपहर को आनंद द्विवेदी ने सिख समाज के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा के समक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा सिख समाज पर किए गए अशोभनीय, अमर्यादित एवं द्वेष फैलाने वाले टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग सम्मिलित हुए और राहुल गांधी मुदार्बाद के नारे लगाए। जिसमें मुख्य रूप से परविंदर सिंह, लखविंदर सिंह, दिलप्रीत सिंह, सतपाल सिंह मीत, राजेंद्र सिंह दुआ पूर्व पार्षद सरबजीत सिंह रणवीर सिंह कलसी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कैसरबाग भाजपा महानगर कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष और लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी के साथ मंडल अध्यक्षों, मोर्चों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठों और विभागों के संयोजकों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान में और गति लाने के साथ सेवा पखवाड़े के अन्य कार्यक्रमों के आयोजन पर व्यापक चर्चा की।

## सई नदी में युवक ने लगायी छलांग

**लखनऊ।** राजधानी के बंथरा इलाके में स्थित सई नदी में कूदकर एक युवक ने सुसाइड कर लिया है। युवक ने रात 9 बजे घर से निकलकर सीधे नदी के किनारे पहुंचा था। घटना बंथरा थाना क्षेत्र के ननमऊ गांव की है। घर वालों का कहना है कि दीपक कुमार (35) कई साल से कैंसर की बीमारी से जूझ रहा था। युवक के परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली तो वह घटना स्थल पर पहुंचे। दीपक कहीं नजर नहीं आया तो पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक की तलाश शुरू कर दी। एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। टीम नदी में युवक की खोजबीन कर रही है। बताया गया कि बीमारी के कारण इलाज में काफी पैसे खर्च होते थे। परिवार की आर्थिक तंगी देख वह तनाव में आ गया था।

## दबंगों ने कार सवार को पीट पीटकर किया लहूलुहान

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में बीती दो दिन पूर्व रास्ता भटके कार सवार की कार नाली में फंस गई। वही से गुजर रहे स्थानीय दबंग मदद करने के बजाये उलटे कार सवार से अभद्रता करने लगे और विवाद बढ़ने पर अपने अन्य साथियो को बुला लाठी डंडो से कार सवार पर हमला बोल सिर फोड लहूलुहान कर फरार हो गए। आलमबाग कोतवाली प्रभारी एसएस महादेवन ने बताया कि आवन्ती विहार राजाजीपुरम निवासी विरेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल बीती 16 सितम्बर को रात के समय लगभग नौ बजे रास्ता भटक एलडी कालोनी में गलती से घुस गए थे और उनकी अल्टो कार एक नाले में फंस गई।

# प्लाईवुड फैक्ट्री की तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीबीडी इलाके के तिवारीगंज में मंगलवार रात प्लाईवुड फैक्ट्री की तीसरी मंजिल से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर नशे में था तभी उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरा। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक रायबरेली के शिवपुरी निवासी ओम सिंह (22) बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित मेघालय टिम्बर प्रोडक्शन प्लाईवुड फैक्ट्री में करीब तीन माह से बॉयलर में कोयला डालने का काम करता था। उनके साथी राजेश के मुताबिक ओम नशे में था। मंगलवार रात ओम छत पर चढ़ते वक्त अनियंत्रित होकर तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। परिवार में पिता नंदकिशोर, मां राजेश्वरी देवी व भाई जय सिंह हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## बीमारी से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** थाना गुडम्बा क्षेत्र के मायापुरी कॉलोनी अतरौली में एक 35 वर्षीय कारपेन्टर ने बीमारी से तंग आकर कमरे में फंखे से लटककर आत्महत्या कर लिया परिजनों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुँची गुडम्बा पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुडम्बा थाना प्रभारी नीतीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक निलम शर्मा पत्नी वेद रतन शर्मा निवासिनी मायापुरी कालोनी थाना गुडम्बा लखनऊ ने बताया कि उसके पति वेद रतन शर्मा 35 वर्ष जो की लकड़ी(कारपेन्टर) का काम करते थे, जिन्हें बचपन से ही दौरा आने की बीमारी थी। उसके दोनों बच्चे और पत्नी मायके में अपनी माँ के यहाँ रह रहे थे। पत्नी नीलम शर्मा मुंसिपुलिया पर एक शॉप में नौकरी करती है। 17 सितम्बर मंगलवार की शाम को वह मुन्शी पुलिया से अपनी नौकरी से वापस आते समय अपने मायके (गुडम्बा) से अपने बेटे को लेकर, अपने घर पहुंची तो देखा कि अन्दर से घर का दरवाजा बन्द था, गेट खोलकर जब अन्दर गई तो देखा उनके पति वेद रतन शर्मा ने पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उनका शव लटका हुआ था। स्थानीय लोंगों की मदद से शव को उतार कर गुडम्बा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कूड़े के ढेर में पड़े हैं लखनऊ पुलिस के डिजिटल वायरलेस

## करोड़ों कीमत के मंगाये गये वायरलेस सेट थानों व चौकियों में पड़े चाट रहे हैं धूल

- नई पुलिसिंग में वायरलेस सेट का समाप्त होता महत्व है चिंता का विषय

राजा शेख (vol)



**लखनऊ।** एक समय था जब जिले का कमांडर वायरलेस सेट पर बोलता था तो पूरा जिला खामोश हो जाता था और मातहत सारे काम काज रोकर आदेश को सुनता था लेकिन आधुनिकता की इस पुलिससिंग में वायरलेस सेट का महत्व पूरी तरह से समाप्त होता जा रहा है। यदि यह बात प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुलिस कर्मियों के बारे में की जाए तो वर्तमान समय यह साफ देखने को मिल जायेग जब एक आध ही चौकी इंचार्ज बीट के सिपाही व गस्त कर रहे पुलिस कर्मियों के पास आपको वायरलेस सेट देखने को मिलेगा। पहले अक्सर देखा जाता था कि जब पुलिस की गाड़ी या कोई पुलिस कर्मी रात्रि के समय किसी चौराहे पर मौजूद होता था तो उसके कमर या हाथ में मौजूद वायरलेस की आवाज सुनाई देती थी और लोग चौकन्ने हो जाते थे कि सामने पुलिस कर्मी मौजूद हैं और इसके साथ ही साथ शहर की हर प्रक्रियाओं से अपडे भी रहते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। जबकि सरकार ने वायरलेस सेट सुविधा को हाईटैक बनाने के लिए करोड़ों रूपए खर्च कर डिजिटल सेट मंगवाए थे ताकि पुलिस कर्मियों को सिंग्नल की दिक्कत न हो और वह सूचनाओं का आदान प्रदान कर सकें और शहर में हो रही घटनाओं के बारे में अपडेट रहें लेकिन सरकार द्वारा मंगवाए गये इन वायरलेस सेटों का भी पुलिस कर्मियों ने कोई महत्व नहीं दिया और वह थानों चौकियों में बिना चार्ज के कूड़े की तरह पड़े हैं मानव धूल चाट रहे हैं। फील्ड में मुस्तैद पुलिस अब अपने मोबाइल से ही सूचनाओं का आदान प्रदान कर रही है।

वायरलेस सेट न लेकर चलने व मैसेज न पास होने की वजह से अब पुलिस कर्मियों को उन्हीं के जिले में तैनाती होने के बावजूद भी घटनाओं या पुलिस मुठभेड़ वगैरह का पता नहीं चल पाता है वह सोशल मीडिया के जरिए ही सूचनाओं की जानकारी पाते हैं। विभाग के जानकारों का कहना है कि अब वायरलेस सेट का बस इतना सा ही महत्व रह गया है कि किसी वीवीआईपी मोमेंट होने की सूचना की पुष्टि हेतु जानकारी उपलब्ध कराई जाती है ताकि कोई थाना स्तर पर यह न कह सके कि उस तक सूचना नहीं पहुंची थी। जिसके बाद उस पर वायरलेस अभिलेखों द्वारा कार्रवाई की जा सके। राजधानी सहित प्रदेशभर की पुलिस को कानून व्यवस्था संभालने के लिए दुनिया के सबसे आधुनिक वायरलेस सेट मुहैया कराए गये थे। और यह फैसला जम्मू में हुई कई प्रदेश के पुलिस रेडियो विभाग की बैठक में इसपर फैसला लिया गया था। इसके लिए उत्तरी अमेरिका के सार्वजनिक सुरक्षा संगठनों की ओर से तैयार करवाए गए डिजिटल रेडियो मॉडल को लेने की पर सहमति बनी थी और फिर करोड़ों रूपए की लागत लगाकर डिजिटल सेट खरीदकर पुलिस कर्मियो को मुहैया कराया गया था। सिंग्नल की परेशानियों से नजात पाने के लिए पुलिस रेडियो मुख्यालय ने डिजिटल रेडियो सेट का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। फिर शासन से मंजूरी मिलने के बाद इन डिजिटल सेटों को खरीदा गया था।

### नेटवर्किंग फेल होने पर भी काम करता है वायरलेस

पुलिस कर्मी जिस डिजिटल वायरलेस को लेकर गंभीर नहीं है और ज्यादातर अपने साथ लेकर नहीं चलते हैं ऐसे में यदि मोबाइल नेटवरर्क अचानक फेल हो जाए और कोई बड़ी घटना उनके संज्ञान में आये तो वह अपने थाने या उच्चाधिकारियों को भी सूचित नहीं कर पायेगे। जानकारों की माने तो मोबाइल और पुलिस के सेट की नेटवरकिंग बिल्कुल अलग होती है जो कि किसी भी बीहड़ से बीहड़ स्थान पर सुचारू रूप से काम करती है।

# पितृपक्ष शुरू, गोमती किनारे पिण्ड तर्पण कर पूर्वजों को किया याद





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहरभर में कई जगह बुधवार से शुरू पितृपक्ष के मौके पर सामूहिक पिण्ड तर्पण किया गया। पितृपक्ष के पहले दिन लोगों ने श्राद्ध पूजन कर अपने दिवंगत पूर्वजों को याद किया।

कुड़ियाघाट स्थित लल्लू गुरु मंदिर के पास बुधवार को लोगों ने श्राद्ध पूजन किया। इसी क्रम में चौक स्थित चारधाम मंदिर के स्वर्ग भवन में सुबह 10 से 11 बजे तक तर्पण अनुष्ठान होगा। शुभ संस्कार समिति की महामंत्री ऋद्धि गौड़ ने बताया कि यह क्रम पूरे पितृपक्ष चलेगा। पितृपक्ष के पहले दिन लोगों ने गोमती किनारे घाट पर जाकर स्नान-दान किया और अपने पितरों को याद किया। इसी कड़ी में इन्दिरा नगर सेक्टर-9 स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में प्रतिवर्ष की भाँति पितृपक्ष के अवसर पर सामूहिक पिण्ड तर्पण प्रारम्भ हुआ। प्रातः 5:00 बजे से देव आवाहन, देवपूजन के उपरान्त पिण्ड तर्पण प्रारम्भ हुआ। पिण्ड तर्पण के उपरान्त गायत्री यज्ञ में लोक कल्याण के लिए गायत्री मंत्र, नवग्रह मंत्र, महामृत्युजंय मंत्रों की एवं पूर्वजों की एवं शहीदों के आत्मोन्ति के लिए आहूतियां प्रदान की गयीं। यह अवसर पूर्वजों को श्रद्धा देने तथा उनसे आशीर्वाद पाने का अवसर है। इसमें अनिवार्य रूप से भागीदारी करना चाहिये। श्री शर्मा ने बताया कि तर्पण के सभागार में युग ऋषि द्वारा रचित धर्म एवं अध्यात्म, वैज्ञानिक विश्लेषण के साथ जीवन मृत्यु एवं आत्मा पर आधारित साहित्य जैसे मैं क्या हूं, गहना कर्मोगति, मरने के बाद हमारा क्या होता, पितरों को श्रद्धा दें वे शक्ति देंगे, पितर हमारे अदृश्य सहायक, मरणोत्तर जीवन उसकी सच्चाई, जीवन एवं मृत्यु, भूत कैसे होते हैं क्या करते हैं, स्वर्ग-नर्क की स्वचालित प्रक्रिया, मरे तो सही बुद्धिमता के साथ, जल्दी मरने की उतावली न करें उपरोक्त पुस्तकें सभागार में अवलोकन हेतु प्रदर्शित रहेंगी क्रय करके लिया भी जा सकता है। आज के कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख व्यक्ति एमके निरंजन महाप्रबन्धक जल निगम लखनऊ, इं. देवेन्द्र सिंह, श्रीमती ऊषा सिंह, श्रीमती कमला सक्सेना सहित 15 लोगों ने भाग लिया। पिण्ड तर्पण में नर.नारी जातिवंश का भेद नहीं होगा सभी भागीदारी कर सकते हैं। कार्यक्रम भाग लेने के लिए एक दिन पूर्व पंजीयन करना अनिवार्य होगा।

**पितरों को पिंडदान करना सुख-समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण :** पितरों की आत्मा की मुक्ति और शांति के लिए भाद्र मास में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से आरम्भ होकर आश्विन मास में कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक एक पखवाड़े तक चलने वाला पितृपक्ष आज से शुरू हो गया है। सनातन धर्म में पितरों की आत्मशंति और मोक्ष प्राप्ति के लिए पितृ पक्ष का समय महत्वपूर्ण माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीनें में श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान से पितरों को मोक्ष मिलता है। मान्यता है कि श्राद्ध कर्म करने से जीवन में सुख-समृद्धि, शांति और वंश वृद्धि का आशीष प्राप्त होता है। हर साल पितृपक्ष में पूर्वज पितृलोक से धरती लोक पर आते हैं और श्राद्ध मिलने पर प्रसन्न होकर स्वस्थ, चिरंजीवी, धनधान्यपूर्ण और परिवार के मंगल का आशीर्वाद देकर पितृ लोक को वापस जाते हैं। हिन्दू अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं और उनके लिए पिण्ड दान करते हैं।

## गायत्री ज्ञान मंदिर में हुआ सामूहिक पिण्ड तर्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इन्दिरा नगर सेक्टर-9 स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में प्रतिवर्ष की भाँति पितृपक्ष के अवसर पर बुधवार 18 सितबंर से सामूहिक पिण्ड तर्पण प्रारम्भ हुआ यह तर्पण 02 अक्टूबर तक प्रतिदिन चलेगा।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने बताया किया प्रातः 5:00 बजे से देव, यम देवता पितृ आवाहन एवं देवपूजन के उपरान्त पिण्ड तर्पण प्रारम्भ हुआ, पिण्ड तर्पण के बाद गायत्री यज्ञ में लोक कल्याण के लिए गायत्री मंत्र, नवग्रह मंत्र, महामृत्युजंय मंत्रों की एवं पूर्वजों एवं शहीदों के लिये मृत्यु के देवता यम को आहूतियों देकर उनके आत्मोन्ति के लिए प्रार्थना की गयी। श्री शर्मा ने बताया ऋषियों द्वारा वर्णित साहित्य में उल्लेख है कि पितरों को श्रद्धा दें, वे शक्ति देगें, यह अवसर पूर्वजों को श्रद्धा देने तथा उनसे आशीर्वाद पाने का अवसर है। इसमें अनिवार्य रूप से भागीदारी करना चाहिये।

तर्पण के सभागार में युग ऋषि द्वारा रचित धर्म एवं अध्यात्म, वैज्ञानिक विश्लेषण के साथ जीवन मृत्यु एवं आत्मा पर आधारित साहित्य जैसे- मैं क्या हूँ?, गहना कर्मोगति, मरने के बाद हमारा क्या होता, पितरों को श्रद्धा दें वे शक्ति देंगे, पितर हमारे अदृश्य सहायक, मरणोत्तर जीवन उसकी सच्चाई, जीवन एवं मृत्यु, भूत कैसे होते हैं क्या करते हैं?, स्वर्ग-नर्क की स्वचालित प्रक्रिया, मरे तो सही बुद्धिमता के साथ, जल्दी मरने की उतावली न करें उपरोक्त पुस्तकें सभागार में अवलोकन हेतु प्रदर्शित रहेंगी क्रय करके लिया भी जा सकता है।

आज के कार्यक्रम में मां भगवती ग्रुप एजुकेशन इंस्टीट्यूशन लखनऊ के चेयरमैन श्री राजेश यादव, उ.प्र. जल निगम के महाप्रबन्धक श्री एम.के. निरंजन, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग वाराणसी, प्रयागराज, विघ्याचल डिवीजन टाउन प्लानर आर.के.उदयन, क्षेत्र के देवेन्द्र सिंह श्रीमती ऊषा सिंह, श्रीमती कमला सक्सेना, श्रीमती सावित्री शर्मा, श्रीमती भावना सिंह, श्री सौरभ सिंह, दिलीप वर्धन (आयकर सलाहकार), सत्य प्रकाश गुप्ता, आलोक पाण्डेय, राजशेखर सिंह, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, शरद कुमार, एस.डी. सिंह राजेश कुमार वर्मा, शशिकांत सिंह सहित क्षेत्र के लगभग 20 लोगों ने भाग लिया।

# नृत्य संग गूंजी प्रतिष्ठित रचनाकारों के गीतों की स्वरांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में ज्योति कलश संस्कृति संस्थान ने हिंदी साहित्य के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकारों के गीतों को पिरोकर वाल्मीकि रंगशाला में उन्हें स्वरांजलि अर्पित की। यह स्वरांजलि संगीत नाटक अकादमी परिसर में आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला में तैयार की गयी।

स्वरांजलि कि इस उत्कृष्ट प्रस्तुति में मूर्धन्य साहित्यकारों सोहनलाल द्विवेदी की कविता- वंदना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला लो, महादेवी वर्मा की- मैं नीर भरी दुख की बदली, सुमित्रानंदन पंत की- कहो तुम रूपसि कौन, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की- इमन बजा, जयशंकर प्रसाद की- बीती विभावरी जाग री, मैथिलीशरण गुप्त की- सखि वे मुझसे कह कर जाते, रमानाथ अवस्थी की- चंदन है तो महकेगा ही, रामकुमार वर्मा की- मैं तुम्हारी मौन करुणा का सहारा चाहता हूं तथा संस्था सचिव कनक वर्मा की रचना- ओ मधुर प्यार के स्मित मन शामिल थीं। इन कविताओं को संगीतबद्ध किया था यशभारती से सम्मानित संगीतकार केवल कुमार एवं डा.अमिताभ श्रीवास्तव ने।

पद्मश्री डा.विद्या विंदु सिंह की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा.कुमकुम धर के साथ अतिथियों के तौर पर उपस्थित नारायणी साहित्य अकादमी नई दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पुष्पा सिंह, श्रीमती लक्ष्मी चौधरी और कार्यक्रम अधिकारी केके पाठक का स्वागत संरक्षक शिवा सिंह एवं आशा श्रीवास्तव ने अंगवस्त्र पहनाकर किया।

संस्था की अध्यक्ष डा.उषा सिन्हा व सचिव कनक वर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों स्नेहा रस्तोगी, आशा श्रीवास्तव, अनीता कुमारी, कुमकुम मिश्रा, मधु माथुर, संगीता जायसवाल, शकुन्तला श्रीवास्तव, सिंधुजा मित्तल, सुषमा प्रकाश, अर्चना गुप्ता, नीरा मिश्रा, सुमन शर्मा, भारती सिंह, मनु राव, मोहिनी, नीलिमा सिंह, नीलू शुक्ला, राजेन्द्र, रमन श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव, स्नेहा रस्तोगी, अनुष्का सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, नमिता अग्रवाल, पूनम हजेला, रंजना शंकर, विनीता सिंह, सरिता अग्रवाल, सरोजिनी सक्सेना व कविता सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। युवा नृत्यांगना रिद्धिमा और अनुष्का ने रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा के निर्देशन में कुछ रचनाओं पर अभिनय व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजन ज्योति किरन रतन एवं डा.लक्ष्मी रस्तोगी का रहा।

# हिन्दी मात्र भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है : प्रो. तिवारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ललित कला अकादमी क्षेत्रीय केन्द्र में हिन्दी दिवस सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। अकादमी में 26 सितम्बर तक हिन्दी सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम होंगे। मुख्य अतिथि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी ने हिन्दी के ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है।

उन्होंने हिन्दी को सरल और प्रभावी भाषा बताते हुए, इसके उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि इसे अपनाकर हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को और अधिक मजबूत कर सकते हैं। क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ में हिन्दी सप्ताह 18 से 26 सितंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं, परिचर्चा एवं संवाद तथा काव्य पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान, हिंदी साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ललित कला अकादेमी, क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के क्षेत्रीय सचिव, डा0 देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि का परिचय कराते हुए स्वागत उद्बोधन दिया तथा हिन्दी सप्ताह आयोजन कि रूपरेखा प्रस्तुत की एवं कहा कि कार्यालय में अधिकाधिक कार्य हिन्दी में किये जाय। इस अवसर पर श्री वेणुगोपाल पाराशर, पर्यवेक्षक मूर्तिकला, शितांशु गुप्त मौर्या, पर्यवेक्षक सिरेमिक, राजीव प्रताप सिंह, पर्यवेक्षक मूर्तिकला, प्रेम सागर शर्मा, सहायक, अखिलश कुमार, श्रीमती सौम्या अग्रहरि, श्रीमती ममता राभा, श्रीमती पूनम नागू, श्रीमती किरन राठौर एवं कार्यरत कलाकार एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सद्भाव एवं सौहार्द का प्रतीक है क्षमावाणी पर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इन्दिरानगर जैन मन्दिर में दशलक्षण पर्व सम्पन्न होने के बाद बुधवार को क्षमावणी पर्व के उपलक्ष्य मे भगवान का अभिषेक किया गया। विश्वशांति की कामना से शांतिधारा करने का सौभाग्य अतिशय संयम प्रविज्ञान जैन को प्राप्त हुआ। संस्था द्वारा सभी त्यागी व्रतियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज द्वारा वर्ष भर की ज्ञात अज्ञात प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष भूलों के लिए सर्वप्रथम जिनेन्द्र भगवान से बाद पूरे समाज से क्षमा यापन किया गया। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने कहा कि यदि बोतल पर डाट न लगी हो तो उसका पानी बह जाएगा। इसी प्रकार यदि आपको समाज मे कार्य करना है तो आपको सख्ती तो बरतनी पड़ती है जिससे अनुशासन बना रहे। इस अवसर पर अनूप जैन, मनोज जैन, अनुरोध जैन, ऋषभ जैन, धीरज कुमार, नेम कुमार, अरिंजाय जैन, भरत दिव्य उपस्थित रहे।



**परस धाम काकोरी से निकली शोभा यात्रा :** सर्वप्रथम जैन मंदिरों में नित्य नियम पूजा व भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को पनडुकशीला पर विराजमान कर शांतिधारा व अभिषेक के बाद क्षमावाणी पर्व की पूजा हुई। परस धाम काकोरी में महापर्व के समापन समारोह के दौरान शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें पीले वस्त्र में छोटे बच्चों ने योग के अनेक करतब प्रस्तुत किए। वहीं 10 व पांच दिन का उपवास करने वालों का पाड़ना (उपवास के बाद किए जाने वाला भोजन) हुआ। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि 19 सितंबर को काकोरी स्थित पारस धाम में सामूहिक क्षमावाणी मनाई जाएगी।

## डा. अखिलेश निगम को साहित्य महोपाध्याय की मानद उपाधि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा हिन्दी पखवाड़ा में हुए समारोह में पांच साहित्यकारों को साहित्य महोपाध्याय की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। प्रयागराज में हुए समारोह में पुलिस उप महानिरीक्षक सीबीसीआईडी डा. अखिलेश निगम अखिल समेत रीवा के गिरिजाशंकर शुक्ल, लखनऊ के दिनेश चन्द्र अवस्थी, मुरादाबाद के डा रामानन्द शर्मा एवं सुलतानपुर के लिए डा. सुनील कुमार पाण्डेय को साहित्य महोपाध्याय मानद उपाधि मिलीं। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमसेरी ने कहा कि आजकल न्यायपालिका में हिन्दी में निर्णय दिए जा रहे हैं। हिन्दी में बहस हो रही है, यह सुखद है। उन्होंने कहा कि मूलभूत शिक्षा की कमी होने के कारण आज हिन्दी में अच्छा साहित्य लिखे जाने के बावजूद पढ़ा नहीं जा रहा। सम्मानित रचनाकार डा. अखिलेश निगम ने हिन्दी को रोजगार से जोड़ने से जरूरत बतायी।



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद ललितपुर

**पत्रांकः- मु.चि.अ./एन.एच.एम./सं.चिकित्सक - नियुक्ति/2024-25/3642** **दिनांक : 18 सितम्बर-2024**

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., लखनऊ के पत्रांक संख्या 179/एस.पी.एम.यू./ एन.एच.एम./ डिस्ट्रिक वॉक-इन / 2023-24 / 4150 दिनांक 18.08.2023 एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., लखनऊ के पत्रांक संख्या 179/ एस.पी.एम.यू./ एन.एच.एम./ डिस्ट्रिक वॉक-इन / 2024-25 / 2728 दिनांक 09.08.2024 के अनुपालन के क्रम में जनपद ललितपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., में संचालित विभिन्न कार्यक्रमो के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदो हेतु विषेशज्ञ/चिकित्सको (एम.बी.बी.एस.) की नियुक्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 19.09.2024 से दिनांक 08.10.2024 तक अपना आवेदन सम्बन्धित शैक्षिक एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर में जमा करा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | फैसिलिटि का नाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हो) | रिक्त पद की संख्या आरक्षण सहित) | रिक्त पद के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू. प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मातृ स्वास्थ्य | महिला चिकित्सा अधिकारी | CHC Madwara District Hospital/ Medical College | MBBS | | 1 OBC 1 SC | 100000/- |
| 2 | रक्तकोष | चिकित्सा अधिकारी | District Hospital/ Medical College | MBBS | 1- One Year Experience in Blood Bank (regular Service and also has adequate knowledge and experience blood group serology, methodology.) 2- Preference to be given to candidates with PG diploma /degree in Pathology/ Transfusion Medicine | 1 UR | 100000/- |
| 3 | एन.पी.-एन.सी.डी (CHC) | फिजीशियन | CHC Madawara CHC Mahroni CHC Birdha CHC Jakhaura | MBBS | 2 Year | 1 UR 1 OBC 2 SC | 100000/- |
| 4 | मातृ स्वास्थ्य | स्त्री रोग विशेषज्ञ/ निश्चेतक ऑन कॉल | District Hospital/ Medical College CHC Madawara CHC Mahroni CHC Talbehat | Diploma/ Degree in Obsand gynae | 3 Year | - | 2000 से 4000 प्रति सिजेरियन प्रसव* |
| 5 | बाल स्वास्थ्य (NRC) | चिकित्सा अधिकारी | CHC Talbehat, CHC Mahroni | MBBS | - | 1 OBC 1 SC | 100000/- |
| 6 | ई संजिवनी | Tele Medicine | District Hospital/ Medical College | MBBS | 1 Year | 1 UR 1 OBC | 100000/- |
| 7 | एन.यू.एच.एम. | चिकित्सा अधिकारी | UPHC Govindnagar | MBBS | - | 01 UR | 80000/- +20000 PBI* |
| 8 | एन.यू.एच.एम. 15 वॉ वित्त आयोग | चिकित्सा अधिकारी | Urban Area | MBBS | - | 01 UR | 80000/- +20000 PBI* |
| 9 | डी.एच.एस.-ट्रामा सेण्टर | चिकित्सा अधिकारी (EMO) | District Hospital/ Medical College | MBBS | - | 01 UR 01 SC | 100000/- |
| 10 | एन.पी.सी.डी.सी.एस.(NCD) | चिकित्सा अधिकारी | District Hospital/ Medical College | MBBS | 3 Years | 1 UR | 100000/- |
| 11 | एन.पी.पी.सी. (NCD) | चिकित्सा अधिकारी | District Hospital/ Medical College | MBBS | 1. A 3-days basic course in pain relief and palliative care, consisting of 21-hour sessions, developed by the Ministry of Health and Family Welfare, Government of India in consultation with Palliative Care Unit of Dr. B.R.A. Institute Rotary Cancer Hospital, All India Institute of Medical Sciences, New Delhi and other experts in the field of palliative care./ 2. IAPC affiliated basic course in palliative care (successful completion of both Parts A and B is mandatory) 3. One-month Certificate Course in Pain / 4. Six week Basic Certificate Course / 5. Six -week Certificate Course in Pain / 6. One Year Fellowship in Palliative Medicine by Institute of Palliative Medicine. 7. One Year Fellowship in Palliative Medicine by Christian Medical College, Vellore. 8. MD in Palliative Medicine. | 1 UR | 100000/- |

**आवेदन हेतु निर्देश :-**

1. उपरोक्त समस्त पदो पद वॉक-इन-इंटरव्यू 22 अक्टूबर 2024 को अपराहन 12:30 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर में सम्पन्न कराया जायेगा। 2. इच्छुक अभ्यार्थी वॉक-इन-इंटरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वाछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रो की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है। 3. यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण कर कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदो की सं0 में परिवर्तन हो सकता है। 4. उपरोक्त पदो पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढाया जा सकता है। 5. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा - भत्ता देय नहीं होगा। 6. इच्छुक अभ्यार्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हों। 7. चयन प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी। 8. कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति / राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र० शासन द्वारा 01 माह का नोटिस या नोटिस के बदले 01 माह के वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा / सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा। 9. संविदानियुक्ति गठित चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा। 10. उ0प्र0 मेडीकल कॉसिल में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**ललितपुर।**


# गुरु अमर दास जी का 450वां ज्योति जोत दिवस मनाया गया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान, निआसरों के आसरे सिखों के तीसरे गुरु साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज का 450वां ज्योति जोत दिवस बुधवार को श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे श्री रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ जो रात्रि 9:30 बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तनः-भले अमरदास गुण तेरे, तेरी उपमा तोहे बन आवै...गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। ज्ञानी गुरजिंदर सिंह ने श्री गुरु अमरदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू जी का जन्म जिला अमृतसर में हुआ था। आपके पिता जी का नाम ी तेजभान जी व माता जी का नाम सुलखणी जी था। आप का जीवन बड़ा महान था, कहते है कि जब तक मनुष्य को मन की शान्ति तब तक मनुष्य इधर-उधर भटकता रहता है। इनका जीवन भी कुछ ऐसा ही था गुरु बनने से पहले आप जी ने कई बार तीर्थो की यात्रा की, पर मन को शान्ति न मिल सकी। एक बार अपने ही घर में ही गुरु अंगद देव जी की सपुत्री बीबी अमरो जी से गुरु जी की बाणी सुनी और गद्गद हो गये, पूछने पर पता चला कि यह श्री गुरु नानक देव जी की बाणी है, उनकी गद्दी पर श्री गुरु अंगद देव जी बैठे हुए हैं। आप खडूर साहिब में आकर गुरु जी के दर्शन कर निहाल हुए, तभी से श्री गुरु अंगद देव जी की सेवा में जुट गये उस समय आपकी उम्र 62 वर्ष की थी इतनी उम्र में आधी रात को उठकर ब्यास दरिया से पानी का कलश लाकर रोज गुरु जी को स्नान कराते थे और दिन रात उनकी सेवा मे जुटे रहते थे 73 वर्ष की आयु में सेवा करते देखकर श्री गुरु अंगद देव जी ने आपको गुरु गद्दी सौंप दी और ये निआसरों के आसरे, निमानियों के मान, नितानियों के तान श्री गुरु अमरदास जी बन गये। गुरु अमर दास जी सती-प्रथा के विरोध में आवाज उठाने वाले पहले समाज-सुधारक थे। उन्होंने सती-प्रथा का जोरदार खंडन किया। सितंबर 1574 को गुरु अमर दास जी दिव्य ज्योति में विलीन हो गए। समाज से भेदभाव खत्म करने के प्रयासों में सिखों के तीसरे गुरु अमर दास जी का बड़ा योगदान है। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, नाका हिंडोला, लखनऊ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने समूह संगत की उपस्थिति में साहिब श्री गुरु अमरदास जी महाराज को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उसके पश्चात दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा छोले चावल का लंगर संगत में वितरित किया गया।

## गुरुद्वारा यहियागंज में शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल




**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में आज श्री गुरु अमरदास जी का ज्योति जोत दिवस श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉक्टर गुरमीत सिंह के संयोजन मे विशेष रूप से भाई करनैल सिंह ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 7:00 बजे हुई एवं समाप्ति देर रात हुई। कथा वाचक ज्ञानी गुरमीत सिंह ने श्री गुरु अमरदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु अमरदास जी का जन्म सन 1479 ई में गांव बासरके श्री अमृतसर में हुआ वह 73 साल की उम्र में गुरु बने थे और 1552 ईस्वी में ज्योति जोत समा गए थे।

# एलडीए ने फिर शुरू की कंपाउंडिंग, अवैध निर्माण हो सकेंगे वैध



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शमन मानचित्र को फिर शुरू कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद स्वीकृत मानचित्र के विपरीत होने वाले निर्माण के कंपाउंडिंग यानी शमन पर रोक लगा दी गई थी। विकास प्राधिकरण क्षेत्र में भवन निर्माण के लिए मानक निर्धारित हैं। इसके लिए प्राधिकरण भवन निर्माण उपविधि के तहत पास किए नक्शे के आधार पर ही भवनों का निर्माण होता है। इसके बाद भी अधिकतर भवन मालिक या तो स्वीकृत नक्शे से विपरीत निर्माण करा लेते हैं या फिर भू उपयोग के विपरीत निर्माण करा लिया जाता है। इसके दोबारा शुरू होने पर मकान, अपार्टमेंट या काम्प्लेक्स के कुछ हिस्से में नक्शे के विपरीत निर्माण कराने के बाद शमन मानचित्र पास कराया जा सकेगा। हालांकि इसके लिए निर्धारित शमन शुल्क जमा करना होगा। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लोगों की सहूलियत के लिए शमन उपविधि 2009 को पुनः लागू कर दिया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लखनऊ विकास क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे निर्माण हैं, जिनका मानचित्र स्वीकृत नहीं है। प्राधिकरण द्वारा ऐसे अवैध निमार्णों के खिलाफ वाद योजित करते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही करायी जाती है। जनसुनवाई के दौरान ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें लोगों ने सही जानकारी के आभाव में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य करा लिया या फिर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अतिरिक्त निर्माण करा लिया। लेकिन, अब वह लोग नियमानुसार कार्यवाही कराते हुए शमन मानचित्र स्वीकृत कराकर अपने निर्माण को नियमित कराना चाहते हैं। पूर्व में प्रभावी शमन उपविधि 2009 के तहत ऐसे प्रकरणों में शमन शुल्क जमाकर नियमानुसार शमन मानचित्र स्वीकृत किया जाता था। मार्च 2024 में शासन के आदेश पर कम्पाउन्डिंग पर रोक लगा दी गयी थी, जिसके चलते शमन मानचित्र स्वीकृत नहीं किये जा रहे थे। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इससे आम नागरिकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। मांग की जा रही थी कि शमन मानचित्र की कार्यवाही दोबारा से शुरू करा दी जाए, जिससे कि वह लोग अपने निर्माण को नियमित करा सकें। इससे प्राधिकरण की आय में भी इजाफा होगा।

## हुसैनाबाद म्यूजियम में दिखेगी लखनऊ की कला और संस्कृति की झलक

- भूल-भुलैया की तर्ज पर डिजाइन इंटरैक्टिव मेज गेम होगा आर्कषण का केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हुसैनाबाद में बनाये जा रहे म्यूजियम में एक ओर लखनऊ की कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वहीं, दूसरी तरफ इमामबाड़े की भूल-भुलैया की तर्ज पर डिजाइन किया गया इंटरैक्टिव मेज-गेम पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को पारिजात सभागार में आयोजित बैठक में म्यूजियम के कार्यों का प्रेजेन्टेशन किया गया। मण्डलायुक्त ने बैठक में निर्देश दिये कि म्यूजियम में बनाये जा रहे टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेंटर का स्क्रिप्ट दक्ष संस्था से तैयार कराया जाए। जिससे म्यूजियम में आने वाले पर्यटक उत्तर प्रदेश व राजधानी के गौरवशाली इतिहास व संस्कृति से आसानी से रुबरु हो सकें। इसके अलावा म्यूजियम के अंदर बैकग्राउंड कलर व आर्टिस्टिक वर्क आदि कार्यों में लखनऊ की विरासत और नफासत की झलक दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेंटर में प्रदेश और शहर के प्रसिद्ध स्मारकों का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। इसके अलावा लखनऊ के व्यंजन, चिकनकारी, आर्ट एंड क्राफ्ट, साहित्य व आर्किटेक्चर आदि का उल्लेख जरूर हो।

इसी तरह शहर के प्रमुख बाजारों को गूगल लोकेशन के साथ दशार्या जाए, जिससे कि पर्यटक अपनी इच्छानुसार बाजार में जाकर खरीददारी कर सकें। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेंटर में ई-फ्लिप बुक स्थापित की जाएगी। जिसके माध्यम से लोग सभी प्रसिद्ध स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा इमामबाड़ा की भूल-भुलैया के रास्तों की तर्ज पर डिजिटल इंटरैक्टिव मेज गेम डिजाइन कराया गया है। जिसका संचालन म्यूजियम में किया जाएगा, जोकि पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बनेगा। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, प्रभारी मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी, आर्किटेक्ट व कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

## सुन्दर कांड के साथ हुआ मेले का आयोजन



लखनऊ। आर्य प्रवाह संत गाडगे जन कल्याण सेवा समिति (उ.प्र.) द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्राचीन भादों मंगल मेला एवं विशाल भंडारे का आज अलीगंज नया हनुमान मंदिर राम कथा पार्क में आयोजित हुआ। मेले का शुभ आरम्भ सायं 6 बजे सुन्दर कांड से शुरू हुआ और रात 9 बजे अवधी बिरहा प्रारंम्भ होकर सुबह तक चला, वही बच्चों की डांस प्रतियोगिता लक्की ड्रा, एवं अनेको रंगारंग कार्यक्रम होंगे। जिसमे मुख्य अतिथि बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, सुष्मा खरकवाल महापौर, लखनऊ, अध्यक्ष अनिल कुमार कनौजिया एवं अन्य विशिष्ठगण व हजारों श्रद्धालुगण मौजूद रहेंगे।

## चौक में 12 अक्तूबर को पतंग प्रतियोगिता होगी

**लखनऊ।** लखनऊ पतंग विक्रेता एसोसिएशन 12 अक्टूबर को चौक घंटाघर में पतंग प्रतियोगिता एवं पतंग प्रदर्शनी आयोजित करेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल हमीद व उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि पतंग एक पारंपरिक खेल है। लखनऊ में पतंग उड़ाने की परंपरा एवं कला प्राचीन है। यह आंखों एवं हाथों का सबसे अच्छा व्यायाम है, जिसे किसी भी आयु वर्ग का व्यक्ति कर सकता है। उन्होंने बताया कि पतंग उड़ाने वाले युवाओं को चाइनीज मांझा न प्रयोग किए जाने के लिए 25 सितंबर से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। लखनऊ की जनता को पतंग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाने के लिए विशेष रूप से पुराने लखनऊ के फ्लाईओवर पर तार बांधकर सुरक्षित किए जाने का निर्णय लिया गया है ताकि हवा में कटकर गिरने वाली पतंग का वेग कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि दीपावली एवं जमघट के त्योहारों पर मोदी योगी के नाम से भी पतंग बनाए जाने की योजना बनाई है। इस मौके पर लखनऊ पतंग विक्रेता एसोसिएशन के सचिव नीरज रस्तोगी, महामंत्री विवेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज यादव, गौरव कुमार, हेमंत मूलवानी, हरिओम सहित कई लोग मौजूद थे।

## वॉलीबॉल में कुल सचिव 11 रही विजेता



लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह सात मई 2024 से आठ मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूनामेंट में, बुधवार को कैरम मैच का उद्घाटन कुलपति प्रो. जेपी पांडे ने खेल कर किया जबकि वॉलीबॉल के पहले मैच में कुलसचिव 11 ने सीओई 11 को पराजित कर दिया। कुल सचिव 11 की ओर से उप कुलसचिव डॉ. आरके सिंह, सहायक कुलसचिव शांतनु पाठक, सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह तो सीओई 11 की तरफ से परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने शानदार खेल दिखाया।

# कलेक्ट्रेट कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने शासन को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों ने अपनी 22 सूत्रीय मांगों के समर्थन में बुधवार को हजरतगंज में एसबीआई के पास स्व.बीएन सिंह की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। दोपहर बाद इंस्पेक्टर हजरतगंज ने कर्मचारी नेताओं से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन लिया।

कर्मचारियों के प्रदर्शन की वजह से कलेक्ट्रेट में कामकाज लगभग ठप रहा। अफसर पहुंचे लेकिन कर्मचारियों के कमरे खाली पड़े रहे। इसके पूर्व कर्मचारी नेताओं ने हजरतगंज में गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन की सूचना दी थी। रात में ही पुलिस ने कर्मचारी नेताओं को बता दिया कि यदि हजरतगंज में प्रदर्शन करते हैं तो आमजन को दिक्कत होगी। ट्रैफिक जाम लग जाएगा। ऐसे में कर्मचारियों ने प्रदर्शन का स्थान बदल दिया। मांग पत्र में उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रदेश के 57 जनपद शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री व अन्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। धरने को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व में कई बार सरकार का ध्यान कर्मचारियों की मांगों पर दिलाने का प्रयास हुआ है। पिछली 22 अगस्त को सभी जिलों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भेजा गया था।

इसमें 17 सितम्बर तक की समय सीमा दी गई थी। यह समय सीमा निकल गई तब विवश हो कर कर्मचारियों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि एक माह में मांगों का सम्मानजनक निराकरण नहीं होता है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसे आन्दोलन के निर्णय के लिये विवश होना पड़ेगा। शाम पांच बजे तक चले धरना-प्रदर्शन को कनिष्ठ उपाध्यक्ष तृतीय राजीव श्रीवास्तव, प्रान्तीय महामंत्री अरविन्द कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केन्द्रपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम जगदीश कुमार निगम, मंत्री लखनऊ इकाई निशिल किशोर श्रीवास्तव, प्रान्तीय संगठन मंत्री प्रथम शैलेन्द्र पटेल आदि ने सम्बोधित किया।

## ओला-उबर गाड़ी मालिकों ने किया आंदोलन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्राइवेट टैक्सी कंपनियों के मनमानी के खिलाफ गाड़ी मालिकों की नाराजगी बुधवार को देखने को मिली। इससे नाराज टैक्सी संचालकों ने कंपनी की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए सिर्फ एक टैक्सी कंपनी के साथ अनुबंध करने की तैयारी में है। ओला उबर चालक यूनियन संघ की ओर से गोमतीनगर के विभूति खंड स्थित सीएनजी पंप पर टैक्सी संचालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एमजेड प्रधान ने कहा कि ओला, उबर, इनड्राइव और रेपिडो जैसी कंपनियों की मनमानी से गाड़ी मालिक और सवारी दोनों ठगे जा रहे है। ऐसी स्थिति में गाड़ी मालिक एक नवंबर से चार टैक्सी कंपनियों में से तीन टैक्सी कंपनियों की बुकिंग उठाना बंद कर देंगे। सिर्फ एक कंपनी से अनुबंध करके टैक्सी की बुकिंग लेंगे। इससे गाड़ी मालिक और सवारी दोनों को राहत मिलेगी। इसके लिए 25 अक्तूबर को सिर्फ एक टैक्सी बुकिंग कंपनी के नाम की घोषणा की जाएगी।

## विद्युत विकास कार्यों की होगी थर्ड पार्टी जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि विद्युत संबंधी ढांचागत विकास के लिये किये जाने वाले सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये थर्ड पार्टी निरीक्षण कराया जाएगा। इसमें प्रतिष्ठित संस्थायें लगायी गयी हैं। कार्यों की गुणवत्ता में जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। जो नियमानुसार अनुमन्य है वो कार्य उसी के अनुरूप होना चाहिए। जहां कहीं कमियां पाई जाएंगी वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। वे बुधवार को विद्युत कार्यों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में लगाई गई एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ शक्ति भवन में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्य की विधिवत जांच कर ली जाए। कार्य के उपरांत प्राप्त पुरानी सामग्री की वापसी संबंधित भंडार केन्द्र को किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस सामग्री को भंडार केन्द्रों पर अलग चिन्हित स्थान पर रखने की व्यवस्था की जाये। थर्ड पार्टी द्वारा पाई गयी कमियों का प्रस्तुतीकरण (फोटोग्राफ सहित) डिस्कॉम मुख्यालय पर कराया जाए। थर्ड पार्टी द्वारा दी गयी न्यूनतम 100 रिपोर्टों का अध्ययन प्रबंध निदेशक (डिस्कॉम) द्वारा डिस्कॉम मुख्यालय के संबंधित अधिकारियों एवं निदेशक (तकनीकी) के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जिनमें गुणवत्ता में कमी पाई जाए उन क्षेत्र के अधिकारियों यथा मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। मुख्य अभियंता आगे अन्य अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक वितरण ज्ञानेन्द्रधर द्विवेदी सहित अन्य मौजूद थे।

## बीबीएयू में हुआ हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता का आयोजन



लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में बुधवार को हिन्दी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 'हिंदी पखवाड़ा' के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के लिए हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों में विश्वविद्यालय हिन्दी अधिकारी डॉ. शिवकुमार त्रिपाठी एवं हिन्दी अनुवादक संध्या दीक्षित सम्मिलित हैं। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने हिंदी टाइपिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपनी मातृभाषा के प्रति जागरूक करना है, जिससे वह अपनी मातृभाषा की महत्ता को समझे और स्वयं को वैश्विक स्तर पर भी गौरवान्वित महसूस करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षक, गैर शिक्षण कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहें।

## मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने वर्ल्ड फायर फाइटर गेम्स के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को अपने सरकारी आवास में वर्ल्ड फायर फाइटर गेम्स 2024 के पदक विजेताओं का सम्मान किया।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। हमारे फायर फाइटर्स ने वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और भारत का तिरंगा लहराया। इनकी मेहनत और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। डेनमार्क के आल्बर्ग शहर में 7 से 14 सितंबर तक आयोजित इन खेलों में 75 देशों के फायर फाइटरों ने भाग लिया था। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आनंद प्रताप सिंह, जो उन्नाव जिले के जंगली खेड़ा बीघापुर गांव के निवासी हैं और वर्तमान में रायबरेली के लालगंज फायर स्टेशन में चालक के पद पर कार्यरत हैं, ने शानदार प्रदर्शन किया। आनंद प्रताप ने शॉट पुट, 100गुना4 रिले रेस, डिस्कस थ्रो और हैमर थ्रो में चार गोल्ड मेडल जीतकर भारत के तिरंगे को गर्व से ऊंचा किया। इसके साथ ही, धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भी 2 गोल्ड और 2 रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। वहीं रंजीत यादव ने 2 गोल्ड मेडल हासिल कर भारत की शान को और ऊंचा किया।

# मेहनत से सब कुछ हासिल किया जा सकता हैं : संध्या मिश्रा

- सीबी गुप्ता कृषि महाविद्यालय में फ्रेशर एवं विदाई समारोह सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू भगवती सिंह द्वारा स्थापित चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बख्शी का तालाब के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के पुराने विद्यार्थियों की ओर से नये प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया तथा विज्ञान संकाय के अंतिम वर्ष के छात्रों को विदाई भी गयी। इस अवसर पर छात्र -छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सभी छात्र- छात्राएं झूम उठे। मुख्य अतिथि नगर पंचायत बक्शी का तालाब के चेयरमैन गनेश रावत, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा एवं महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। मुख्य अतिथि गनेश रावत ने बाबू भगवती सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की तथा छात्रों को अच्छे मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वही पर विशेष अतिथि संध्या मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं को आर्शिवचन दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत करके सब कुछ हासिल किया जा सकता है। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने कहा कि मैं वाणिज्य का छात्र रहा हूं और हमारे बहुत सारे छात्र दुनिया के कोने-कोने में अच्छे कार्य कर रहे हैं। विज्ञान संकाय के साथ में वाणिज्य संकाय खोलने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने छात्रों को अनुशासन में रहकर शिक्षित होने का संदेश दिया और पूर्व निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि बाबू भगवती सिंह का सपना था कि विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय खुले वह पूरा हुआ और फल-फूल रहा है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं को 'महामना' मदन मोहन मालवीय के जीवन को पढ़कर सीख लेनी चाहिए पठन -पाठन में कठिनाइयां जरूर आती है लेकिन कभी घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी नवप्रवेशित छात्रों को आशीर्वाद दिया और अंतिम वर्ष के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, सुरक्षा अधिकारी डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ अनिल कुमार वर्मा, धीरेंद्र कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारियों तथा सभी छात्र -छात्राओं ने हिस्सा लिया। मंच का संचालन श्रेष्ठी सिंह, स्वाति सिंह एवं हर्ष सिंह चौहान ने किया। सभी आगंतुओं का धन्यवाद ज्ञापन डॉ उपमा सिपाही ने किया।

# समाज में दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने का चल रहा काम : सुभाष

- उत्तर प्रदेश राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का 26वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश में दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से 18 सितंबर 1998 को स्थापित राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का 26वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को राजधानी में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरूआत और वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाना है। यह कार्यालय समाज में दिव्यांगजनों की मुख्यधारा में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आज इस समारोह का आयोजन कर हमें गर्व महसूस हो रहा है और हमें इस दिशा में और आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

समारोह के दौरान श्रवणबाधित दिव्यांगजनों को हियरिंग एड्स तथा चलन क्रिया से ग्रसित दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल और व्हीलचेयर प्रदान की गईं। साथ ही टीसीआई एक्सप्रेस फाउंडेशन, जयपुर फुट और पुनर्वास केंद्र लखनऊ के सहयोग से 12 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किये गये। यह कार्यक्रम न केवल दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक उपकरण देने का मंच बना, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन भी दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, लखनऊ द्वारा एक विशेष दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तत्काल जारी किए गए। इस शिविर से दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों और सेवाओं तक सीधी पहुंच प्राप्त हुई। समारोह में दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से गौरव खन्ना, राष्ट्रीय पैरालंपिक कोच, अभय प्रताप सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी, डीसीसीआई एवं अध्यक्ष, व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन, इच्छा पटेल, पैरालंपिक भारोत्तोलन गोल्ड मेडलिस्ट, पलक कोहली, पैरालंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी और डा. अमित केसरी, कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जन, एसजीपीजीआई, लखनऊ हैं। इन सभी को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल, स्मृति चिह्न और बालवृक्ष देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि विभाग के निदेशक भूपेन्द्र एस. चौधरी ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका सशक्तीकरण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। बिना दिव्यांगजनों की सक्रिय भागीदारी के राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। समारोह के अध्यक्ष और राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, प्रो. हिमांशु शेखर झा ने कहा कि हमारा कार्यालय दिव्यांगजनों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम उन दिव्यांगजनों की भी समस्याओं को हल करने के लिए मोबाइल कोर्ट्स का संचालन कर रहे हैं, जो स्वयं हमारे पास नहीं आ सकते हैं। समारोह का समापन उपायुक्त शैलेन्द्र कुमार सोनकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी उपस्थित दिव्यांगजन लाभार्थियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## विश्व जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप के लिए लविवि की सासा चयनित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीबीए तृतीय सेमेस्टर कार्यक्रम की समर्पित छात्रा सासा कटियार को प्रतिष्ठित चौथी विश्व जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में भाग लेने के लिए चुना गया है, जो आगामी 1 से 7 नवंबर तक चीन के जिंगशान में होने वाली है।

सासा अंडर-18 बालिका वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिससे लखनऊ विश्वविद्यालय वैश्विक मंच पर गौरवान्वित होगा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाली सासा की सॉफ्ट टेनिस में यात्रा छोटी उम्र में ही शुरू हो गई थी। उन्होंने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। खासकर 2018 में कोरिया में अंडर-15 जूनियर विश्व सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में चौथे दौर की हार के बाद। तब से, उन्होंने अपने कौशल को बेहतर बनाने, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई स्वर्ण और रजत पदक अर्जित करने और 2022 राज्य सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में रिकॉर्ड तोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्षों के कठोर प्रशिक्षण और राष्ट्रीय स्पधाओं में मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, वह इस वर्ष पोडियम फिनिश हासिल करने के लिए आशावादी हैं। भारतीय टीम में उनके साथ उत्तर प्रदेश के अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें ओम यादव, तनुश्री पांडे, जूया अजीज और प्रणव मिश्रा शामिल हैं। टेनिस कोर्ट पर अपनी उपलब्धियों के अलावा, सासा एक राज्य स्तरीय तैराक हैं, जो एक एथलीट के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करती हैं। अपने दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ, सासा कटियार एक होनहार प्रतियोगी हैं और उनका संस्थान इस उल्लेखनीय यात्रा में उनका समर्थन करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए गर्व से उनके पीछे खड़ा है।

संक्षेप

## ग्रापए तहसील इकाई रुद्रपुर का वार्षिक सम्मेलन आज

**रुद्रपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई रुद्रपुर का वार्षिक सम्मेलन आज 19 सितंबर 2024 दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे रामजी सहाय पीजी कॉलेज रुद्रपुर के सुमित्रा सहाय सभागार में होगा। इस दौरान वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता का मूल्य विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन होना सुनिश्चित है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार कमलेश पासवान, विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद, एमएलसी डा.रतन पाल सिंह, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष/ चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठे लाल निगम व ग्रापए जिलाध्यक्ष पौहारी शरण होंगे। उक्त आशय की जानकारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई रुद्रपुर के अध्यक्ष मणिन्द्र नारायण सिंह उर्फ मोनू ने देते हुए ग्रापए के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है।

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

**बरेली।** खुसरो कॉलेज में छात्रों को डी.फार्मा की फर्जी डिग्री देने के मामले में आरोपी विजय शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कॉलेज प्रबंधन ने 379 छात्रों से 3.69

**● छात्रों को फर्जी डिग्री देकर कमाये करोड़ों, एसपी सिटी ने किया खुलासा**

करोड़ रुपये फीस के रूप में वसूलकर फर्जी डिग्रियां प्रदान थमा दीं। छात्रों को तब इसकी जानकारी मिली जब उन्होंने इन डिग्रियों के आधार पर लाइसेंस प्राप्त करने और नौकरी के लिए आवेदन किया।इस मामले में थाना सीबीगंज में तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में विजय शर्मा की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फर्जी डिग्री प्रकरण में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज शामिल हैं। विजय शर्मा पहले से फरार था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उसे झुमका तिराहा के पास गिरफ्तार किया गया।

**करोड़ों का फजीवाड़ा**

विजय शर्मा ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने कई संस्थानों के साथ मिलकर फर्जी डिग्रियां बनाईं और उन्हें बेचकर धन अर्जित किया। उसने बताया कि वह विभिन्न कॉलेजों को बी. फार्मा और डी. फार्मा की मान्यता दिलाने के नाम पर काम करता था।

**डॉक्टर बनने का सपना**

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति विहार का निवासी विजय शर्मा खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी के संपर्क में आने के बाद तेजी से उभरा। बचपन से डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले विजय ने फर्जी डिग्री लेकर खुद को डॉक्टर घोषित कर दिया। उसने आयुर्वेद और नेचुरोपैथी की डिग्री हासिल करने का दावा करते हुए अपने माता-पिता के नाम पर जावेश्वरी-नरेश चैरिटेबल अस्पताल खोला।

## गश्त का जिम्मा एक प्रभारी की गाड़ी व एक अपाची के भरोसे

**भटनी(देवरिया) ।** बिहार के समीपवर्ती क्षेत्र में इन दिनों जब चोरों के सक्रिय होने की आशंका से गांवों खासकर बिहार सिमा से लगे गांवो में लोग रात में जगकर रहे हैं वहीं थाने की डायल 112नम्बर पुलिस की दोनो गाडी क्षतिग्रस्त हैं। क्षेत्र की सुरक्षा व रात्रि गस्त का जिम्मा दो आपाची और एक थानाध्यक्ष की गाडी के जिम्मा।क्षेत्र मे चोरो के आतंक से क्षेत्र मे लोग कर रहे है रातजग्गा।बताया गया है कि एक 112नम्बर डायल पुलिस की गाडी से एक मामले मे एक गाँव मे गयी थी । मौके पर पहुंच कर गाडी खडी करते समय उस पर एक पेड गिर गया ।गाडी तो क्षतिग्रस्त हो गयी और चालक घायल हो गया और चलते चलते तकनीकी खराबी से बन्द हो गयी ।अब तो क्षेत्र की सुरक्षा व रात्रि गस्त का जिम्मा एक गाडी और दो आपाची के सहारे भी हो रही है ।रात्रि मे 108गाँव की सुरक्षा मे बडी दिक्कत हो रही है ।क्षेत्र मे इस.समय लगभग एक माह से विभिन्न गाँवो मे रात को चोरो की आवाजाही लगी हुई है ।अभी एक सप्ताह मे रामपुर खुरहुरिया साहोपार महदेवा चाँदपार रजवल बरसाथ दुबौली बनरही सहित दो दर्जन गाँवो मे चोर प्रवेश कर चोरी का प्रयास किया ।लेकिन रातजग्गा के कारण चोर चोरी करने मे सफल नही हो पाये । इसके बाद भी जिगिना मिश्र मे राजजग्गा के बावजूद भीषण चोरी हो गयी ।बनरही मे ओझवलिया मे रात को लोगो ने चोर पकड कर पुलिस को सूचना देकर पुलिस को सौप दिया ।गाँव मे शोर सुनकर पुलिस मौके पर पहुंच जाती थी ।लेकिन वाहन न होने से इसका प्रभाव पडा है ।इतना होने के बाद भी पुलिस की गाडी गाँव के तरफ रुख नही कर पा रही है ।जिससे लोगो का मनोबल टुट रहा है ।इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष रणजीत भदौरिया ने बताया की डायल 112 की गाडी डैमेज हो गयी है ।वे दोनो गाडी ठीक करने के लिए गैरेज मे गयी है ।112नम्बर देवरिया के प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि एक दो दिन मे गाडी की व्यवस्था हो जायेगी ।

## महिला जागरूकता शिविर का आयोजन

**कुशीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के अपर जिला जज /सचिव, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा कसया तहसील स्थित गाँव शिवपुर डीह में महिला हाइजिन एवं सेनेटरी पैड की प्रयोग विषय पर जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरीत किया गया। परिवार नियोजन हेतु कंडोम और माला एन गर्भ निरोधक गोलियाँ वितरीत की गयी और महिलाओं को साफ-सफाई, सुरक्षा तथा माहवारी के दिनों में साफ-सफाई हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा व समान समानता के सम्बन्ध में शिविर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी। लिंग चयन तथा महिला उत्पीड़न सम्बन्धि सामाजिक दोष एवं अपराध को जड़ से उन्मुलित करने हेतु जनजागरूकता एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर जानकारी दी गयी। इस शिविर में गाँव की महिलायें व अन्य लोग उपस्थित रहे और विधिक सहायता प्राप्त करने के अधिकार को समझते हुये महिलाओं द्वारा प्रश्न भी पूछा गया जिसका सचिव शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा प्रश्नों के उत्तर देते हुये उनके अधिकारों के साथ-साथ उनकी जिज्ञासाओं के प्रति समूचित विधिक जानकारी दी।

## सेवायोजन पोर्टल से रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं दिव्यांगजन

**देवरिया ।** जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया है कि विभिन्न सरकारी विभाग सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से आउटसोर्सिंग, संविदा आधारित पदों पर भर्ती करते हैं।रोजगार के इच्छुक दिव्यांगजन सहित समस्त अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के वेबपोर्टलके माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांगजन या रोजगार इच्छुक अपने शैक्षिक योग्यता के अनुरूप अपना पंजीकरण सेवायोजन विभाग के वेबपोर्टल रीद्द८ड्ढल्ल.४स्त्र.ल्लू.ल्ल पर करा अपने आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से समय-समय पर साइन इन कर ₹नौकरी के लिए आवेदन करें₹ बटन क्लिक कर अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप नौकरियों में आवेदन कर इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रवेश 20 सितम्बर तक

**देवरिया ।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया शोभनाथ ने बताया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ०प्र० लखनऊ द्वारा आई०टी०आई० में चतुर्थ चरण के प्रवेश के सम्बन्ध में निर्देश जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल से आवेदन एवं रैंक निकालकर 21 सितंबर के सायं 5 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन नही लिया जाएगा। अभ्यर्थी अपना जमा आनलाइन आवेदन की प्रिन्ट अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

## स्वच्छता सेवा अभियान का शुभारंभ

कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक चलने वाले ₹स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024₹ की शुरूआत बुधवार को कुशीनगर में नगर पालिका परिसर से हुई।इस अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा आयोजित स्वच्छता जागरूकता रैली में शहर के विभिन्न संगठनों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी कुशीनगर में विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर के नागरिकों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की गई है।

रैली की शुरूआत नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली नगर पालिका कार्यालय से गांधी चौक, शहीद अमिय चौक होते हुए कसया रोडवेज स्टेशन तक निकाली गई।रैली के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ ली।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि ₹स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रति जन-जन को जागरूक करना भी है।₹ अधिशासी अधिकारी अंकित शुक्ला ने अपने संबोधन में शहर के नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर सहयोग करें। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष और नगर पालिका के स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर वाहिद अली ने कहा कि ₹स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है, यह हमारे जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। रोटरी क्लब के सदस्य हमेशा स्वच्छता अभियानों में सक्रिय रूप से भागीदारी करते रहेंगे।₹ इस अवसर पर सभासद केशव सिंह, प्रभु नाथ सिंह, सभासद प्रतिनिधि साबिर अली, रोटरी क्लब के पदाधिकारी दुर्गेश चतुर्वेदी, दिनेश यादव, सदरे आलम, अखिलेश शर्मा, अमरेंद्र नारायण सिंह, फैयाज खान, हसमुद्दीन अंसारी, रंजीत श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी राजेश प्रभारी उग्रसेन, साकेत गोविंद राव और संजय यादव समेत कई गणमान्य नागरिक और सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय किसान दिवस की बैठक आयोजित की गई।

बैठक दौरान जिला कृषि अधिकारी द्वारा पूर्व माह में आयोजित किसान दिवस की कार्यवृत्ति और निस्तारण आख्या से सभी किसान बन्धुओं को अवगत कराया की पिछले किसान दिवस में प्राप्त 06 प्रकरण में से 04 प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया। कृषक महेन्द्र मणि द्वारा धान खरीद के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से उचित दर पर किसानों के धान का कय कराने हेतु आग्रह किया गया, जिससे कृषकों को धान विक्रय करने में कोई समस्या न आये। वशिष्ट नारायण वरनवाल द्वारा अवगत कराया गया कि नहरों के किनारे दबंगों द्वारा बाउड्री और मकान बना कर नहर पटरी पर कब्जा कर लिया जाता है जिससे कृषि कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। तत्पश्चात उपस्थित किसानों से उनकी समस्याओं जैसे- खाद की उपलब्धता, नहरों व रजवाहों में हेड से टेल तक पानी की उपलब्धता, यूरिया की समस्या, गन्ना पर्ची की समस्या, विद्युत आपूर्ति, सोलर पंप कनेक्शन, सिचांई हेतु अन्य जल संसाधनों की व्यवस्था, फसल बीमा आदि के बारे में जानकारी ली गई। जिसपर किसान संघ के उपस्थित पदेन अधिकारियों व किसान बन्धुओं द्वारा अवगत कराया गया कि खाद्य एवं यूरिया पर्याप्त मात्रा जनपद में उपलब्ध है। विद्युत आपूर्ति भी ठीक है।30 मई को आए तुफान में क्षतिग्रस्त केले की फसल हेतु फसल क्षति आपदा अनुदान मिला है किंतु फसल बीमा योजना की धनराशि नही मिली है, जिसपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि फसल बीमा की धनराशि शीध्र किसानों को दिलाई जाए।उन्होने सभी किसान बन्धुओं से अनुरोध किया कि अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराए एवं प्रिमीयम भी ससमय जमा करे, चूंकि अगर आप फसल बीमा कराते है तो दैवीय आपदा व कठिन परिस्थितियों में हुए फसल क्षति की बीमित धनराशि मिलने से आपको कृषि कार्य में सहायता मिलेगी।

विद्युत आपूर्ति हेतु सोलर पंप ऊर्जा का एक अच्छा श्रोत है, प्रधानमंत्री कुसुम योजना तथा प्रधांनमंत्री सूर्यघर योजना के माध्यम से योजना से आच्छादित होकर अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकते है। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई/नलकूप को निर्देशित किया कि जनपद के सभी नहरों में 100 प्रतिशत हेड से टेल तक पानी पहुंचाया जाए तथा जहॉ कही सफाई कार्य अवशेष है उसे शीध्र प्रोपर साफ-सफाई करा दिया जाए।

ग्राम सभा रामपूर सोहरौना बैतालपूर नहर के पास बेलवा माइनर में रैट होल की समस्या से क्षति हुई सड़कों की मरम्मत करा दी जाए। उन्होने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि सड़कों व नहरो के किनारे उगे झाड़ियो की भी सफाई समसय करा ली जाए। उन्होने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशत किया कि कृषि कार्य के मत्स्य पालन, पशुपालन हेतु आवश्यक किसानों व पशुपालनों को विद्युत कनेक्शन शीध्र दिया जाए।इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका,कुमारसहायक अधिशासी अभियन्ता (बाढ़) नोडल अधिकारी वैकल्पिक उर्जा, फसल बीमा कम्पनी प्रतिनिधि, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि) एंव कृषक बन्धु उपस्थित थे।

## बहन के घर से जाने पर बौखलाये, भाई ने मारी गोली, मुकदमा दर्ज

**आंवला, ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण की लड़की दूसरे समुदाय के युवक के साथ चली गई थी। लड़की के पिता की शिकायत पर आंवला पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लड़की को बरामद कर लिया था और लड़के को जेल भेज दिया था। तभी से वह लड़की अपने पिता के घर रह रही थी। लड़की के पिता ने बताया कि मेरा मंझला बेटा जो कि अपनी बहन की इस हरकत से गांव में व रिश्तेदारी में हुई बेइज्जती से मन ही मन कुंठित रहता था। उसने लड़की को घर में अकेला देखकर उसकी गलती का सबक सिखाने के लिये जान से मारने की नियत से तमंचे से गोली मारी दी और तमंचा लेकर मौके से भाग गया।लड़की के पिता द्वारा अपने बेटे के खिलाफ की गई शिकायत पर आंवला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा₹ विषय पर मॉक एक्सरसाइज कल होगी आहूत

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया की जनपद में दिनांक 20 सितम्बर 2024 को ₹भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा₹ विषय पर मॉक एक्सरसाइज आहूत की जाएगी।उन्होंने बताया कि जनपद में घटित होने वाली आपदाओं के शमन व प्रत्युत्तर हेतु तत्काल प्रभाव से 'इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम' को आदर्श सिस्टम के रूप में जिले में लागू करते हुए ₹जिला स्तरीय इंसीडेंट रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। गठित टीम में सभी संबंधित को महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। जनपद में किसी आपात स्थिति/आपदा के घटित होने पर टीम को क्रियाशील किया जाएगा। उन्होंने बताया की जिला आपदा नियन्त्रण केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर में पूर्व से स्थापित है। सम्पर्क नम्बर 9454416282 05564-240590 है। अग्नि काण्ड आधारित मॉक अभ्यास 20 सितम्बर 2024 को प्रातः 9:45 बजे से जिला अस्पताल परिसर, कुशीनगर में आयोजित किया जायेगा। अग्निशमन विभाग,कुशीनगर द्वारा मॉक अभ्यास कराया जायेगा। भूकंप आधारित अभ्यास केन्द्रीय विद्यालय, गंगरानी, ??कुशीनगर में 20 सितम्बर 2024 को प्रातः 9:45 बजे से क्रियान्वित किया जायेगा। पुलिस विभाग,कुशीनगर द्वारा किया जायेगा।उक्त अभ्यास हेतु प्रेक्षकों में एसडीआरएफ सहित बीएसए व सीएमएस को नामित किया गया है, तथा मॉक एक्सरसाइज के सफल क्रियान्वयन हेतु पुलिस विभाग,स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग, डीपीआरओ, ईओ पडरौना, अग्निशमन अधिकारी, विद्युत विभाग सहित होमगार्ड, डीआईओएस, इडीएम, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा एक्सपर्ट रवि राय आदि को अलग अलग कार्यों हेतु दायित्व सौंपे गए हैं।

# देवरिया उत्तर प्रदेश से प्रहरी मंच की सचिव क्षमा श्रीवास्तव का दिल्ली में सम्मान

**देवरिया ।** देश के प्रति समर्पित सभी प्रहरियों यथाः सैन्य बल, अर्धसैनिक बल और पुलिस और उनके परिवारजनों के जो कवि या कवयित्री हैं उनके लिए बड़ी धूमधाम से प्रहरी मंच ने उरडक, अमलतास कक्ष, केजी मार्ग, नई दिल्ली में मनाया। मंचासीन विभूतियों में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री नरेश नाज, मकाम ट्रस्टी श्रीमती नियति गुप्ता, मुख्य अतिथि मेजर जनरल पीयूष गुप्ता (सेवा निवृत), वैश्विक अध्यक्ष श्रीमती शालू गुप्ता, राष्ट्रीय सलाहकार श्री मुकेश गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.(मेजर) प्राची गर्ग और ट्रस्टी मकाम श्रीमती अनु भारद्वाज रहे। सभी का शाल ओढ़ाकर और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इनके मार्गदर्शन में समस्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रहरी मंच की प्रांतीय इकाइयों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया जिसमें मुख्य भूमिका दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व राजस्थान की रही। पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, तेलंगाना व कर्नाटक इकाई ने भी अपनी उपस्तिथि दर्ज. कराई। रचनाकारों ने ओज, करुण, श्रृंगार और हास्य व्यंग के साथ ही थल, वायु, जल व पुलिस के साथ ही सभी सीक्रेट प्रहरियों के प्रति उमड़ते भावों को जिस प्रकार शब्दों में बाँधा और प्रस्तुत किया उनकी विषमताओं को जिसने महसूस किया हो, देखा हो सिर्फ.वही व्यक्त कर सकता है । सुबह 10:30 से जलपान उपरांत दीप प्रज्ज्वलन उपरांत माता शारदे की वन्दना



हुई. तत्पश्चात नरेश नाज ने सभी पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए अपने हाथों से असमी गमछा ओढ़ाया। देशवासियों को जगाने वाला उनके गीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी के काव्य पाठ का क्रम शुरू हुआ और पाठ उपरांत एक के बाद एक सभी कवि-कवयित्रियों को सम्मान चिन्ह व पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी का संदेश देता एक-एक पौधा और जूट निर्मित थैला प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों से अध्यक्ष मीता गुप्ता जी, उपाध्यक्ष नीरज त्यागी जी, सचिव क्षमा श्रीवास्तवा, समोद सिंह, स्वदेश सिंह, देवेंद्र जी, ज्योति श्रीवास्तव, इंदिरा जी, सुरभि श्रीवास्तव जी, मनीषा जी और विमल जी ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया ।

## सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन के गांधी सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में कृषकों की समस्याओं को सुना और उप कृषि निदेशक, से समस्त शिकायतों को कराकर सम्बन्धित विभाग को अनुपालन हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिये तथा अगली बैठक में सभी शिकायतों के अनुपालन कराने के निर्देश दिये।

उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने उपस्थित कृषकों को गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त 05 शिकायतों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। इसके बाद उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस समय विभाग में तोरिया बीज का मिनीकिट आया है जो किसान इच्छुक हों वो अपने राजकीय कृषि बीज भण्डार से बीज पीओएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा राई का भी बीज शीघ्र ही प्राप्त हो जायेगा जिसको किसान गोदाम से प्राप्त कर समय से बुवाई कर सकते हैं। साथ ही कृषकों से अनुरोध किया गया कि तिलहनी एवं दलहनी फसलों का रकबा बढ़ाया जाय। विभाग में संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) सोलर पम्प योजना के बारे में जानकारी दी गयी कि एचपी एसी, 7.5 एचपी एसी एवं 10 एचपी एसी क्षमता में बुकिंग हेतु पोर्टल खुला है। इच्छुक किसान सोलर पम्प हेतु बुकिंग करा सकते हैं। जिस पर 60 प्रतिशत अनुदान देय है तथा शेष 40 प्रतिशत कृषक अंश की धनराशि ऑनलाइन अथवा चालान के माध्यम से जमा करना होगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यूरिया, डीएपी एवं एनपीके की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। जिले में उर्वरकों की कमी नहीं है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने फसलों में होने वाले रोग झोंका, झुलसा रोग होने पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव करने की सलाह दी। साथ ही बताया कि बखारी लेने पर अधिकतम रू0 2000 का अनुदान देय है।

## आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली से होगा पेंशन का भुगतान

**देवरिया ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कृष्ण कांत राय ने बताया है कि जनपद देवरिया के सभी दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन के लाभार्थियों का आगामी किस्त का भुगतान शासन स्तर से आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

पेंशन का लाभ लेने वाले को बैंक खाते में एनपीसीआई की प्रक्रिया पूरा कराना होगा, जिससे कि दिव्यांग पेंशन व कुष्ठावस्था पेंशन खाते में समय से भेजा जा स उन्होंने सभी दिव्यांगजनो से अनुरोध किया है कि वे अपने पेंशन के खाते को बैंक में जाकर आधार लिंक कराते हुए एनपीसीआई जल्द से जल्द करा लें।

## मंत्री, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश




**ललितपुर।** स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने ह्यस्वच्छता ही सेवाह्य कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान राज्यमंत्री द्वारा उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम जनमानस से स्वच्छता रखने की अपील करते हुये उपस्थित सफाई कर्मचारियों को पी0पी0ई0 किट वितरित करते हुये प्रोत्साहित किया। राज्यमंत्री द्वारा स्वच्छता के सम्बन्ध में समस्त अतिथिगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। स्वच्छता ही सेवा के कार्यक्रम में राज्यमंत्री समेत उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुये घंटाघर प्रांगण पर झाडू लगाकर आम जनमानस को स्वच्छता रखने का संदेश दिया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा भी शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने हेतु संदेश दिया गया है। राज्यमंत्री द्वारा उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ कमार्बाई पार्क में वृक्षारोपण किया गया। नगर पालिका परिषद प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सुरक्षा मित्र शिविर का आयोजन कर सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुये परामर्श एवं दवाईयों वितरित की गयी। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मु0 मुश्ताक अहमद, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी चन्द्रभूषण प्रताप, राज्यमंत्री श्रम एवं रोजगार उन्मूलन प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, महामंत्री भाजपा बब्बू राजा बुन्देला, पालिका के समस्त पार्षदगण समेत अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, राजस्व निरीक्षक आशुतोष, वरिष्ठ लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, कनिष्ठ लिपिक महेन्द्र सिंह यादव गैरिज प्रभारी संजय बाल्मीकि, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ लिपिक अभिषेक कुमार चैबे द्वारा किया गया।

# शंकर शाह और कुंवर शाह का मनाया गया बलिदान दिवस



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा बरहज के एक मैरेज हाल में राजा शंकर शाह और उनके पुत्र रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने अमर बलिदानियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर किया । उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों और कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई ऐसे वीरों का योगदान है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। इन वीरों में गोंडवाना (गढ़ा कटंगा) साम्राज्य के राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह का नाम अमर है। राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके बलिदान की पुण्य स्मृति में हर वर्ष 18 सितंबर को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गोंड समाज के लोगों का सम्मान भाजपा में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ने आदिवासी समाज, वन टांगिया समाज तथा सभी जनजाति समाज के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है ।जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान न केवल गोंडवाना के इतिहास में बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अद्वितीय स्थान रखता है। उनका संघर्ष और बलिदान हमें यह सिखाता है कि मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्राणोत्सर्ग भी कुछ नहीं है। उनका यह त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय गोंड, भाजपा के प्रवक्ता एस एन सिंह, रामधनी गोंड ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अंतयार्मी सिंह, मुन्ना खरवार, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री प्रमोद शाही, प्रभाकर तिवारी, श्याम जायसवाल, विजय गोंड, राजू गोंड, सिंह, रामजोखन निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभयनाथ तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक




**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में विभिन्न मतदेय स्थलों के सम्भाजन के प्रस्ताव व आपत्ति के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जन प्रतिनिधि गण एवं समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों/अध्यक्ष/मंत्रीगण के साथ बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदेय स्थलों के सम्भाजन बढाए या घटाए गए मतदेय स्थलों एवं मतदान केन्द्रों के बारे आपत्ति एवं प्रस्ताव के बारे में पूछ-ताछ की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधन के उपरान्त विधानसभा 329-खड्डा में 1 मतदान केन्द्र घटाने व 1 मतदेय स्थल बढाने, विधानसभा 330-पडरौना में 5 मतदान केन्द्र घटाने व 3 मतदेय स्थल बढ़ाने, विधानसभा 331 तमकुहीराज में 1 मतदेय स्थल बढ़ाने, विधनसभा 332 फाजिलनगर में 1 मतदेय स्थल बढ़ाने, विधानसभा हाटा 334 में 2 मतदान केन्द्र बढ़ाने, विधान सभा-335 रामकोला में शून्य परिवर्तन, 333 विधानसभा कसया में शून्य संशोधन/ परिवर्तन की बात से सभी को अवगत कराय गया। इन स्थलों में संशोधन जर्जर भवनों को बदलते हुए अच्छे भवनों में स्थानांतरित तथा 1400 से अधिक मतदाता सूची में नामावलियो के आधार पर व अन्य कारणों के दृष्टिगत किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रतिनिधि को कोई आपत्ति है तो कृपया अभी ही अवगत कराए। सभी प्रतिनिधियों के द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष भोला प्रसाद यादव, भजपा जिला संयोजक केशव नाथ उपाध्याय, अपना दल एस जिला उपाध्यक्ष अनुज तिवारी, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी जिला मंत्री अयोध्या लाल श्रीवास्तव, आमआदमी पार्टी अध्यक्ष राम अवध गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि भाजपा रूद्र प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी हाटा, तमकुहीराज, खड्डा, कप्तानगंज आदि जनपद स्तरीय अधिकारी एंव निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी कमाल असगर रिजवी, मकसूद अहमद, शशि मधेसिया, उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

सीतापुर। स्थानीय लालबाग स्थित हिन्दी सभा के नरोत्तम सभागार में कार्यकारिणी की बैठक आशीष मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। महामंत्री रजनीश मिश्र ने बैठक को संचालित किया। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् अमिय किरण अवस्थी की उपस्थित में वार्षिकोत्सव की तिथियों पर विचार विमर्श किया गया। साहित्यकार झनकार नाथ शुक्ल ने साहित्यिक प्रतियोगिताओं हेतु अपने विचार रखे। विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताओं की सूचना भेजना, साहित्यिक परिचर्चा इत्यादि के बारे में वरिष्ठ साहित्यकार अरूणेश मिश्र ने अपने विचार व्यक्त किये। कोषाध्यक्ष भगवती गुप्त ने स्मारिका के माध्यम से धन संजय का प्रस्ताव रखा। उपाध्यक्ष रमाशंकर मिश्र ने बडे-बड़े उद्योगपतियों से विशिष्ट सहायता प्राप्त करने हेतु अपने विचार रखे। अरूण शर्मा बेधड़क ने प्रचार करने की जिम्मेदारी वहन की। पुस्तकालय निदेशक उदय प्रताप त्रिवेदी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक के मंचन की रूपरेखा वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव के माध्यम से प्रस्तुत किया। शिक्षाविद् राम प्रकाश पांडेय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे वाद विवाद, भाषण, काव्य रचना, समस्या पूर्ति आदि पर अपने विचार रखे। अन्त में महामंत्री रजनीश मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी से तन मन धन से सहयोग देने की अपील की।

## समस्याओं को लेकर व्यापारियों की बैठक

सीतापुर। महोली नगर के एक हॉल में उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के व्यापारियों की एक बैठक हुई। नगर अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें मुख्य मुद्दा नगर पंचायत द्वारा वाटर टैक्स और हाउस टैक्स की बढ़ी कीमतों पर चर्चा की गई। बैठक मे मौजूद सभासद बिंदु बाजपेई वीरेंद्र चौधरी, सिंकु शुक्ला प्रतिनिधि सभासद ने कहा की नगर पंचायत की अगली बैठक में इस पर चर्चा होगी। इसको कम करवाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं व्यापारियों की साप्ताहिक बंदी और नगर मे फैले अतिक्रमण पर भी चर्चा की गई। लेकिन चर्चा का कोई रिजल्ट नहीं निकल पाया। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल के महामंत्री बंटी मिश्रा अरविंद चौधरी सिंकु शुक्ला बिंदु बाजपेई अशोक कुमार सिंघल अंकुर सिंघल शुभम सिंघल नदीम हसन रिजवी ऋषभ कुमार राकेश शर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकाली गयी शोभायात्रा

तंबौर सीतापुर । भगवान कच्छप की शोभायात्रा बहुत धूमधाम से निकाली गई । ग्राम रिहार मंदिर से कच्छप भगवान की शोभायात्रा शारदा नदी के किनारे शिवमंदिर रतनगंज गई ।जहाँ नदी में स्नान कर पूजा की गई ।रिहार से लेकर रतनगंज तक करीब 12 किलोमीटर लम्बे मार्ग में शोभायात्रा का कई जगहों पर स्वागत किया गया ।यात्रा के साथ चलने वाले वाहनों से अबीर गुलाल का धमाल मचाते हुए श्रद्धालु धार्मिक जयकारे लगा रहे थे । रतनगंज में शिवमंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर शोभायात्रा के आयोजक शिक्षक संतोष सिंह ,राहुल रघुवंशी,सिद्दार्थ पटेल, तुफैल अहमद,कामरान खान,विजय प्रताप सिंह,चरण सिंह,अरुण सिंह सहित भारी संख्या में दुपहिया व चौपहिया पर श्रद्धालु शामिल हुए ।

## जंगली जानवर का हमला

थानगांव । जंगली जानवर ने मजरा सरैयां भटपुरवा के रड़हापुरवा गांव मे बीती रात को फिर एक कुत्ते को बनाया निवाला। ग्रामीण उमेश मौर्य ,अवधराम,विजय सिंह ,अमरसिंह मौर्य,वीरेन्द्र कुमार आदि लोगों के अनुसार मंगलवार रात मे एक जंगली जानवर गांव मे आ गया ।उनको देखकर कुत्ते भौकने लगे,उनकी आवाज सुनकर ग्रामीण लोग जागते तब तक जंगली जानवर ने गांव के कुत्ते को ही पकड़ कर गांव के उत्तर लगे में पीपल के पेड़ ब्रह्मचारी बाबा वाले मेन मार्ग पर कुत्ते के पेट को फाड़कर सर व पैर छोड़कर निवाला बना लिया। जब सुबह ग्रामीण लोगो ने कुत्ते की शव को क्षतिग्रस्त देखा तो कई लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि कोई बड़ा जंगली जानवर हो सकता है। गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के बीट प्रभारी शियाराम मौके पर पहुँच कर देखा और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी ।उनका भी कहना है कि कोई जंगली जानवर ही है ।और बताया कि वन विभाग की टीम गांव में गस्त करेंगी ।लेकिन अपने छोटे बच्चों को अकेले बाहर न जाने दें व पालतू जानवरों के छोटे बच्चों को घर के अंदर रखे।

# डीएम ने बैठक के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों को दिये निर्देश



सीतापुर। जिला अधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि मलेरिया की जांच न करने वाले सीएचओ को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने पी0एम0 किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, बीज डीबीटी, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, आवास योजना, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, टेल फीडिंग आदि कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा भी की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। सभी स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज का लाभ दिलाए जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लम्बित आवेदनों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत आवंटित धनराशि का नियमानुसार समय से व्यय कराए जाने के निर्देश भी दिए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित व्यक्तिगत शौचालयों की जियो टैगिंग कराए जाने के निर्देश भी दिए।

निमार्णाधीन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा पूर्ण कार्यों का निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शीघ्र हैण्डओवर कराए जाने के निर्देश भी दिए। निर्माण कार्यों की प्रगति की सी0आई0एम0एस0 पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित की जाये। जल जीवन मिशन के अंतर्गत निमार्णाधीन एवं निर्मित सभी ओएचटी की जांच कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पी0एम0 सूर्यघर योजना का प्रचार प्रसार करते हुए योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराए जाय। पशुओं का टीकाकरण एवं इयर टैगिंग निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जाने के निर्देश देते हुए सहभागिता योजना में समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर रिक्त दुकानों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करायी जाये। जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिये कि पेराई सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। अभियान चलाकर गन्ना ढुलाई हेतु प्रयुक्त होने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हरपाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला परियोजना अधिकारी बाल विकास एवं पुष्टाहार मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, उप निदेशक कृषि श्रवण कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार, जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ने सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिकटिहा मजरा तेजासिंह पुरवा के ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर नकल, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है । ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा उपजिलाधिकारी सदर सीतापुर को ज्ञापन सौंपा गया।

जिलामहासाचिव अखिलेश गौतम ने बताया कि वर्ष 2021 के ग्राम पंचायत चुनाव में किए गए परसीमन में विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत जैतीखेडा. के मजरा तेजासिंह पुरवा को ग्राम पंचायत सिकटिहा में जोड़ दिया गया था । परंतु सरकारी दस्तावेजों पर यह कार्य पूरा नहीं किया गया । जिससे ग्रामीणों को काफी समस्याएं हो रही है । और उन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी सहित जिले पर सम्बन्धित को प्रार्थना पत्र भी दिया गया लेकिन कोई निस्तारण नहीं हुआ जिसको लेकर आज राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा उपजिलाधिकारी सदर सीतापुर को ज्ञापन सौंपा गया है । ग्रामीण बताते हैं कि ग्राम पंचायत जैतीखेडा. के मजरा तेजासिंह पुरवा को ग्राम पंचायत सिकटिहा में जोड़ दिया गया। जिससे हम ग्रामीणों को आय जाति निवास जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर नकल सहित अन्य दस्तावेज व सरकारी योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा जिससे काफी दिक्कतें हो रही है । बताया जा रहा है कि ग्रामीणों द्वारा कई बार जरुरी दस्तावेज लेने का प्रयास किया है लेकिन दस्तावेज नही मिल पाए खास बात तो यह है कि ग्रामीण जब कोई जरुरी दस्तावेज लेने की मांग संबंधित से करते हैं तो यह स्पष्ट होना सिद्ध ही नहीं किया जाता कि आखिर निवासी कहां के हैं। और न ही उन्हें कोई जरुरी दस्तावेज दिया जाता है ।जो एक बड़ी समस्या है।

ग्रामीणों की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी सदर सीतापुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि सीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाए। ज्ञापन सपना के दौरान उप जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया की सीख रही इसका निस्तारण कराया जाएगा । यदि शीघ्र ही ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो संगठन ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान एडवोकेट अरुण कुमार राज, मोतीलाल, हीरालाल, पंकज यादव, देशराज, आयुष रावत, जितेंद्र कुमार सहित पदाधिकारी ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्रामक रोगों पर रोकथाम का प्रयास



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सकरन क्षेत्र के प्रभावित गांवों में टीम भेज कर दवाइयों का वितरण किया गया। संक्रामक रोगों पर रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

सकरन क्षेत्र में फैले संक्रामक रोगो के रोकथाम के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें निकली। डॉ.आदिअंत वर्मा एलटी राजेन्द्र प्रसाद ने क्षेत्र के तारपारा में कैम्प लगा कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान करीब 100 मरीजो के स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर जो बीमार निकले उनको दवाइयों का बितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों ने लोगों को बताया कि बुखार आने पर तुरन्त नजदीकी पीएचसी व सीएचसी पर जाकर डॉक्टर से परामर्श लेकर दवाइयां लें । रात में बाहर खुले में न सोएं । बगैर चिकित्सक की सलाह दवाइयों का सेवन न करें । इस मौके पर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य हरगोबिंद यादव, आशा बहू के अलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## एचआईवी की जागरूकता को प्रोत्साहित किया



पुरवा, उन्नाव। एचआईवी की जागरुकता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा गांव मिजार्पुर में लोगों को प्रोत्साहित किया गया। ग्राम सभा मिजार्पुर सुम्हारी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आईसीटीसी महेश कुमार व कोटेदार हरिशंकर, आशा कुमुद अवस्थी, आशा रीना देवी, आंगनवाड़ी रेखा त्रिपाठी, सहायिका निशा बाजपाई, टी आई से ओ आर डब्लू प्रीति व वैशाली कश्यप आदि मौजूद रही। आईसीटीसी काउंसलर महेश कुमार के द्वारा एचआईवी के बारे में जानकारी दी गई साथ ही एचआईवी फैलने तथा बचाव के कारण बताए गए सभी लोगो को अपनी अपनी एचआईवी जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सामाजिक लांक्षन व भेद भाव को दूर कर समाज में समानता का व्यौहार करने के साथ अपील की गई।

## मच्छरों से करें बचाव, संक्रामक रोगों से बचें

सीतापुर । बरसात के मौसम में जान लेवा बीमारियों से बचने के लिये गोंदलामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धीरज मिश्रा ने लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियों का फैलना सबसे ज्यादा खतरा होता है । क्योंकि इस मौसम में नमी और पानी के कारण संक्रमण फैलने के लिए सबसे ज्यादा संभावना होती है ।

उन्होंने बताया कि मलेरिया बरसात में होने वाली आम बीमारी है। लेकिन गंभीर संक्रमण बीमारी है । जो जल जमाव से पैदा होने वाले मच्छरों के काटने से होती है। यह रोग मादा येनाफिलिज मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू बुखार भी मच्छरों के काटने से ही फैलता है । लेकिन डेंगू फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पनपते हैं । इस बात का विशेष ध्यान रखें एडिज मच्छर के काटने से फैलने वाले इस रोग का प्रभाव मरीज के पूरे शरीर और जोड़ों में तेज दर्द के रूप में होता है । इससे बचने के लिए मच्छरों से बचें और घर से निकलने से पहले शरीर को पूरी तरह ढक कर रखें। बरसात के मौसम में डायरिया सबसे आम समस्या है । जो जीवाणुओं के संक्रमण के कारण होता है। इसमें पेट में मरोड़ होने के साथ ही दस्त लगना प्रमुख है । यह खास तौर से बरसात में प्रदूषित पानी और खाद्य पदार्थों के सेवन के कारण होता है। अतः खाद्य पदार्थ को ढक कर रखें पानी उबाल हुआ और छाना हुआ पिए और हाथ धोने के बाद ही कुछ खाए। विब्रियो कोलेरा नमक जीवाणु के कारण फैलने वाला यह रोग दूषित भोजन व पेय पदार्थ के कारण होता है। पेट में ऐंठन के साथ ही लगातार होने वाले उल्टी दस्त इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। जिनके कारण शरीर में पानी की कमी और मिनरल की कमी हो जाती है और मरीज बेहद कमजोर हो जाता है इससे बचने के लिए खाने पीने संबंधी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें । चिकनगुनिया भी मच्छरों से फैलने वाला बुखार है। जिसका संक्रमण मरीज के शरीर के जोड़ों पर होता है और जोड़ों में तेज दर्द होता है इससे बचने के लिए जल जमाव से बचें । ताकि इसमें पनपना वाले मच्छर बीमारी ना फैलाएं । डॉ धीरज मिश्रा ने बताया कि मलेरिया को हल्के में नहीं लेना चाहिए मलेरिया एक बहुत खतरनाक बीमारी है। मलेरिया से बचने के लिए घर के अंदर और आसपास पानी जमा होने से रोके । डीटी का छिड़काव कार खुद को मच्छर काटने से बचाएं। टाइफाइड भी संक्रमण से ही फैला है। मानसून के मौसम में संक्रमित पानी वह खाद्य पदार्थ से होने वाली इस बीमारी में तेज बुखार आता है। कई दिनों तक बुखार आता रहता है तरल पदार्थ खूब लें तथा चिकित्सक की सलाह लें। डॉ धीरज मिश्रा ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोंदलामऊ के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में निरोधात्मक गतबिधिया कराई जा रही है ।

## जश्न ए ईद मिलाद-उन-नबी पर एक दिवसीय जलसा का आयोजन



तम्बौर सीतापुर/ कस्बे के पुरानी बाजार में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी अकीदत के साथ रात्रि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर एक दिवसीय जलसा का आयोजन किया गया।

जलसा की अध्यक्षता हजरत मौलाना इस्लामुलहक जहांगीराबादी व कारी अबरार मजाहरी ने की वही बड़े ही खूबसूरत अंदाज में निजामत कर रहे कारी सलाहउद्दीन सीतापुरी ने लोगों को खूब हंसाया। जलसे में मुकामी शायरों में डॉ0 महताब, अमीरुल हसन, आदाब हुसैन, हाफिजुल्लाह हैदर ने नात ए पाक पढ़ा तो कारी अबरार मजाहरी व मुफ़्ती हस्सान ने मोहम्मद साहब की जीवनी पर विचार रखे। अंत में मुख्य अतिथि हजरत मौलाना इस्लामुलहक साहब ने उपस्थित लोगों से कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब आज के ही दिन पैदा हुए और वफात भी आज के ही दिन पाए थे। मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर लोगों को चलना चाहिए। उन्होंने नशाखोरी से परहेज करना, बुराइयों से बचना आदि बातों के बारे में लोगों को समझाया। मौलाना इस्लामुलहक साहब ने खासकर शिक्षा तालिम पर जोर देते हुए कहा कि इल्म के बगैर दुनिया अंधेरी कोठरी है। इसलिए सभी लोग अपने-अपने बच्चों को स्कूल, मदरसा भेजकर इल्म से आरासता कराए लोग कहते हैं उस्ताद का दर्जा मां बाप के बराबर है वह गलत है माँ बाप की जगह कोई नही ले सकता इस लिए अपने वालिदैन की खिदमत किया करो हालांकि उस्ताद का भी अहम है लेकिन मां बाप के बराबर नही क्योंकि मां बाप की खिदमत से ही जन्नत है। इस मौके पर सैय्यद रेहान सभासद, आजम बेग, शेख जियाउल्लाह, हाफिजुल्लाह, समीर, अजीज गौरी, हाजी शामून खां, साबिर अली, जियाउल हक, शीश खान, खुर्शीद गौरी, हाशिम गौरी, नफीस सलमानी, डॉ0 मोईद खान सहित काफी संख्या में कमेटी लोग उपस्थित रहे।

## गंगा व पांडु नदी का जलस्तर बढ़ा समस्या से जूझ रहे ग्रामीण



पाटन उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गंगा व पांडु नदी के बीच बसी दो ग्राम सभाओ दूलीखेड़ा व लाल खेड़ा में गंगा का जलस्तर बढ़ने से गांव सभा के मजरों में बढ़ रही समस्याओं को लेकर नवागत उप जिला एसडीएम रणवीर सिंह ने गांव पहुंच कर लोगों की समस्याएं जानी और अधीनस्थों को ग्रामीणों की समस्याओ के समाधान के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए।

एसडीएम रणवीर सिंह सुबह 10 बजे दूलीखेड़ा व लाल खेड़ा के मजरों मंझा, धरमपुर, शंभू का पुरवा, भगाने का पुरवा, टेढ़वा, जगनू का पुरवा आदि बाढ़ प्रभावित इलाके का निरीक्षण किया। दूलीखेड़ा प्रधान श्रीकृष्ण यादव व लालखेडा प्रधान कृष्ण देव से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि धरमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में पानी भर जाने से शिक्षा प्रभावित हो रही है। वही बाढ़ की चपेट में आने से सैकड़ो बीघा तिल्ली, मूंग ,उड़द की फसल डूब जाने से नुकसान हुआ है। एसडीएम रणवीर सिंह ने तहसीलदार अरसला नाज से समस्या के संबंध में बातचीत कर लेखपाल कानून गो से गंगा के जलस्तर पर निरंतर नजर रखने के निर्देश दिए।

## पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी करने में असफल

उन्नाव। क्षेत्र के सेमरीमऊ निवासी युवक के ऊपर हुए जानलेवा हमले के मामले में 49 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है ।घटना की जांच कर रही क्राइम ब्रांच से जांच हटाए जाने व आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी किए जाने को लेकर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है ।एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के सेमरीमऊ निवासी अरुण दीक्षित पर अपने जन्म दिन के कार्यक्रम के बाद घर जाते समय एक अगस्त की रात रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपितों ने चाकू व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था ।पीड़ित किसी तरह भागकर जान बचाई थी ।पीड़ित ने आरोपितों पर तमंचे से फायर करने व पेशाब पिलाने का भी आरोप लगाया था ।अरुण की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी ।घटना के 49 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी ना होने से अरुण ने एसपी दीपक भूकर को प्रार्थना पत्र देकर जांच क्राइम ब्रांच से हटाकर किसी दूसरे सर्किल के थाने से कराने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है की क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों को गिरफ्तारी नहीं कर रही है। जिससे आरोपितों के हौसले बुलंद है। आए दिन आरोपित परिजन को धमकी दे रहे है। जिससे जान का खतरा बना हुआ है ।एसपी दीपक भूकर ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## लड़की को भगाने के मामले में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

उन्नाव। थाना अचलगंज में पीडित की पुत्री को जबरदस्ती भगा ले जाने के मामले में धारा 191(2), 333, 137(2), 142, 87 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। 17 सितंबर को थाना अचलगंज पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबन्धित अपहता को सकुशल बरामद करते हुए अभियुक्तगण. जिबरान पुत्र स्व0 अली



जान नि0 ग्राम हडहा थाना अचलगंज उन्नाव उम्र 20 वर्ष, मुशीर खान पुत्र मजीद खान उम्र 30 वर्ष नि0 ग्राम भोजपुर थाना खीरो जनपद रायबरेली से गिरफ्तार किया गया था। वांछित अभियुक्तगण शादाब पुत्र महताब उम्र 23 वर्ष, छम्मन बाबा उर्फ नबी हुसैन पुत्र स्व0 अली हुसैन उम्र 65 वर्ष नि0 ग्राम हडहा थाना अचलगंज उन्नाव को थाना अचलगंज पुलिस द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव, कां0 ओमनारायण, प्रवीण चौरसिया शामिल रहे।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

सीतापुर। कोतवाली महोली क्षेत्र के ग्राम नेवादा निवासी हरिशंकर पुत्र मुन्नालाल अपनी साइकिल से महोली आ रहा था । त रास्ते में ग्राम कारीपाकर के निकट एक कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## किसान दिवस का आयोजन

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही विभिन्न विकास खण्डों के किसान एवं




किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर द्वारा उपस्थित समस्त किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा वर्तमान समय में फसलों में लगने वाले कीट/रोंगों के बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। जिला उद्यान अधिकारी सीतापुर द्वारा मशरूम उत्पादन के विषय में जानकारी दी गयी, जिससे किसान भाई अधिक लाभ अर्जित कर सकते है। बैठक में अधिकांश शिकायतें विद्युत विभाग से सम्बन्धित थी। अध्यक्ष महोदय को उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा गत माह के किसान दिवस की बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया, जिसमें 14 शिकायतों के सापेक्ष 11 शिकायतों का निस्तारण हो पाया था। अध्यक्ष महोदय द्वारा किसान भाइयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को सुना गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया व सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला कृषि अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## ओबरा बांध के 5 गेट खोले गये

सोनभद्र। अधिशासी अभियन्ता, ओबरा बांघ खण्ड, ओबरा ने अवगत कराया है कि ओबरा बाँध के अपस्ट्रीम के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने के कारण ओबरा बाँध के 5 अदद गेट ( संख्या 8.7, 9, 6 एवं 10 ) 17 सितम्बर,2024 को प्रातः आंशिक रूप से खोला गया है, उक्त से रेणु/सोन नदी के जल स्तर वृद्धि होगी। सूचनीय है कि रिहन्द बाँध का जलस्तर पूर्ण क्षमता 870.00 फीट के सन्निकट है एवं जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, तथा इनके गेटों को भी शीघ्र ही खोले जाने की पूर्ण संभावना है। रिहन्द बाँध से निस्तारित जल ओबरा बाँध से होते हुये रेणु/सोन नदी में प्रवाहित होने के कारण ओबरा बांध के डाउन स्ट्रीम में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने बताया कि ओबरा बांध के डाउन स्ट्रीम के निवासियों/आने जाने वाले सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है कि नदी का जलस्तर बढने के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत नदी के आस-पास न जायें एवं नदी के तलहटी के निवासीगण सुरक्षित स्थान पर शीघ्र प्रस्थान कर जायें।

## भारी बारिश के कारण ड्रमंडगंज घाटी में हुआ भूस्खलन

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग के ड्रमंडगंज घाटी में सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग के ड्रमंडगंज घाटी में मंगलवार दोपहर बड़े पैमाने पर कई जगह भूस्खलन हो गया। जिसके चलते नेशनल पर मिट्टी और पत्थरों का मलबा फैल गया है ।मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन होने से भूस्खलन वाले मार्ग पर आवागमन बंद कराते हुए वाहनों को एक लेन से आने जाने दिया गया ।इससे पहले 18 अगस्त को पहली बार 27 अगस्त को दूसरी बार 28 अगस्त तीसरी बार और 4 सितंबर को चौथी बार भूस्खलन हुआ था ।सूचना पर पहुंची एनएचएआई व कार्यदाई संस्था डीबीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी की टीम नेशनल हाईवे पर फैले मिट्टी व पत्थरों के मलबे को हटाने में जुट रही ।लगातार बारिश होने के कारण नेशनल हाईवे पर फैले मलबे को साफ करवाने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम न लगने पाए इसलिए वाहनों को एक लेन से आने जाने दिया जा रहा था। बारिश का क्रम लगातार जारी रहने से अभी भी भूस्खलन का खतरा बना हुआ है ।डीबीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मोहम्मद उस्मान ने बताया कि भारी बारिश के कारण ड्रमंडगंज घाटी में जगह जगह भूस्खलन हो गया है। पहाड़ से गिरे मिट्टी और पत्थरों के मलबे को टीम के साथ मिलकर हटवाया गया। मलबा साफ होने के बाद दोनों लेन से आवागमन शुरू करवा दिया गया।

# एक देश-एक चुनाव

हालिया लोकसभा चुनाव में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा और एनडीए एलायंस को 'चार सौ पार' नारे के अनुरूप सीटें नहीं मिलीं, तो तमाम सियासी पंडितों ने एकतरफा एलान कर दिया था कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की सरकार उतनी प्रभावी और मजबूत नहीं होगी जितनी पहले के दो कार्यकालों में थी। मोदी को अब कोई भी फैसला करने से पहले सभी दलों की राय लेनी होगी। इससे भी बढ़कर यह कि भाजपा या मोदी अब अपने विवादित एजेंडे को आगे नहीं बढ़ा पायेंगे। दरअसल कोई भी व्यक्ति जो परंपरागत ढर्रे की सोचता है वह 18वीं लोकसभा चुनाव परिणामों को देखकर यही समझ बनाता। लेकिन मोदी हमेशा नया सोचते हैं, कुछ कर गुजरने का जज्बा रखते हैं और देश के लिए बड़े से बड़ा फैसला करते समय उसके राजनीतिक परिणामों को नजरअंदाज कर सिर्फ राष्ट्रहित पर विचार करते हैं। ऐसे ही नेता का मूल्यांकन इतिहास दशकों बाद 'स्टेटमैन' के रूप में करता है। मोदी ने अपने फैसलों, कार्यों और उपलब्धियों से पहले ही इतिहास में कई अध्याय अपने नाम कर लिया है, लेकिन इस मुकाम पर भी वे बैठने के बजाय एक राजनेता के रूप में न सिर्फ अत्यधिक सक्रिय हैं बल्कि देश को बेहतरीन परिणाम भी दे रहे हैं। तीसरे कार्यकाल में सौ दिन हुआ है, लेकिन इस छोटी सी अवधि में ही उन्होंने कर्मचारियों के भविष्य को और अधिक सुरक्षित करने और बेहतर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली यूपीएस पेंशन स्कीम की घोषणा कर दी है।




**पीम मोदी ने एक देश–एक चुनाव के संकल्प को मंजूरी देकर एक बार फिर मजबूत नेतृत्व का परिचय दिया है।**

इसी तरह रूस और यूक्रेन की यात्रा कर अनौपचारिक रूप से दोनों देशों के बीच शांति प्रक्रिया के लिए कूटनीतिक प्रयासों को भी तेज करा दिया है। वरिष्ठजनों की बढ़ती संख्या और उनका इलाज देश के लिए बड़ी चुनौती है। इस दिशा में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल करते हुए सभी बुजुर्गों जिनकी उम्र 70 वर्ष या इससे अधिक है, आयुष्मान कार्ड योजना के दायरे में लाने को मंजूरी दे दी। अब सभी बुजुर्ग जिनकी उम्र 70 वर्ष या इससे अधिक होगी, उनको प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ मिलेगा। इसी सौ दिन में देश को आत्म निर्भर बनाने वाले अनेक फैसले हुए है। मिशन सेमीकंडक्टर को गति देने के लिए सेमीकॉन इंडिया का आयोजन हुआ, कई सेमीकंडक्टर कंपनियों के निवेश को मंजूरी मिली, सिंगापुर से तकनीकी सहयोग का समझौता हुआ। ऐसे तमाम कामों की लिस्ट अभी और लंबी हो सकती है, लेकिन इसी बीच 'बहु प्रतीतिक्ष वन नेशन, वन इलेक्शन' योजना को आगे बढ़ाते हुए नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब यह संविधान संशोधन विधेयक के रूप में संसद के शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए रखा जायेगा। एक देश, एक चुनाव बहुत जटिल मुद्दा है। इसे आगे बढ़ाने के बड़े राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है, क्योंकि जो पार्टियां और नेता सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए सियासत में हैं वे कभी इसे पसंद नहीं करेंगे। उनको देश हित से, समाज और विकास आदि से बहुत ज्यादा लेना देना नहीं है। बार-बार चुनाव होने से देश को बहुत नुकसान होता है। चुनाव के कारण सरकार बड़े और कड़े फैसले नहीं कर पाती क्योंकि प्रतिस्पर्धी राजनीति में सियासी नुकसान का डर रहता है। जबकि छोटी-छोटी पार्टियां तमाम तरह के वायदे करके जनता को भरमाने में सफल हो जाती हैं। जबकि सचाई यह है कि देश का विकास वायदों से नहीं होगा और न ही जनता का कल्याण नेताओं की बयानबाजी और नारों से होगा। जनता का कल्याण और देश का विकास विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों से होगा। बार-बार चुनाव देशहित में नहीं है और इसलिए राजनीतिक दलों को निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर देश को चुनावों की अति से बचाने की पहल करनी चाहिए। समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए यही बेहतर रास्ता है।

## विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

–शेक्सपियर.

जब तक 'मत–छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक–एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

–बर्क.

# सीएम कोई हो, पावर हाईकमान के पास रहेगा

डॉ. अनिता राठौर



**मुख्यमंत्री के रूप में आतिशी अगर दिल्ली के स्कूलों जैसा ही सुधार दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था में ले आती हैं, जिसके लिए उनके पास समय कम अवश्य है, लेकिन इच्छाशक्ति जरूर है, तो इससे दिल्लीवासी शराब केस को अनदेखा करके आप पर एक बार फिर भरोसा कर सकते हैं।**

जैसा कि अनुमान था आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दल ने 17 सितंबर 2024 को सर्वसम्मति से 43-वर्षीय आतिशी को दिल्ली के आठवें मुख्यमंत्री के रूप में चुन लिया। सुषमा स्वराज व शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। शराब घोटाले में जमानत पर रिहा होने के बाद अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी और उन्होंने 17 सितंबर को अपना त्यागपत्र लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना को सौंप भी दिया। केजरीवाल का कहना है कि वह अब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उसी समय बैठेंगे जब दिल्ली के मतदाता विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी को जिताकर उन्हें ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे देंगे। दिल्ली में अगले साल फरवरी तक विधानसभा चुनाव संभावित हैं। इस पृष्ठभूमि में यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री को हाई-प्रोफाइल जॉब अवश्य मिला है, लेकिन अति सीमित अवधि के लिए। अगर आप दिल्ली चुनाव जीत जाती है, तो केजरीवाल ही मुख्यमंत्री की कुर्सी में होंगे। आतिशी केजरीवाल को अपना राजनीतिक गुरु मानती हैं। इसलिए केजरीवाल को सलाखों के पीछे से बाहर लाने के लिए वह ही सबसे अधिक संघर्ष/आंदोलन करते हुए दिखायी दे रही थीं। केजरीवाल भी आतिशी पर बहुत अधिक विश्वास करते हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा व वित्त सहित काबिना में सबसे अधिक पोर्टफोलियो दे रखे थे। आतिशी की छवि भी एकदम साफ सुथरी है कि वह जनहित के लिए पूर्णतः समर्पित हैं, जो इस बात से स्पष्ट है कि ऑक्सफोर्ड से शिक्षा ग्रहण करने के बावजूद उन्होंने किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी में मोटे वेतन का जॉब नहीं किया बल्कि मध्य प्रदेश के एक गांव में जाकर शिक्षा व आर्गेनिक फार्मिंग को प्रोत्साहित किया।

उनके पति प्रवीण सिंह तो अभी तक इसी समाज सेवा में लगे हुए हैं और इतना लो-प्रोफाइल रहते हैं कि सोशल मीडिया तक पर भी उनकी तस्वीर मुश्किल से ही देखने को मिलती है। आतिशी की इसी राजनीतिक ईमानदारी के चलते गुरु को शिष्या पर भरोसा है कि समय आने पर सत्ता हस्तांतरण में कोई रुकावट नहीं आयेगी यानी झारखंड जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। इसलिए गोपाल राय, सौरभ भरद्वाज आदि की दावेदारी को एक किनारे करते हुए आतिशी का चयन बतौर मुख्यमंत्री किया गया। बहरहाल, सवाल यह है कि आतिशी का चयन (चुनाव नहीं) भारतीय राजनीति के बारे में क्या कहता है? आप विधायक दल की बैठक में केजरीवाल ने आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा और सर्वसम्मति से उसका समर्थन कर दिया गया। सभी राजनीतिक पार्टियों में सभी मुख्यमंत्रियों का चयन इसी पैटर्न पर किया जाता है। सभी पार्टियों के भीतर लोकतंत्र का अभाव है, जिस पर सर्वसम्मति का महीन पर्दा डाला जाता है।

## दिल्ली में सियासी प्रयोग

चूंकि आतिशी अपनी पार्टी प्रमुख की विश्वासपात्र हैं इसलिए टॉप जॉब पाने का उनका यही मुख्य राजनीतिक गुण है। उन्हें अपनी पार्टी के विधायकों से कितना समर्थन मिलता है, यह तो वक्त ही बतायेगा, क्योंकि विभिन्न सियासी दलों में ऐसी मिसालें मौजूद हैं कि सर्वसम्मति से किये गये फैसले बाद में महत्वाकांक्षी नेताओं की असहमति व नाराजगी की भेंट चढ़ गये। भारत की मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों में परंपरा यह है कि एक या दो शीर्ष नेता ही मुख्यमंत्रियों का चयन करते हैं। आतिशी के संदर्भ में भी इसी पटकथा का पालन किया गया है। लोकतंत्र का तकाजा तो यह है कि विधायक मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में बहुमत से किसी एक का चुनाव करें। लेकिन होता यह है कि एक या दो शीर्ष नेता जिसका चयन करते हैं, उसी के नाम पर मोहर लगा दी जाती है। इस प्रकार के चयन से लोकतांत्रिक प्रक्रिया दिखावटी तो पालन होता है लेकिन वास्तव में यह लोकतंत्र नहीं होता है। साथ ही इसकी वजह से प्रशासनिक गुणवत्ता व लोकतांत्रिक स्वास्थ्य प्रभावित होते हैं। इसका संबंध व्यवस्था कि अन्य खामियों से भी है जैसे पारिवारिक शासन व अपराधीकरण। इस पैटर्न की जड़ें इंदिरा गांधी युग में हैं। जब किसी पार्टी पर एक या दो नेताओं का कब्जा हो जाता है, तो दीर्घकाल में उस पार्टी का स्ट्रक्चर तहस-नहस हो जाता है। देश की किसी भी पार्टी को देख लीजिये, सभी का यही हाल है। जब पार्टियों में टॉप जॉब के लिए ईमानदारी से अवसर नहीं मिलते हैं, तो प्रतिभाओं की परवरिश के लिए भी अनुकूल वातावरण नहीं रहता है। हमारे सियासी दलों को चाहिए कि वह पश्चिमी लोकतंत्रों से प्रेरणा लें। अमेरिका में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के सभी पायदानों पर प्राइमरी होती हैं, जिनमें सभी को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलता है और यह भी सुनिश्चित हो जाता है कि आखिरकार जो आगे जाता है उसमें पार्टी के सदस्यों की भी भूमिका होती है। थोड़े से परिवर्तन के साथ यही हाल इंग्लैंड में भी है। जर्मनी में राजनीतिक पार्टियां संविधान में दर्ज कानून के अनुसार ही अपना कामकाज कर सकती हैं। भारत में केवल प्रक्रियात्मक लोकतंत्र है। बेहतर हो कि एक ऐसा कानून बनाया जाए कि पार्टियों के भीतर भी लोकतंत्र अनिवार्य हो। बहरहाल, पिछली बार जब केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा दिया था, तो उन्होंने भारी जीत दर्ज करके मुख्यमंत्री पद पर वापसी की थी। तब से अब तक यमुना में काफी पानी व गंदगी बह चुकी है। फिर इसके ऊपर लटकी हुई है दस साल से अधिक की सरकार विरोधी लहर भी। इस सबको केवल इस्तीफा कार्ड खेलकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। लेकिन इस्तीफे को नाटकीय अंदाज में लहराते हुए केजरीवाल ने प्रदर्शित किया कि जेल की रोटी ने उनके हौसले को पस्त नहीं किया है। पिछले कुछ माह आप कार्यकताओं पर भले ही भारी पड़े हों, लेकिन केजरीवाल उन्हें चुनावी जंग के लिए तैयार कर रहे हैं, उनमें ऊर्जा डाल रहे हैं और वह भी इस स्पष्ट संकेत के साथ कि हाई कमांड के हाथों में ही चार्ज रहेगा, भले ही आतिशी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठी हों। हालांकि नीतीश कुमार व हेमंत सोरेन का अपने तथाकथित विश्वासपात्रों से मुख्यमंत्री पद वापस पाने का अनुभव तल्ख रहा है, लेकिन केजरीवाल की स्थिति उनसे काफी भिन्न है। आतिशी से किसी भी प्रकार के विद्रोह की उम्मीद ही फिजूल है। वह राजनीति में अपवाद हैं, बिना किसी लालच के जनसेवा के लिए समर्पित हैं।

केजरीवाल ने राजनीतिक प्रभाव भ्रष्टाचार-रोधी प्लेटफार्म की बदौलत हासिल किया है और आप की पहचान व आकर्षण का मुख्य कारण आज भी यही है। इसलिए केजरीवाल की यह घोषणा अच्छी राजनीतिक रणनीति है कि मतदाताओं से 'ईमानदारी का सर्टिफिकेट' मिलने पर ही वह मुख्यमंत्री ऑफिस में लौटेंगे। उनकी यह रणनीति ठोस साबित होती है या 'पीआर स्टंट' (जैसा कि बीजेपी का आरोप है), इस बात पर निर्भर करता है कि ब्रांड केजरीवाल कितना मजबूत व प्रासंगिक रहता है। दिल्ली के चुनाव कब होते हैं- अपने निर्धारित समय फरवरी में या महाराष्ट्र के साथ नवंबर में इस पर भी ब्रांड केजरीवाल की परीक्षा निर्भर है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि बतौर मुख्यमंत्री आतिशी का प्रदर्शन कैसा रहता है। अगर वह दिल्ली के स्कूलों जैसा ही सुधार दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था में ले आती हैं, जिसके लिए उनके पास समय कम अवश्य है, लेकिन इच्छाशक्ति जरूर है। इससे दिल्लीवासी शराब केस को अनदेखा करके आप पर एक बार फिर से भरोसा कर सकते हैं।

## सोशल मीडिया



चीन के साथ भारत के वर्तमान डिप्लोमेटिक रिलेशंस की बात है तो जिस ढंग से मोदी जी की सरकार ने डील की है यूपीए सरकार उसके आसपास भी नहीं थी। सुधांशु त्रिवेदी.



चार राज्यों के विधान सभा चुनाव तथा उप चुनाव एक साथ कराने में सक्षम नहीं हैं, चले हैं पूरे देश का चुनाव एक साथ कराने के लिए, यह सब सिर्फ गुमराह करना है। अखिलेश यादव



एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था के तहत लोक सभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराने संबंधी प्रस्ताव के साथ बीएसपी का स्टैंड सकारात्मक है। मायावती.

# ऋषियों का प्रिय स्थान

## अंतर्दृष्टि

ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। प्राकृतिक सुंदरता, सुरम्य वातावरण और शांति ऋषि-मुनियों को हमेशा आकर्षित करती रही है। इनका एक प्रमुख कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# हारे नेताजी का उदात्त चरित्र

## व्यंग्यलोक

एक नेता को हमने वोट देकर खरीदने का हिसाब बनाया, वह जीता तो बेटे को ऑफिस में जाने से मुक्ति मिल जाएगी, फर्लो दिलाएगा। लोन ले लेंगे। फिर इस लोन को हड़प कर विदेश में जाकर मजे मारने का इंतजाम कराएगा। सरकारी कारखाना दिलाएगा या फिर और कोई सरकारी योजना का मुफ्त मजा दिलाएगा। उस नेता पर मैंने अपना वोट का दांव लगाया। जिस पर 15 हत्या एवं 5 रेप केस चल रहे हैं। उस पर अवैध संपत्ति रखने संबंधी केस भी है और देश के 5 बड़े शहरों व दुनिया के 2 देशों में उसके 12 होटल हैं। कुल मिलाकर बाहुबली-धनबली जंतु, क्रूर, और कांइया टाइप का जीव! वह हर हाल में चुनाव जीत लेगा। यही सोचकर मैंने उसी नेताजी को वोट दिया। लेकिन कमबख्त वह चुनाव हार गया। मारे डर के अब हारने पर मुझे उस नेता को ढाढ़स बंधाना पड़ रहा है। उससे सहानुभूति प्रदर्शित करनी पड़ रही है। हमने कहा- आप हारे नहीं है, बल्कि आपकी नैतिक जीत हुई है। सच्चाई की जीत हुई है। आप चुनाव हारे हैं, लेकिन आपने लोगों का दिल जीता है। चुनाव में धांधली हुई है। बटन आपके नाम का दबाया जा रहा था, लेकिन पर्ची दूसरी पार्टी की आ रही थी। यह सब घपलेबाजी है साहब! आप ठहरे भोले! यह सब भ्रष्टाचार का मामला है। आप बड़े नैतिक और ईमानदार हैं! आपके पास सारा पैसा ईमानदारी का है। दूसरे लोगों के पास बेईमानी है। भ्रष्टाचार है। सरेआम डाका डालते हैं और तो और वोटरों को खूब धमकाते हैं। उनसे जबरदस्ती वोट लेकर भाग जाते हैं। ऐसी धांधली मैंने कहीं नहीं देखी साहब! एक आप हैं, जो बिल्कुल ईमानदार हैं। दूध के पूरे धुले हुए हैं। बल्कि आप तो दूध भी बड़ी तसल्ली से छान-छून कर पीते हैं। आप जैसा सहज, सरल, सीधा नेता मैंने कहीं नहीं देखा है। सच बात तो यह है कि जीत तो आपकी ही हुई है। विरोधी पार्टी वाला देखना एक दिन जेल जाएगा। भले आपको वोट नहीं मिले हों, लेकिन हमारा दिल आपको मिला है। बातों की लंबी भारी-भरकम मालगाड़ी की तरह लंबे वाक्य कहने के बाद मैंने हारने वाले को आराम से हाथ जोड़े। तब हारने वाले ने सारे वाक्यों को एकदम दोहराते हुए कहा- बिल्कुल! आप सही कह रहे हैं। मैं समाजवाद का नारा लगा कर काम करता रहा लेकिन वे पक्के पूंजीबाज निकले। मैंने गरीबों के हक की बात की लेकिन वे अमीरजादे निकले। मैंने निहत्थे, निरीह लोगों की बात की लेकिन उन्होंने बाहुबलियों के सहारे सत्ता हासिल कर ली। लेकिन आप सही कह रहे हैं। मैंने जनता का विश्वास जीता है। ऐसा कहकर हारने वाले ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से हवा में गोलियां दागना शुरू कर दिया। उन्होंने हाथों से अंग्रेजी का वी निशान बनाकर जनता को बहुत-बहुत बधाई भी दे डाली।



रामविलास जॉगिड़

# सोच समझ का स्मार्ट दौर तेजी से बढ़ा अलजाइमर



## स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

सोच-समझ के एक ऐसे स्मार्ट दौर में जब पांच साल का बच्चा ऐसे ऐसे दिमागी कारनामें कर लेता है, जिसकी एक जमाने में 20 साल के युवक से भी उम्मीद नहीं की जा सकती थी, उसी स्मार्ट दौर में बड़े पैमाने पर लोग अल्जाइमर या मनोभ्रंश का शिकार हो रहे हैं। दरअसल यह एक ऐसी समस्या है, जो हमारी सोचने की ताकत, रोजमर्रा के काम करने की क्षमता और दूसरों के साथ हमारे नियंत्रित व्यवहार को प्रभावित करती है या दूसरे शब्दों में कहें तो हम इन सब चीजों से एक उम्र के बाद नियंत्रण खोने लगते हैं या पूरी तरह से खो देते हैं, वास्तव में यही अल्जाइमर या मनोभ्रंश की बीमारी है। अल्जाइमर बीमारी डिमेंशिया जैसे कई लक्षणों का कारण बनता है। इससे हमारी-

- याद्दाश्त चली जाती है।
- बोलने में कंपकंपाने लगते हैं।
- भाषा का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते।
- व्यक्तित्व में स्थिरता नहीं रहती।
- सामान्य रोजमर्रा के कामों को करने में मुश्किल होती है।
- हमारा व्यवहार लगातार अनुचित होता जाता है।

अल्जाइमर रोग का सबसे आम प्रकार मनोभ्रंश या याद्दाश्त के साथ गड़बड़ होना ही है। इस तेज रफ्तार जीवनशैली के दौर में जब लोग इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा तेज सोचते हों, समय से पहले वयस्क हो रहे हों, प्रौढ़ता और गंभीरता एक सदी पहले के मुकाबले दो से तीन साल पहले आ जाती हो, उसी दौर में बहुत तेजी से यह अल्जाइमर या मनोभ्रंश की ऐसी बीमारी लगातार बढ़ रही है, जिसमें एक उम्र के बाद व्यक्ति अपनी जिंदगी खुद से जी पाने में असमर्थ होने लगता है। चिंता की बात यह है कि इस तेज मेडिकल विकास के दौर में अल्जाइमर से पीड़ितों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साल 2020 में पूरी दुनिया में 5 करोड़ लोग अल्जाइमर से पीड़ित थे, जिसमें 56 लाख लोग अकेले अमरीका में थे और तमाम चाकचैबंद स्वास्थ्य व्यवस्था के बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2060 तक अमरीका में अल्जाइमर पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 1,40,00,000 हो जायेगी। जहां तक अपने देश भारत की बात है तो साल 2022 में हमारे यहां अल्जाइमर से पीड़ित लोगों की संख्या 40 लाख को पार कर गई थी और 2023 के एक अध्ययन के मुताबिक 2050 तक सबसे ज्यादा अल्जाइमर से पीड़ित लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ही होंगे। यह संख्या कुल अल्जाइमर्स पीड़ितों की 75 फीसदी तक होगी। इस तथ्य से अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में किस तरह भारत में जबरदस्त अल्जाइमर पीड़ितों की संख्या हो सकती है। अल्जाइमर का रोग दरअसल एक तरह का मस्तिष्क रोग है। मस्तिष्क में कुछ प्रोटीन जमा हो जाने की वजह से ये होता है और समय के साथ यह बढ़ता रहता है। सबसे खतरनाक बात यह है कि अल्जाइमर का कोई इलाज नहीं है। कुछ दवाएं लाइफ क्वालिटी को महज बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस्तेमाल होती हैं। शायद अल्जाइमर की इसी भयावहता को चिन्हित करने के लिए और लोगों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 21 सितंबर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य यह होता है कि हर शख्स इस भयानक बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जाने और इसे लेकर सचेत रहे। जहां तक अल्जाइमर होने के तीन सबसे बड़े कारणों की बात है, तो इनमें पहला कारण यह है कि हम एक स्थिति के बाद अपने दिमाग का इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं और जिंदगी जीने के लिए ज्यादा से ज्यादा उपकरणों और तकनीकों पर निर्भर हो जाते हैं। इससे मस्तिष्क को नियमित मिलने वाला तनाव और एक्सरसाइज कम हो जाती है, नतीजतन हम मनोभ्रंश या अल्जाइमर की तरफ बढ़ने लगते हैं। दूसरा प्रमुख कारण हमारी जीन भी होती है। अगर हमारे मां-बाप या वंशवेल में किसी को यह समस्या होती है तो वह आगे भी बढ़ती रहती है। साथ ही अगर कभी सिर पर ऐसी गुम चोट लग जाए, जिससे सोचने समझने की क्षमता प्रभावित हो, तो भी यह चोट अल्जाइमर में परिवर्तित हो सकती है। बड़े पैमाने पर मोटर वाहन दुर्घटनाओं के शिकार लोग अल्जाइमर से पीड़ित पाये गये हैं। जो लोग लगातार तनाव और अवसाद में जीवन गुजारते हैं, उन्हें भी अल्जाइमर की बीमारी होने की सबसे बड़ी आशंका रहती है। क्योंकि लगातार अवसाद में रहने से मस्तिष्क में एमिलॉयड बीटा प्रोटीन जमा हो जाता है, जो अल्जाइमर रोग का कारण बनता है। अल्जाइमर से बचाव के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ व सक्रिय रहना जरूरी है।

## आप की बात

### उद्यमों को प्रोत्साहन

छोटे उद्योग रोजगार, समृद्धि और देश की तरक्की के लिहाज से बहुत अहम हैं। देश की इतनी बड़ी आबादी को नौकरी देना किसी के लिए संभव नहीं है, लेकिन अगर इतनी बड़ी आबादी सिर्फ सिर गिनने के लिए न हो बल्कि सिर से दुगुने हाथ बन जायें तो फिर रोजगार की कमी भी नहीं रहेगी। प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये हैं तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है। लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी में प्रवेश की उम्र सीमा घटानी चाहिए। अभी सरकार ने अधिकतम उम्र सीमा चालीस वर्ष कर दी है। इसी तरह आरक्षित वर्ग को तीन से पांच साल की छूट मिलती है। ऐसे में अगर पैंतालिस साल का व्यक्ति सरकारी नौकरी में आवेदन डालेगा तो नौकरी मिल भी जाती है तो दो-तीन साल लग जायेंगे। अब पैंतालिस साल के बाद नौकरी मिल भी जाये तो भी महज दस-पन्द्रह साल में व्यक्ति रिटायर हो जायेगा। सरकारी नौकरी की उम्र सीमा बढ़ने के कारण बड़े पैमाने पर युवक नौकरी की आस में तैयारियां करते रहते हैं और जब वे चालीस पार कर जाते हैं तो फिर आगे कुछ करने का उत्साह कम हो जाता है। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि 25 साल के अंदर ही युवक सरकारी नौकरी, प्राइवेट नौकरी या फिर कोई उद्यमिता अपना लें। ऐसा करने से राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का अधिक योगदान हो सकेगा। युवाओं में कौशल विकसित करने से इनको रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

**कृष्ण कुमार सिंह, हरदोई.**

### महिलाओं की सुरक्षा अपराध

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए कितना गंभीर हैं?

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## पीबीपार्टनर्स के शिखर के तीसरे संस्करण का आयोजन

नई दिल्ली। पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स के अंतर्गत ब्रांड, पीबीपार्टनर्स ने अपनी शिखर: पार्टनर्स फॉर प्रोग्रेस ईवेंट के तीसरे संस्करण का समापन किया। दिल्ली में आयोजित यह कार्यक्रम पीबीपार्टनर्स के पीओएसपी एजेंट पार्टनर्स के लिए डिजाइन किया गया है। लाइफ इंश्योरेंस पार्टनर्स के लिए डिजाइन किए गए इस कार्यक्रम में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत के लगभग 50 सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले एजेंट पार्टनर्स ने हिस्सा लिया और सहयोगपूर्ण भावना एवं मिलकर सफलता अर्जित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। शिखर एजेंट पार्टनर्स को सशक्त बनाने के हमारे सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारी सफलता हमारे द्वारा विकसित की गई मजबूत पार्टनरशिप्स पर आधारित है, और इस कार्यक्रम में हमें अपने एजेंट पार्टनर्स के साथ और गहरा जुड़ाव विकसित करने का अवसर मिलता है। हम एजेंट पार्टनर्स को अपना बढ़ाने के लिए आवश्यक टूल्स, जानकारी और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन से बचत बढ़ाने में मिलेगी मदद

कानपुर। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन लॉन्च किया है। यह एक मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट है, जो ग्राहकों को कम लागत और टैक्स बचत के साथ रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करता है। वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए रिटायरमेंट की योजना बनाना महत्वपूर्ण है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को रिटायरमेंट के लिए बचत और आय सृजन करने की योजना बनाने में मदद करता है। अपने मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट, आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन की पेशकश करते हुए खुशी हो रही है। इससे ग्राहकों को अपना रिटायरमेंट फंड बनाने में सहायता मिलेगी, जिससे वे भारत के विकास में योगदान दे सकेंगे। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को इक्विटी में 100 प्रतिशत निवेश की सुविधा देता है और रिटर्न को अधिकतम करने के लिए इक्विटी, डेट और बैलेंस्ड फंड के बीच असीमित मुफ्त स्विच प्रदान करता है।

## फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज स्मार्टफोन नयी रेंज पेश

नई दिल्ली। नया स्मार्टफोन खरीदने का बहुप्रतीक्षित वार्षिक आयोजन वापस आ गया है और फ्लिपकार्ट के ऑफर पहले से कहीं अधिक आकर्षक हैं यह तकनीकी उत्साही और सामान्य खरीदारों दोनों के लिए स्मार्टफोन की विस्तृत रेंज पर शानदार डील पाने का एक बेहतरीन मौका है। चाहे आप टॉप-टियर स्पेसिफिकेशंस वाला फ्लैगशिप स्मार्टफोन चाहते हों, मिड-रेंज परफॉर्मर ढूंढ रहे हों, जो परफॉर्मेंस और वैल्यू के बीच संतुलन बनाए रखे, या फिर एक बजट-फ्रेंडली डिवाइस चाहते हों जो पैसे का पूरा मूल्य प्रदान करता हो, फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल में सभी के लिए कुछ न कुछ है। भारी डिस्काउंट, एक्सचेंज ऑफर और नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्पों के साथ, अपने स्मार्टफोन को अपग्रेड करना पहले से कहीं अधिक आसान और किफायती हो गया है। यहां फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल में खरीदने लायक कुछ बेहतरीन स्मार्टफोन्स की सूची दी गई है।

## देश के निर्माण में एक मजबूत नींव रखी गयी

नई दिल्ली। एक छोटे से गरीब परिवार में जन्म लेने वाले मोदी जी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बन कर इतिहास रच चुके हैं। लगातार 10 साल तक भारत के विकास को समर्पित, भारत की सुरक्षा को समर्पित और भारत के गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार चलाने के बाद देश की जनता ने एक बार फिर मोदी सरकार को अपना जनादेश दिया। देश की जनता का यह जनादेश बताता है कि लोग मोदी के नेतृत्व पर किस कदर भरोसा करते हैं। अमित शाह ने विकसित भारत के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने बताया। 60 साल के बाद पहली बार देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है।

## पर्नोड रिकार्ड इंडिया की नयी रेंज पेश

नई दिल्ली। पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने नयी रेंज पेश किया है जिसे खासतौर पर गेमचेंजर्स के लिए तैयार किया गया है जो अपने जीवन के हर पहलू में प्रमाणिक और विशिष्ट अनुभव हासिल करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं इस विशिष्ट स्मोकी मिश्रण को गहरे जले हुए डबल बैरल में तैयार किया गया है और यह अपनी कैटेगरी में अनूठी पेशकश है जो सीग्राम रॉयल स्टैग डबल डार्क को उपभोक्ताओं के नये स्वाद पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

# सेंसेक्स 131 अंक गिरा



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 131 अंक टूटकर रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। निवेशकों ने अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले मुनाफावसूली को तरजीह दी।

कारोबार के दौरान दोनों मानक सूचकांक... सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये थे। हालांकि, दोपहर कारोबार में निवेशकों के उच्चस्तर पर मुनाफावसूली से इसमें गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 131.43 अंक यानी 0.16 प्रतिशत टूटकर 82,948.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 246.72 अंक चढ़कर नये शिखर 83,326.38 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 41 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,377.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 63.65 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 25,482.20 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में तीन-तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और टाटा मोटर्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर लाभ में रहे। निफ्टी पूर्वाह्न कारोबार के दौरान एक समय नई ऊंचाई 25,482 अंक पर पहुंच गया था। लेकिन दोपहर के कारोबार में इसका लाभ जाता रहा और यह 41 अंक की गिरावट के साथ 25,377 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार चौथे सत्र में दिशा प्राप्त करने में विफल रहा और सीमित दायरे में रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की दो दिवसीय बैठक आज संपन्न होगी। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की अगुवाई वाली एफओएमसी नीतिगत दर में संभवतः एक चौथाई प्रतिशत की कटौती कर सकती है। हालांकि, कुछ तबकों में 0.50 प्रतिशत की कटौती की भी चर्चा है। मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.71 प्रतिशत और छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 0.52 प्रतिशत नीचे आया। मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रदर्शन हल्का रहने के साथ घरेलू बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिली।

# 6.9 करोड़ हुई अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंशधारकों की संख्या लगभग सात करोड़ हो गई है।

सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस योजना के तहत जमा कुल राशि बढ़कर 35,149 करोड़ रुपये हो गई है। एपीवाई एक कम लागत वाली पेंशन योजना है जो 60 वर्ष की आयु के बाद (अंशधारकों के योगदान के आधार पर) 1,000-5,000 रुपये प्रति माह की न्यूनतम पेंशन की गारंटी देती है। अंशधारक की मृत्यु होने पर उसके जीवनसाथी को उसके जीवनकाल तक वही पेंशन दी जाएगी। अंशधारक और पतिपत्नी दोनों की मृत्यु होने पर पूरी राशि नामित व्यक्ति (नॉमिनी) को दे दी जाती है।

उन्होंने कहा कि साल 2015 में इसकी शुरुआत के बाद से 6.90 करोड़ लोगों ने अटल पेंशन योजना की सदस्यता ली है और 35,149 करोड़ रुपये का कोष जमा हुआ है।

## बीओबी को मिला लगातार तीसरी बार राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा को राजभाषा के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारत सरकार की राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-2024 के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार भारत मंडपम, नई दिल्ली में दिनांक 14 सितंबर, 2024 को आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कर कमलों से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने प्राप्त किया। गौरतलब है कि बैंक ऑफ बड़ौदा को राष्ट्रीयकृत बैंकों की श्रेणी में लगातार तीसरी बार राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ है जिसमें दो वर्ष प्रथम पुरस्कार तथा एक वर्ष द्वितीय पुरस्कार शामिल है।

# सरकार को खाद्य कीमतों में स्थिरता की उम्मीद : खाद्य सचिव

नयी दिल्ली। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि चीनी और खाद्य तेलों जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें स्थिर हैं और आगामी त्योहारी मौसम के दौरान इनके दाम में कोई उछाल आने की आशंका नहीं है। चोपड़ा ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि घरेलू तिलहन किसानों को समर्थन देने के उद्देश्य से कुछ खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क में हाल ही में की गई बढ़ोतरी से कीमतों में कोई खास उछाल नहीं आएगा।

चोपड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को उचित स्तर पर बनाए रखने में सक्षम हैं। आगामी त्योहारी मौसम की स्थिति बेहतर दिख रही है। हमें आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में किसी तरह की तेजी की उम्मीद नहीं है। सरकार ने कच्चे सोयाबीन तेल, पाम तेल और सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है।

रिफाइंड वैरिएंट पर शुल्क 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32.5 प्रतिशत कर दिया गया जो 14 सितंबर से प्रभावी है। चोपड़ा ने बताया कि शून्य शुल्क पर आयातित 13 लाख टन खाद्य तेल अब भी स्टॉक में जमा हैं। उद्योग को निर्देश दिया गया है कि वे इस स्टॉक को मौजूदा कीमतों पर तब तक बेचें जब तक यह खत्म न हो जाए। चोपड़ा ने कहा, इस स्टॉक के खत्म होने के बाद भी, शुल्क में वृद्धि के साथ कीमतों में 20 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में थोड़ी कमी आएगी।

सचिव ने इस बात का उल्लेख किया कि पिछले साल अपनाई गई कई नीतियों ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रण में रखने में मदद की है, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की उपलब्धि बताया।

# एनपीएस वात्सल्य योजना शुरू, बच्चों के लिए खोले जा सकेंगे खाते



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत की जिसमें माता-पिता को पेंशन खाते में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने की सुविधा दी गई है।

माता-पिता ऑनलाइन या बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं। वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान 1,000 रुपये है। इसके बाद अंशधारकों को सालाना 1,000 रुपये का योगदान करना होगा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों से निकासी के दिशानिर्देशों को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीतारमण ने यहां एक कार्यक्रम में एनपीएस वात्सल्य योजना को शुरू करते हुए कहा कि इस पेंशन व्यवस्था ने बहुत प्रतिस्पर्धी रिटर्न दिया है और यह भविष्य की आय सुनिश्चित करते हुए लोगों को बचत का विकल्प मुहैया कराती है। पिछले 10 वर्षों में एनपीएस के 1.86 करोड़ ग्राहक हो चुके हैं और प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 13 लाख करोड़ रुपये है। एनपीएस वात्सल्य योजना पहले से ही चली आ रही एनपीएस योजना का बच्चों तक किया गया विस्तार है। इसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का खाता खोला जा सकता है जो उनके 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपने-आप नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो जाएगा। हालांकि, एनपीएस वात्सल्य योजना के तहत खोले गए खाते में पेंशन केवल 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर ही आएगी। सीतारमण ने कहा कि एनपीएस ने शेयर, कॉरपोरेट ऋण और सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पर क्रमशः 14 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत रिटर्न हासिल किया है। वित्त मंत्री ने जुलाई में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करते समय एनपीएस वात्सल्य योजना लाने की घोषणा की थी। आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक सहित कई ऋणदाताओं ने एनपीएस वात्सल्य की पेशकश के लिए पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए के साथ हाथ मिलाया है। आईसीआईसीआई बैंक ने एनपीएस वात्सल्य के तहत कुछ बच्चों के खाते पंजीकृत करके मुंबई में अपने सेवा केंद्र में योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर वित्तीय सेवा सचिव नागराजू मद्दीराला ने कहा कि सरकार ग्राहकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए पेंशन योजना में सुधार करेगी।

# कच्चे तेल से अप्रत्याशित लाभ कर घटाकर शून्य किया




नयी दिल्ली। सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के लिए अप्रत्याशित लाभ कर को घटाकर शून्य प्रति टन कर दिया है। कर की नयी दर 18 सितंबर यानी आज से प्रभावी हो गईं।

कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। दो सप्ताह में औसत तेल की कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इसे अधिसूचित किया जाता है। इससे पहले, संशोधन 31 अगस्त से प्रभावी हुआ था। उस समय कच्चे पेट्रोलियम पर अप्रत्याशित लाभ कर 1,850 रुपये प्रति टन निर्धारित किया गया था। मंगलवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को शून्य कर दिया गया है। नई दरें 18 सितंबर से प्रभावी होंगी। देश में पहली बार एक जुलाई 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया था। इस कदम के साथ ही भारत उन देशों की सूची में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों को अप्रत्याशित रूप से होने वाले लाभ पर कर लगाते हैं।

## अमेजन.इन पर वेलनेस और प्रीमियम उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे उपभोक्ता




लखनऊ। लखनऊ में दिवाली के जश्न की तैयारियों के बीच अमेजन.इन पर खरीदारी करने वाले शहर के उपभोक्ता प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं जो उनके बदलते स्वाद के अनुरूप हैं और वे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। आधुनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं और परिष्कृत स्वाद का यह अनोखा मिश्रण शहर की महानगरीय भावना को दर्शाता है। अमेजन इंडिया के निदेशक (कंज्यूमेबल्स) निशांत रमन ने कहा कि त्योहार के इस सीजन की तैयारी के दौरान, लखनऊ में मूसली और ओट्स जैसे स्वास्थ्यवर्धक किराना उत्पादों की मांग में 1.6 गुना वृद्धि हुई है। शहर के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक खरीदारों ने चीनी के विकल्पों की खरीदारी में 1.4 गुना वृद्धि और विटामिन और सप्लीमेंट्स की मांग में 1.3 गुना वृद्धि दर्ज की है। कॉफी की मांग में अभूतपूर्व 4 गुना वृद्धि हुई है, जो बेहतरीन स्वादों के प्रति लोगों की बढ़ती प्रशंसा को दर्शाती हैं। इसके अलावा, शहर में पालतू जानवरों के प्रति प्रेम ने पालतू जानवरों की देखभाल से संबंधित उत्पादों की खरीदारी में 2 गुना वृद्धि की है। अमेजन इंडिया को 14 से 18 सितंबर के बीच लखनऊ में आयोजित एक अनोखे इंटरैक्टिव अनुभव से शानदार रिस्पॉन्स मिला। अमेजन फेस्टिव बॉक्स एक भव्य इंस्टॉलेशन है जो लखनऊ की जीवंत भावना और संस्कृति को शानदार कला के माध्यम से मनाता है।

# दो दशकों में भारत वैश्विक ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत का योगदान देगा: पुरी



ह्यूस्टन (अमेरिका)। भारत के ऊर्जा मंत्री हरदीप पुरी ने विश्व की ऊर्जा जरूरतों पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित बहुराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि अगले दो दशकों में भारत वैश्विक ऊर्जा मांग में 25 प्रतिशत का योगदान देगा। यहां जॉर्ज आर. ब्राउन कन्वेंशन सेंटर में 52वीं गैसटेक एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस भारत सहित विश्व के पांच प्रमुख ऊर्जा मंत्रियों की रणनीतिक अंतर्दृष्टि के साथ मंगलवार को शुरू हुई। दृष्टिकोण, नवाचार और कार्वाई के जरिये ऊर्जा में बदलाव विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्विक ऊर्जा स्थिरता तथा तेजी से कार्बन मुक्त बनने की आवश्यकता पर गौर किया गया। अपने मुख्य भाषण में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत की बढ़ती प्रभावशाली भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि यदि वैश्विक मांग एक प्रतिशत बढ़ रही है, तो हमारी मांग तीन गुना तेजी से बढ़ रही है। अगले दो दशकों में भारत ऊर्जा मांग में वैश्विक वृद्धि में 25 प्रतिशत का योगदान देगा। मंत्री ने भारत की चुनौती को ऊर्जा त्रिविधता के रूप में पेश किया और उपलब्धता, सामर्थ्य तथा सफल हरित बदलाव के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। पुरी ने कहा कि हमें हरित बदलाव को प्रबंधित करने और इसमें सफलता प्राप्त करने की अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है। सम्मेलन की पहली मंत्रिस्तरीय समिति में अमेरिका, भारत, मिस्र, नाइजीरिया और तुर्किये के अधिकारी शामिल रहे। इन्होंने महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक और उद्योग चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। इस बीच, भारत और अमेरिका ने न्यायसंगत तथा व्यवस्थित ऊर्जा बदलाव के लिए ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की है।

पेज एक का शेष

### लेबनान में

के 8 सदस्य और 2 बच्चे शामिल है। इस हमले में 3000 से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें लेबनान में मौजूद ईरान के राजदूत भी शामिल हैं। लेबनान की सुरक्षा अधिकारियों ने कहा है कि आज जिन वॉकी-टॉकी में धमाका हुआ, उन्हें हिजबुल्लाह ने 5 महीने पहले पेजर्स के साथ ही खरीदा था। हिजबुल्लाह ने इन धमाकों के लिए भी इजराइल पर आरोप लगाया है।

### जाति के आधार

संस्कृति के अनुरूप वे धार्मिक नेताओं को माफिया कहते हैं। औरंगजेब की आत्मा सचमुच उनके अंदर प्रवेश कर गई है। उन्होंने कहा कि सपा के लोगों ने युवाओं का शोषण किया, किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया और व्यापारियों को पलायन करने के लिए मजबूर किया। कैराना में पलायन जैसी घटनाएं इन्हीं लोगों के कारण हुई। हिंदू व्यापारियों को उनके कारण कैराना से बाहर जाना पड़ा। आने वाले कुछ वर्षों में सरकार युवा व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने के लिए पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएगी। उन्होंने मिशन रोजगार पहल के तहत एक कार्यक्रम में भाग लिया और 10,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। साथ ही छह हजार युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए। इसके अलावा उन्होंने 632 युवा उद्यमियों को 327 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। मुख्यमंत्री ने 757 करोड़ रुपये की 111 विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

### एक राष्ट्र, एक

सिफारिश की, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, इसके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित करने की जरूरत होगी। एक मतदाता सूची और एक मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित संशोधनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी एक साथ चुनाव कराने पर अपनी रिपोर्ट जल्द ही पेश कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ चुनाव कराने के प्रबल समर्थक रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि विधि आयोग सरकार के तीन स्तरों- लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं तथा पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने और त्रिशंकु सदन जैसे मामलों में एकता सरकार बनाने के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है। देश में 1951 से 1967 के बीच एक साथ चुनाव हुए थे, लेकिन उसके बाद मध्यावधि चुनाव सहित विभिन्न कारणों से चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। सभी चुनाव एक साथ कराने के लिए काफी प्रयास करने होंगे, जिसमें कुछ चुनावों को पहले कराना तथा कुछ को विलंबित करना शामिल है। इस वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनाव हुए, जबकि ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी संसदीय चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव हुए। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया अभी चल रही है, जबकि महाराष्ट्र और झारखंड में भी इस वर्ष के अंत में चुनाव होने हैं। दिल्ली और बिहार उन राज्यों में शामिल हैं जहां 2025 में चुनाव होने हैं। असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी की मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा, जबकि गोवा, गुजरात, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की विधानसभाओं का कार्यकाल 2027 में समाप्त होगा। हिमाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा और तेलंगाना में राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2028 में समाप्त होगा। वर्तमान लोकसभा और इस वर्ष एक साथ चुनाव में शामिल राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 में समाप्त होगा।

### 32 दलों का

दलों ने न केवल एक साथ चुनाव की प्रणाली का समर्थन किया, बल्कि सीमित संसाधनों को बचाने, सामाजिक सद्भाव की रक्षा करने और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए इसे अपनाने की वकालत भी की। इसमें कहा गया है, एक साथ चुनाव का विरोध करने वालों ने आशंका जताई थी कि इसे अपनाने से संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन हो सकता है, यह लोकतंत्र और संघीय व्यवस्था विरोधी हो सकता है, इससे क्षेत्रीय दलों को हाशिए पर डाला जा सकता है और राष्ट्रीय दलों के प्रभुत्व को बढ़ावा मिल सकता है। मार्च में समिति द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, आप, कांग्रेस और माकपा ने इस प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह लोकतंत्र और संविधान के मूल ढांचे को कमजोर करता है। बसपा ने इसका स्पष्ट रूप से विरोध नहीं किया, लेकिन देश के बड़े क्षेत्रीय विस्तार और जनसंख्या के संबंध में चिंताओं को उजागर किया, जिससे इसका कार्यान्वयन चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

समाजवादी पार्टी (सपा) ने कहा कि यदि एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो जहां तक चुनावी रणनीति और खर्च का सवाल है तो राज्य स्तरीय पार्टियां राष्ट्रीय पार्टियों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगी, जिससे इन दोनों दलों के बीच मतभेद बढ़ जाएगा। राज्य की पार्टियों में एआईयूडीएफ, तृणमूल कांग्रेस, एआईएमआईएम, भाकपा, द्रमुक, नगा पीपुल्स फ्रंट और सपा ने प्रस्ताव का विरोध किया। अन्नाद्रमुक, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, अपना दल (सोनेलाल), असम गण परिषद, बीजू जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी (आर), मिजो नेशनल फ्रंट, नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, शिवसेना, जनता दल (यूनाइटेड), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, शिरोमणि अकाली दल और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल ने प्रस्ताव का समर्थन किया। भारत राष्ट्र समिति, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, जनता दल (सेक्युलर), झारखंड मुक्ति मोर्चा, केरल कांग्रेस (एम), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट, तेलुगु देशम पार्टी और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी समेत अन्य दलों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

अन्य दलों में भाकपा (एमएल) लिबरेशन और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने इसका विरोध किया। राष्ट्रीय लोक जनता दल, भारतीय समाज पार्टी, गोरखा नेशनल लिबरल फ्रंट, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) इसका विरोध करने वालों में शामिल थे।

### यूक्रेन ने रूस

नहीं आई है। रूस की स्टेट न्यूज एजेंसी फकअ ने 2018 में बताया था कि रूस ने अपनी मिसाइलों, बमों और गोला-बारूद को रखने के लिए एक बड़ा हथियार डिपो बनाया। इसे 2015 में 326 करोड़ में तैयार किया गया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अब रूस में और अंदर घुसकर हमले करना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इसमें मदद के लिए वे अमेरिका पर दबाव भी बना रहे हैं। जेलेंस्की ने 31 अगस्त को एक वीडियो जारी कर बताया था कि 30 अगस्त को रूस ने खारकीव पर एयरस्ट्राइक की, जिसमें 6 यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो गई और 97 लोग घायल हुए। जेलेंस्की ने कहा था कि इन हमलों को तभी रोका जा सकता है, जब यूक्रेन रूस की एयरफील्ड्स और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा। हम हर रोज अपने सहयोगी देशों से इस पर चर्चा कर रहे हैं। उन्हें इसके लिए राजी करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अमेरिका ने अब तक यूक्रेन को रूस पर हमले के लिए लंबी दूरी के हथियार इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी है। ढाई साल से जारी रूस-यूक्रेन जंग में 6 अगस्त 2024 को पहली बार ऐसा हुआ, जब यूक्रेन ने रूस में घुसकर उसके कुर्स्क इलाके पर कब्जा कर लिया। तभी से यूक्रेन लगातार रूस पर हमलावर है। फळ की रिपोर्ट के मुताबिक, 20 दिनों में यूक्रेन के हमलों में रूस के 31 नागरिकों की जान जा चुकी है।

### 2030 तक

किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को नवाचार तथा निवेश में अग्रणी होना चाहिए। उसे ऐसे अनुकूल वातावरण का समर्थन प्राप्त होना चाहिए जो पोर्टफोलियो और प्रत्यक्ष दोनों प्रकार के निवेश को आकर्षित कर सके। नीति आयोग के सीईओ ने साथ ही कहा कि वैश्वीकरण के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंततः राज्य स्तर पर सुधार तथा सहकारी संघवाद के प्रति प्रतिबद्धता से समावेशी विकास सुनिश्चित होगा, जिससे भारत एक वैश्विक दिग्गज के रूप में उभरेगा और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

## नवीकरणीय ऊर्जा वैकल्पिक नहीं बल्कि अब जरूरत: धनखड़

गांधीनगर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए नवीकरण ऊर्जा अब वैकल्पिक नहीं बल्कि जरूरत बन गयी है। उन्होंने पृथ्वी को रहने योग्य बनाने के प्रयासों का आह्वान किया। धनखड़ ने री-इन्वेस्ट 2024 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के बारे में हमारे पास जो ज्ञान है, उसका स्रोत हमारे वेद और उपनिषद हैं। जब वैश्विक स्तर पर समस्याएं हैं, तब देश ने इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है। तीन दिन की नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक बैठक और एक्सपो (री-इन्वेस्ट 2024) का चौथा संस्करण बुधवार को संपन्न हुआ। इस दौरान गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और भूपेन्द्र यादव मौजूद थे। नवीकरणीय ऊर्जा में रुचि वैकल्पिक नहीं है बल्कि यह जरूरत बन गयी है। हमें इसमें रुचि लेनी होगी क्योंकि इसका संबंध हमारे अस्तित्व से है। इसीलिए, री-इन्वेस्ट 2024 में लिए गए निर्णय कार्वाई के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक बन सकते हैं। एक ऐसी कार्वाई जो समय की मांग है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को अस्तित्व से जुड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि पूरी दुनिया इसके प्रति अब सजग है क्योंकि हम इस वास्तविकता से पूरी तरह से अवगत हैं कि हमारे पास रहने के लिए कोई दूसरा ग्रह नहीं है। धनखड़ ने कहा कि और इसलिए काम करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हमें एक परिवेश बनाने के लिए 24 घंटे काम करने की जरूरत है। ताकि हम जलवायु परिवर्तन के खतरे को नियंत्रित कर सकें। उसके बाद इसे पुराने रूप में लाने में शामिल हों और फिर इस ग्रह को रहने योग्य बनाएं।

### अमेठी : जंगली

उसने मेरे ऊपर हमला कर दिया। जिससे मैं गिर पड़ा। जब तक मैंने उसे पकड़ने की कोशिश की तब तक उसने मेरे सिर और हाथ में काट लिया। किसी तरह से मैंने जान बचाई और इस बीच वह भाग खड़ा हुआ। 16 वर्षीय खुशबू ने बताया कि उस जंगली जानवर का रंग चितकबरा था और कुत्ते की ऊंचाई का था। उसने हाथों और पैरों में काट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवर ने तीन गांव में लगभग 10 से 12 लोगों को काटकर घायल कर दिया है। इस तरह के हमले के बाद ग्रामीण डरे सहमे हुए हैं। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वन विभाग की टीम पूरी तरह सक्रिय है। वन दरोगा बृषकेतु श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना पर वन विभाग अमेठी और वन विभाग गौरीगंज दोनों की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि अभी तक अफवाह अधिक सामने आई है, रेस्क्यू टीम की रिपोर्ट में कहीं से जंगली जानवरों के हमले की बात पुष्टि नहीं हुई है। वन विभाग की ओर से चार टीमें गठित की गई हैं, हर टीम में चार मेम्बर हैं। मुंशीगंज थाना क्षेत्र में रेस्क्यू ऑपरेशन की रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है।




## संक्षेप

### एआईएफएफ ने जूनिया बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का किया नामकरण

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को भारत के पहले पुरुष ओलंपिक फुटबॉल कप्तान डॉक्टर तालिमेरेन एओ के खेल में योगदान को सम्मान देते हुए जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का नाम बदलकर उनके नाम पर रख दिया। पहली बार डॉक्टर एओ की भूमिका और खेल में उनकी उपलब्धियों को सराहते हुए एआईएफएफ ने कहा कि टूर्नामेंट का जूनियर बालिकाओं के लिए 2025-26 सत्र को डॉक्टर तालिमेरेन एए राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप कहा जायेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, डॉक्टर तालिमेरेन एओ प्रेरणादायी खिलाड़ी रहे। हमारी जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का नाम उनके नाम पर रखना और मेरे विचार में उनकी जीवनी हमारे राष्ट्रीय नायक के लिए महासंघ द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने पहली स्वतंत्र भारतीय फुटबॉल टीम और 1948 ओलंपिक में कप्तानी की थी।

### एनआरएआई के पूर्व महासचिव का निधन

नयी दिल्ली। करीब 25 साल तक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के महासचिव रहे बलजीत सिंह सेठी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, बेटी और बेटा है। एनआरएआई सीनियर उपाध्यक्ष कालिकेश सिंह देव ने कहा , निशानेबाजी परिवार के लिये यह अपूरणीय क्षति है। देश में खेल के विकास और प्रगति में उनका योगदान अतुलनीय है।आखिरी सांस तक वह हम जैसे जूनियर्स को मार्गदर्शन देते रहे कि देश में खेल के संचालन को कैसे बेहतर किया जा सकता है। एनआरएआई महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा , खेल में उनके योगदान के लिये पूरा निशानेबाजी जगत उनका ज् णी रहेगा। हमें उनकी कमी खलेगी।

### भारतीय मूल के प्रमुख ने आईसीसी का जीता चुनाव

दुबई। बोत्सवाना क्रिकेट संघ के भारतीय मूल के प्रमुख सुमोद दामोदर ने संयुक्त अरब अमीरात के मुबाशीर उस्मानी को गुप्त मतदान में हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारियों की समिति में एसोसिएट देश के प्रतिनिधि का स्थान हासिल कर लिया। आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा गया , आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 2024 के दौरान आईसीसी सदस्य देशों के निदेशक के चुनाव के नतीजे के बाद उस्मानी का सीईसी में चयन नहीं हुआ क्योंकि वह दोनों पदों पर नहीं रह सकते। दामोदर अब 2025 तक पद पर रहेंगे। उनके साथ रशपाल बाजवा (क्रिकेट कनाडा) और उमेर बट (डेनमार्क क्रिकेट संघ) होंगे जिनका चुनाव 2023 में हुआ।

### टीम की एकजुटता से चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मिली मदद : हरमनप्रीत

नयी दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच आपसी एकजुटता और एक दूसरे का साथ देने की अदम्य इच्छा से भारत को रिकॉर्ड पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली। भारत ने मंगलवार को हुलुनबिर में फाइनल में जुगराज सिंह के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से चीन को।-0 से हराया। पाकिस्तान ने दक्षिण कोरिया पर 5-2 से जीत के साथ कांस्य पदक जीता। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा, फाइनल वास्तव में तनावपूर्ण था। चीन की टीम ने पूरे मैच के दौरान हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश की जिससे गोल करने के लिए मौका बनाना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में खिलाड़ियों का एक दूसरे पर भरोसा काफी बढ़ा है। हम एक दूसरे के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। इस तरह की एकजुटता से हमें मैच जीतने में मदद मिलती है। भारतीय कप्तान ने कहा, पिछले साल चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक, हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से टीम के अंदर गहरा सौहार्द पैदा हुआ है। हरमनप्रीत ने इन प्रतियोगिताओं में आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

# टेस्ट में श्रीलंका ने बनाये 302/7 रन

## गाले टेस्ट- कमिंडू ने अपने करियर का चौथा शतक लगाया:कुसल मेंडिस की फिफ्टी

एजेंसी



गाले। न्यूजीलैंड और श्रीलंका टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका के मिडिल ऑर्डर बैट्समैन कमिंडू मेंडिस ने अपने करियर की चौथी सेंचुरी लगाई। उन्होंने 114 रन की पारी खेली। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने 50 रन बनाए। बुधवार को पहले दिन के स्टंप्स के बाद श्रीलंका का स्कोर 7 विकेट खोकर 302 रन है। न्यूजीलैंड की तरफ से विल ओरूर्क ने 3 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। यह मुकाबला गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

कमिंडू मेंडिस का शतक बुधवार को पहले सेशन में श्रीलंका की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ओपनर पथुम निसांका 27 रन और दिमुथ करुणारत्ने 2 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को विल ओरूर्क ने पवेलियन भेजा। इसके बाद दिनेश चांदीमल ने 30 और एंजेलो मैथ्यूज ने 36 रन की पारी खेली। चांदीमल को साउथी और मैथ्यूज को विल ओरूर्क ने आउट किया। कप्तान धनंजय डी सिल्वा को 11 रन पर ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया। दूसरी छोर से विकेट गिरने के बावजूद कमिंडू मेंडिस ने इंग्लैंड के अपने अच्छे परफॉरमेंस को जारी रखा और अपने करियर का चौथा शतक लगाया। उन्हें 114 रन पर एजाज पटेल ने आउट किया। उनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 50 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की तरफ से विल ओरूर्क ने सबसे ज्यादा 3 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। टिम साउथी और एजाज पटेल को 1-1 विकेट मिला। दोनों टीमें 2 पेसर और 2 स्पिनर्स के साथ उतरीं गॉल की पिच पर दोनों ही टीमें 2 पेसर और 2 स्पिनर्स के साथ उतरी हैं। टिम साउदी ने कहा कि हम भी बैटिंग करना चाहते थे। उम्मीद है कि इस पिच पर 5 दिनों का मुकाबला होगा। हम भी 2 तेज गेंदबाज और 2 स्पिनर्स के साथ उतर रहे हैं। हमारे पास कुछ पार्ट टाइम ऑप्शन भी हैं। न्यूजीलैंड डब्लूटीसी पॉइंट्स टेबल के तीसरे स्थान पर श्रीलंकाई टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में 8 विकेट से जीत हासिल की थी। ऐसे में टीम के हौसले बुलंद हैं। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड का अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच भारत में बारिश की वजह से नहीं हो पाया था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में श्रीलंका 5वें और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है।

ट्रॉफी के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेते श्रीलंका और न्यूजीलैंड के कप्तान। पिच रिपोर्टः पेसर्स के लिए मददगार होगा विकेट फरवीज महारूफ ने पिच रिपोर्ट पर कहा कि पिच शानदार दिख रही है। मैंने यहां इतनी घास कभी नहीं देखी। मुझे लगता है कि शुरूआत में तेज गेंदबाजों को कुछ मिलेगा। अगर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 450-500 रन बना लेती है, तो यह बहुत बड़ी बढ़त होगी। 6 दिन चलेगा मुकाबला, 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव के कारण रेस्ट-डे गाले टेस्ट 6 दिन (18 से 23 सितंबर) तक चलेगा, क्योंकि श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के कारण 21 सितंबर को रेस्ट का दिन होगा। सीरीज का दूसरा मुकाबला 26 से 30 सितंबर तक खेला जाएगा। दोनों मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शुरू होंगे।

# दलीप ट्रॉफी : अय्यर, सैमसन व पराग को मिलेगा मौका



एजेंसी

चेन्नई। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय बल्लेबाजों के अच्छे स्पिन आक्रमण के सामने हाल के संघर्ष को दरकिनार करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि उनके बल्लेबाज दुनिया के किसी भी तरह के आक्रमण का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। गंभीर ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी चौकड़ी ने भारत की बल्लेबाजी को तवज्जो देने की प्रवृत्ति को बदल दिया। गंभीर से जब पूछा गया कि श्रीलंका के खिलाफ पिछले महीने सीमित ओवरों की श्रृंखला विशेषकर वनडे में भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए तो उन्होंने कहा, हमारी बल्लेबाजी इकाई में इतनी गुणवत्ता है कि वह किसी भी तरह के आक्रमण का सामना कर सकती है। उन्होंने कहा, टेस्ट और वनडे में काफी अंतर होता है। गंभीर ने अपने गेंदबाजों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, भारत एक समय बल्लेबाजी को तवज्जो देता था लेकिन बुमराह, शमी, अश्विन और जडेजा ने इसे गेंदबाजों का खेल बना दिया।

> ❍ हमारे बल्लेबाज किसी भी तरह के स्पिन आक्रमण का सामना करने में सक्षम: गंभीर

**दलीप ट्रॉफीः अय्यर, सैमसन, पराग को मिलेगा खुद को साबित करने का एक और मौका**

अनंतपुर। श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, रियान पराग और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों को गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दौर के मैचों में लंबी अवधि के प्रारूप में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा। सत्र की शुरुआत में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में कोई नॉकआउट मैच नहीं होगा तथा सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनेगी। अभी दो मैचों में नौ अंकों के साथ भारत सी अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसके बाद भारत बी (07), भारत ए (06) और भारत डी (00) का नंबर आता है। रुतुराज गायकवाड की अगुवाई वाली भारत सी टीम अंतिम दौर के मैच में मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली भारत ए की टीम का सामना करेगी जबकि अभिमन्यु ईश्वरन के नेतृत्व वाली भारत बी की टीम भारत डी से भिड़ेगी जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए नजरअंदाज किए गए अय्यर को खुद को साबित करना पड़ेगा क्योंकि अभी तक वह प्रतियोगिता में आगे बढ़कर नेतृत्व नहीं कर पाए हैं। उनकी टीम अभी तक खाता भी नहीं खोल पाई है और ऐसे में अय्यर की जिम्मेदारी काफी



बढ़ जाती है। भारत डी के बल्लेबाज संजू सैमसन और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर भी चयनकर्ताओं की निगाह टिकी रहेगी। भारत बी की टीम में शामिल रिंकू सिंह पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उनका लक्ष्य यहां बड़ी पारी खेलना होगा। जहां तक भारत ए और भारत सी के बीच मुकाबले की बात है तो इसमें अग्रवाल, पराग और साईं सुदर्शन से बड़ी पारियों की उम्मीद है। पराग ने अभी तक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की है।

# मालविका ने पेरिस ओलंपिक पदक विजेता तुनजुंग को हराया



एजेंसी

चांग्झू (चीन)। भारत की मालविका बंसोड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां चीन ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में हराया। दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी ने पहले गेम में तीन गेम प्वाइंट बचाए और इंडोनेशिया की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग को 46 मिनट में 26-24 21-19 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह इस टूर्नामेंट में एकमात्र भरतीय बचीं हैं। बाइस साल की मालविका अगले दौर में राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की पदक विजेता क्रिस्टी गिल्मोर से भिड़ेंगी। महिला एकल में हालांकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों आकर्षी कश्यप और सामिया इमाद फारूकी को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आकर्षी को चीनी ताइपे की चियू पिन चियान के खिलाफ 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सामिया एकतरफा मुकाबले में क्रिस्टी के खिलाफ 9-21 7-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को सीह पेई शेन और हुंग एन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-16 15-21 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। रुतुपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा को भी करीबी मुकाबले में 11-21 21-16 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी पहले दौर में टेन कियान मेंग और लाई पेई जिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 10-21 16-21 से हार गई जबकि सतीश कुमार करूणाकरन और आद्या वरियथ को चेन टेंग जेइ और तोह ई वेई की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21 11-21 से शिकस्त मिली।

पुरुष एकल में किरण जॉर्ज को पहला गेम जीतने के बावजूद जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ 21-4 10-21 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। नागपुर की बाएं हाथ की खिलाड़ी मालविका ने 2019 में सीनियर अंतरराष्ट्रीय सर्किट में कदम रखा और मालदीव इंटरनेशनल खिताब जीता। वह 2022 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में उपविजेता रहीं। मालविका इस साल अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने अजरबेजान इंटरनेशनल खिताब जीता। उन्होंने 2022 में तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने इंडिया ओपन में 2012 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को हराकर दुनिया की शीर्ष 30 में जगह बनाई। हालांकि पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लेने के बाद डेंगू और टाइफाइड से पीड़ित होने के चलते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उनकी प्रगति बाधित हुई। वह हालांकि दुनिया की शीर्ष 50 खिलाड़ियों में अपना स्थान बनाए रखने में सफल रही हैं। उनकी मां तृप्ति ने पीटीआई से कहा, यह उसकी सबसे बड़ी जीत है और वह बेहद खुश है। वह अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन उसमें अनुभव की कमी है और कभी-कभी किस्मत ने भी उसका साथ नहीं दिया।

## पंत 632 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी

चेन्नई। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ज् षभ पंत दो साल में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं और बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान उन्होंने अपने पुराने खेल की झलक पेश की। भयावह कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्रिकेट के मैदान पर शीर्ष स्तर पर वापसी करना साधारण बात नहीं है। इस बात पर विश्वास करना मुश्किल है कि पंत को पिछला टेस्ट मैच खेले हुए 632 दिन बीत चुके हैं। संयोग ने उन्होंने अपना पिछला टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। पंत अब इसी टीम के खिलाफ बृहस्पतिवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में वापसी करने को तैयार हैं। इस बीच टीम के क्रिकेट परिदृश्य में तो अधिक बदलाव नहीं आाय लेकिन टीम में जगह बनाने के कुछ मजबूत दावेदार सामने आए। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में ध्रुव जुरेल ने अपनी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी से प्रभावित किया। अगर टीम प्रबंधन इस मैच के लिए जुरेल को ही खिलने का फैसला करता तो कोई भी टीम को दोष नहीं दे सकता था लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पंत की अहमियत के बारे में बताया। गंभीर ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम सभी जानते हैं कि वह (बल्लेबाज के तौर पर) कितना विध्वंसक हो सकता है और टेस्ट क्रिकेट में वह क्या कर सकता है। उसने दुनिया भर में हर जगह रन बनाए हैं।

# चैंपियनशिप : फाइनल में पंजाब से भिड़ेगा यूपी



एजेंसी

जालंधर। उत्तर प्रदेश ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल में कर्नाटक को हराकर हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत पंजाब से होगी। पंजाब ने सेमीफाइनल में हरियाणा को हराया। पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने कर्नाटक को 3-। से शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश की तरफ से राजेश यादव (41वें मिनट), अजीत कुमार (45वें मिनट) और फहद खान (57वें मिनट) ने गोल दागे। कर्नाटक के लिए कप्तान सुनील पीबी ने 53वें मिनट में सांत्वना भरा गोल किया। पंजाब ने दूसरे सेमीफाइनल में हरियाणा को शूट आउट में 7-6 से हराया। निर्धारित समय के बाद दोनों टीमें 4-4 से बराबर थीं।

**भारतीय हॉकी टीम ने दिखाया, गोल करने का एकमात्र तरीका पेनल्टी कॉर्नर को भुनाना नहीं**

नयी दिल्ली। ओलंपिक खेलों में भारतीय टीम के दूसरे कांस्य पदक जीतने के बाद कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने कहा था कि अगर देश को अंतरराष्ट्रीय हॉकी में लगातार जीत हासिल करनी है तो खिलाड़ियों को मैदानी गोल की संख्या में इजाफा करना होगा। भारतीय टीम ने चीन के हुलुनबुइर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड पांचवीं बार खिताब जीतकर जवाब दिया कि अब ऐसा नहीं है क्योंकि टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच नहीं गंवाया। हरमनप्रीत सिंह और उनके साथी खिलाड़ियों ने इस शानदार अभियान के दौरान टूर्नामेंट में कुल 26 में से 18 मैदानी गोल दागे। इस मामले में यह पेरिस ओलंपिक अभियान से काफी सुधरा प्रदर्शन था क्योंकि उसमें भारत ने कुल 15 गोल दागे थे जबकि सिर्फ तीन मैदानी गोल हुए थे।

पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले करिश्माई गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने ज्यादा मैदानी गोल की जरूरत पर जोर दिया था। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपेक्षाकृत युवा टीम उतारी थी जबकि मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय जैसे अनुभवी फॉरवर्ड को आराम दिया। पेरिस ओलंपिक टीम में शामिल केवल दो स्ट्राइकर अभिषेक और सुखजीत सिंह को ही टीम में बरकरार रख गया था। फुल्टन ने पूर्व जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह, अराईजीत सिंह हुंडाल और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। और इन नये खिलाड़ियों ने भी निराश नहीं किया। बल्कि युवा अग्रिम पंक्ति ने 11 मैदानी गोल किए। उत्तम ने टूर्नामेंट में तीन मैदानी और एक पेनल्टी कॉर्नर से कुल चार गोल दागे। हुंडाल (तीन), सुखजीत (तीन) और अभिषेक (दो) ने भी योगदान दिया। इतना ही काफी नहीं था क्योंकि सबसे शानदार प्रदर्शन कप्तान और ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत (दो) और डिफेंडर जुगराज सिंह (एक) का रहा। हरमनप्रीत टूर्नामेंट में चीन के जिहुन यांग (नौ) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने सात गोल किए जिनमें से पांच पेनल्टी कॉर्नर से आए।

# चैंपियंस लीग : रियाल मैड्रिड की जीत में चमके एमबाप्पे

एजेंसी



मैड्रिड। स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की तरफ से चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में नए सफर की शुरुआत करते हुए शानदार गोल दागा जिससे उनकी टीम स्टटगार्ट को 3-। से हराने में सफल रही। सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में खेले गए मैच के दूसरे हाफ के शुरू में ही एमबाप्पे को रॉड्रिगो के क्रॉस पर खुला नेट मिला और उन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की। एमबाप्पे ने मैच के बाद कहा, यह कड़ा मैच था जैसा कि चैंपियंस लीग में होता है लेकिन घरेलू मैदान कर जीत के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। एमबाप्पे के गोल ने गत चैंपियन मैड्रिड को।-0 की बढ़त दिला दी। स्टटगार्ट ने 68वें मिनट में डेनिस उनडाव के गोल से बराबरी कर ली। एंटोनियो रुडिगर ने 83वें में मैड्रिड को फिर से आगे कर दिया और स्थानापन्न एंड्रिक ने इंजरी टाइम में गोल करके मौजूदा चैंपियन की जीत सुनिश्चित की। यह एमबाप्पे का चैंपियंस लीग का 49वां गोल था, जिससे वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

**हैरी केन ने चार गोल करके वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़ा**

म्यूनिख। हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की डिनामो ज़ाग्रेब पर धमाकेदार जीत में चार गोल किए जिससे वह वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़कर चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। केन के शानदार प्रदर्शन से बायर्न ने डिनामो ज़ाग्रेब को 9-2 से करारी शिकस्त दी। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि चैंपियंस लीग के किसी एक मैच में इतने अधिक गोल दागे गए। इससे बायर्न के नए कोच विंसेंट कोम्पनी ने यूरोपीय प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत भी की। केन ने 19वें, 53वें, 73वें और 78वें मिनट में गोल करके प्रतियोगिता में अपने कुल गोल की संख्या को 33 तक पहुंचा दिया जो इंग्लैंड के किसी खिलाड़ी का नया रिकॉर्ड है।

# लखनऊ में 22 से शुरू होगा नाइट गोल्फ लीग, 120 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

खेल संवाददाता




लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 22 सितंबर से नाइट गोल्फ लीग शुरू हो रहा है। इसमें 12 टीम के 120 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एक टीम में 10 खिलाड़ी होंगे जो कि 8 मैच खेलेंगे। डीएलएफ दिल्ली के बाद लखनऊ गोल्फ क्लब देश का दूसरा क्लब है जहां नाइट मैच का आयोजन किया जा रहा है। गोल्फ क्लब के कैप्टन आरएस नंदा ने बताया कि लीग में विजेता टीम को 3 लाख, दूसरी टीम को 2 लाख और तीसरी टीम को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन शिफ्ट में मैच होंगे। इसमें शाम को 5.30 बजे , 6 बजे और 6.50 बजे से मैच शुरू होंगे। यह रात करीब 9 बजे तक चलेंगे। हैंडीकैप्ट की टीम इसमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में दो महिला गोल्फर भी भी हिस्सा ले रही है। इसमें एक का नाम सृष्टि धवन और दूसरे का नाम बबली धवन है। हालांकि मौजूदा मौसम में यह प्रतियोगिता काफी चैलेंजिंग होने वाली है। डॉ. सुभाष चंद्रा, आईपीएस (सेवानिवृत्त), कप्तान आर एस नंदा, सचिव रजनीश सेठी और संयुक्त सचिव सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में नाइट गोल्फ लीग होगा। सचिव रजनीश सेठी ने सरकार से 18 होल का नया गोल्फ क्लब बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मौजूदा क्लब 9 होल का है। जबकि सही मायने में 18 होल का होना चाहिए है। ऐसे में इस खेल को बढ़ावा देने के लिए 18 होल का एक क्लब बनाने की जरूरत है। इसके लिए करीब 100 एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। शहर में गोल्फ क्लब के अलावा आर्मी कैंट और सुशांत गोल्फ सिटी कुल तीन क्लब है। इसमें आर्मी क्लब 18 होल का है लेकिन वहां आम लोगों की पहुंच संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन के लिए आने वाले सैकड़ों विदेशी पर्यटक गोल्फ खेलने के लिए यहां आते है। ऐसे में अब पर्यटन के हिसाब से भी एक बढ़िया गोल्फ क्लब की मांग बढ़ी है। क्योंकि लखनऊ बुद्धा सर्किल में आता है। उन्होंने बताया कि अभी हर रविवार को कोरिया के कुछ लोग गोल्फ खेलने लखनऊ आते हैं।

> ❍ सरकार से 18 होल का नया गोल्फ क्लब बनाने की मांग

## एसटीपी के पानी का इस्तेमाल करेगा गोल्फ क्लब

लखनऊ गोल्फ क्लब में सिंचाई और अन्य उद्देश्यों के लिए बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल होता है। यहां प्रतिदिन करीब 10 से 15 लाख लीटर की खपत होती है। इसके लिए वर्तमान में भू जल का इस्तेमाल किया जा रहा है। अब इस पानी को बचाने के लिए जल निगम के साथ एमओयू किया गया है। सचिव रजनीश सेठी ने जानकारी देते हुए बताया कि हैदर कैनाल पर 60 एमएलडी का एसटीपी बनकर तैयार हो रहा है। एमओयू के तहत एसटीपी से गोल्फ क्लब तक लाइन डाली जाएगी। एसटीपी से शोधित होकर निकलने वाले पानी का इस्तेमाल गोल्फ क्लब में किया जा सकेगा। इससे बड़ी मात्रा में पानी को बचाने का काम क्लब करेगा। साथ ही भू जल का दोहन भी रूकेगा तो बिजली की भी खपत कम होगी। इसके लिए भी सौर ऊर्जा लगाने की तैयारी है।

# भारत के युवा भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में 11 स्वर्ण पदक जीते

एजेंसी



सुवा (फिजी)। भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां 2024 राष्ट्रमंडल युवा, जूनियर और सीनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में अभी तक 11 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत लिये। बाबुलाल हेम्ब्रोम ने 49 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में क्लीन एवं जर्क वर्ग में 114 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मीना संता ने 55 किग्रा युवा महिला वर्ग में स्नैच में 81 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा के प्रयास से कुल 180 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। बेदाबरत भाराली ने भी 73 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में कुल 200 किग्रा के वजन से स्नैच तथा क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।अन्य स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलकों में ज्योत्सना साबर, आंकाक्षा व्यवहारे, अस्मिता धोने, भार्गवी बी, ए महारंजन, वी किशोर, टी माधवन, बोलो यलाम शामिल हैं। चैम्पियनशिप 21 सितंबर को खत्म होगी।

**पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग, चार साल का अनुबंध किया**

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग को बुधवार को पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह इस आईपीएल टीम में अपने हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। पोंटिंग सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहने के बाद पंजाब किंग्स से जुड़े हैं। फ्रेंचाइजी के सीईओ सतीश मेनन ने कहा, हम रिकी को अगले चार सत्र के लिए हमारी टीम का मार्गदर्शन करने और उसे तैयार करने के लिए अपने साथ जोड़कर बहुत खुश हैं। उनका अनुभव एक ऐसी टीम बनाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है जो मैदान पर सफलता हासिल करे।

आईपीएल के एक सूत्र कहा कि टीम के बाकी के सहयोगी स्टाफ को लेकर फैसला पोंटिंग करेंगे। पोंटिंग के मार्गदर्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई। टीम इस दौरान 2020 में फाइनल में भी पहुंची। वह इससे पहले मुंबई इंडियन्स के भी कोच रह चुके हैं।

# अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी जरूरी

## आज मैंने जो 20 स्वर्ण पदक दिए हैं, उनमें से 12 पदक हमारी बेटियों ने प्राप्त किए

एजेंसी



जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी न केवल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि देश की बेटियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी आवश्यक है। राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों की महत्वाकांक्षाएं राष्ट्र की अपेक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए।

मुर्मू ने यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के 18वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा, आज मैंने जो 20 स्वर्ण पदक दिए हैं उनमें से 12 पदक हमारी बेटियों ने प्राप्त किए हैं जबकि उपाधि प्राप्त करने वाले कुल विद्यार्थियों में लगभग 29 प्रतिशत ही बेटियां हैं। पदक विजेताओं में बेटियों का यह अनुपात इस बात का प्रमाण है कि अगर उन्हें समान अवसर प्रदान किए जाएं तो वे अपेक्षाकृत अधिक उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मैं आज उपाधि और पदक प्राप्त करने वाली सभी बेटियों को विशेष रूप से बधाई देती हूं। अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी न केवल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारी बेटियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा, यह प्रसन्नता का विषय है कि हाल के वर्षों में स्टेम (एसटीईएम) में लड़कियों के नामांकन में वृद्धि हुई है। यह भी एक सराहनीय तथ्य है कि एमएनआईटी की फैकल्टी में लगभग एक-तिहाई महिलाएं हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह अनुपात और भी बेहतर होगा। मुर्मू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, हमने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। राष्ट्रीय विकास को नेतृत्व प्रदान करना आपका कर्तव्य है। आपको अपने देश को आगे बढ़ाना है।

आप अपनी विद्या और दृढ़ संकल्प के बल पर व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ देश के भविष्य को स्वरूप प्रदान करने के लिए आगे बढ़ें। एमएनआईटी के ध्येय वाक्य योगः कर्मसु कौशलम् का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, इसका मतलब है कर्म की कुशलता ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता का यह उपदेश आपको प्रेरित करता है कि आप जो भी कार्य करें पूरी दक्षता और निष्ठा से करें। मेरा मानना है कि आपकी महत्वाकांक्षाएं राष्ट्र की अपेक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आपके कर्मयोगी भाव से समाज और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। जो संस्थान इंस्टीट्यूशन ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस हो उसके विद्यार्थियों से नेशन फर्स्ट की भावना से कार्य करने की अपेक्षा स्वाभाविक है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान के छात्र यहां प्राप्त ज्ञान और कौशल के बल पर आने वाली चुनौतियों का सामना करने और उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम होंगे।

# भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 31,000 करोड़ खर्च किए जायेंगे



नयी दिल्ली। भारत-म्यांमा की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर 31,000 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाई जाएगी। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह सीमा हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात है।

मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए 30 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारत और म्यांमा के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगभग 31,000 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाने और सड़क बनाने की मंजूरी दे दी है। मोरेह के पास लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है और मणिपुर के अन्य क्षेत्रों में 21 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने का काम जारी है। भारत-म्यांमा सीमा मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। केंद्र सरकार पहले ही भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) खत्म कर चुकी है। यह व्यवस्था सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज़ के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति देती थी। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की नियमित समीक्षा कर रहे हैं और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## संक्षेप

### ताइवान को हथियार बेच रही कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा

बीजिंग। चीन ने स्वशासित द्वीप ताइवान को हथियार बेच रही अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंधों की बुधवार को घोषणा की। दरअसल, चीन, ताइवान को अपना हिस्सा बताता है और जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग से इस पर कब्जा जमाने की धमकी देता है। चीन की सरकारी मीडिया ने विदेश मंत्रालय के हवाले से प्रतिबंधों की घोषणा की, लेकिन यह नहीं बताया कि किन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ताइवान, अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमानों, अब्राम्स टैंक और कई मिसाइलों की आपूर्ति का इंतजार कर रहा है। ताइवान पर हमला करने की चीन की धमकियां बढ़ रही हैं। हालांकि ताइवान की 23 लाख नागरिकों की आबादी अपनी वास्तविक स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति के पक्ष में है। औपचारिक कूटनीतिक रिश्ते न होने के बावजूद अमेरिका लंबे समय से ताइवान का प्रमुख हथियार प्रदाता है और उसकी रक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। अमेरिका से हथियार खरीदने के साथ ही ताइवान अपने घरेलू हथियार उद्योग को भी पुनर्जीवित कर रहा है। चीन ने पहले भी अमेरिकी कंपनियों से ताइवान के सशस्त्र बलों के साथ सहयोग बंद करने की मांग की है।

# हंगरी में बने थे हिज्बुल्ला पर हमले में इस्तेमाल पेजर

एजेंसी



ताइपे (ताइवान)। हिज्बुल्ला के संचार नेटवर्क को निशाना बनाने के इरादे से संभवतः इजराइल द्वारा किए गए हमले में इस्तेमाल जिन पेजर में लेबनान और सीरिया में विस्फोट हुए, उन्हें बनाने वाली ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो ने बुधवार को कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद एक अन्य कंपनी ने इन पेजर का निर्माण किया है, जिसे उन्होंने पेजर पर अपने अधिकृत ब्रांड के इस्तेमाल का अधिकार दिया था।

आतंकवादी संगठन हिज्बुल्ला द्वारा इस्तेमाल पेजर में मंगलवार को लेबनान और सीरिया में एक साथ विस्फोट हुए। इस घटना में आठ साल की एक बच्ची समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और करीब 3,000 लोग घायल हो गए। हिज्बुल्ला और लेबनान की सरकार ने इस हमले के लिए इजराइल पर आरोप लगाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक रिमोट हमला था। एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इजराइल ने मंगलवार को अभियान के समापन के बाद अमेरिका को जानकारी दी थी। पेजर में कम मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखा गया था और फिर उसमें विस्फोट किया गया था। गोल्ड अपोलो द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, एआर-924 पेजर का निर्माण बीएसी कंसल्टिंग केएफटी ने किया था जो हंगरी की राजधानी में स्थित है। बयान में कहा गया है, सहयोग समझौते के अनुसार हमने बीएसी को निर्दिष्ट क्षेत्रों (लेबनान और सीरिया) में उत्पाद की बिक्री के लिए हमारे ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करने का अधिकार दिया था, लेकिन उत्पाद के निर्माण के लिए सिर्फ बीएसी जिम्मेदार है। गोल्ड अपोलो के अध्यक्ष सु चिंग-कुआंग ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि उनकी कंपनी का पिछले तीन साल से बीएसी के साथ लाइसेंस समझौता है। हालांकि उन्होंने अनुबंध का साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया।

# राहुल के खिलाफ मुहिम को शह दे रहे पीएम व शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दिए गए विवादित बयानों को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि यह एक सुनियोजित अभियान है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह की शह मिल रही है और कोई कार्वाई नहीं की जा रही है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी जैसे-जैसे मजबूती से जनता की आवाज उठा रहे हैं, वैसे-वैसे उनके खिलाफ जुबानी और वैचारिक हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने सवाल किया, क्या देश के करोड़ों दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और गरीबों की आवाज उठाना इतना बड़ा अपराध है कि भाजपा, नेता प्रतिपक्ष कों उनकी दादी जैसा हालै बना देने की धमकियां देने लगी? प्रियंका ने कहा, लगातार एक के बाद एक हिंसक, अभद्र और अमानवीय बयानों से यह साबित होता है कि यह एक संगठित-सुनियोजित अभियान है जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उससे भी ज्यादा खतरनाक है प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत समूचे आरएसएस नेतृत्व का इसे शह देना और कोई कार्वाई न करना।

उन्होंने सवाल किया की आरएसएस-भाजपा के लोग क्या अब हिंसा और नफरत को ही लोकतंत्र का मूलमंत्र बनाना चाहते हैं? केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सिखों के संबंध में की गयी टिप्पणी को लेकर रविवार को उनकी आलोचना की थी और उन्हें देश का सबसे बडा दुश्मन और आतंकवादी बताया था।

# अमेरिका की यात्रा के दौरान मुझसे मुलाकात करेंगे प्रधानमंत्री मोदी : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटनान्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ट्रंप ने आयात शुल्क का दुरुपयोग करने के लिए भारत की आलोचना की लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक शानदार व्यक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। हाल में हत्या के प्रयास के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि मोदी अगले सप्ताह अमेरिका में उनसे मुलाकात करेंगे। उन्होंने दोहराया कि भारत आयात पर भारी शुल्क लगाता है। उन्होंने कहा, भारत बहुत ज्यादा दुरुपयोग करता है। वह (मोदी) अगले सप्ताह मुझसे मिलने वाले हैं और मोदी शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वह शानदार व्यक्ति हैं। कई नेता शानदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने मिशिगन के फ्लिंट में एक सभा में एक सवाल का जवाब देते हुए व्यापार और कर के बारे में बात करते हुए यह टिप्पणी की।

# उ. कोरिया ने बैलेस्टिक मिसाइलों का किया परीक्षण : जापान

एजेंसी

सियोल। जापान की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने दो बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने यह परीक्षण अमेरिका और पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच किया है।

जापान के रक्षा मंत्रालय ने हालांकि यह जानकारी नहीं दी कि उत्तर कोरिया ने जिन मिसाइल का परीक्षण किया वे किस प्रकार की हैं और वे कितनी दूरी तय कर पाईं। जापान के तटरक्षक बल ने कहा कि माना जा रहा है कि ये मिसाइल कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच के जलक्षेत्र में गिरी हैं। जापान के एनएचके टेलीविजन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि माना जा रहा है कि ये मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं।

विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर कोरिया नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले परमाणु परीक्षण या लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण कर सकता है, जिसका उद्देश्य नए अमेरिकी प्रशासन के साथ किसी भी तरह की बातचीत में अपनी स्थिति मजबूत करना है।

# सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान को नोटिस

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजा है, जिसमें तर्क दिया गया है कि परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित परिवर्तनों के कारण संधि का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के अनुच्छेद 12(3) के तहत 30 अगस्त को पाकिस्तान को नोटिस जारी किया गया। भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की बातचीत के बाद 19 सितम्बर, 1960 को सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किये थे, जिसमें विश्व बैंक भी एक हस्ताक्षरकर्ता था, जो कई सीमा पार नदियों के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र स्थापित करता है। सूत्रों ने बताया कि भारत की अधिसूचना में परिस्थितियों में आए मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों पर प्रकाश डाला गया है, जिसके लिए संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चिंताओं में से महत्वपूर्ण हैं जनसंख्या में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे तथा भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता।

भारत ने समीक्षा की मांग के पीछे एक कारण सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद का प्रभाव भी बताया है। एक सूत्र ने कहा, यह अधिसूचना किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं के संबंध में एक अलग लंबे समय से चले आ रहे विवाद की पृष्ठभूमि में जारी की गई थी।

## इंटरटेनमेंट...

# भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री -2' की कमाई 586 करोड़



नयी दिल्ली। स्त्री-2 के निर्माताओं ने बुधवार को दावा किया कि यह फिल्म 586 करोड़ रुपये की कमाई के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित स्त्री-2 गत 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म अपनी रिलीज के पांचवें हफ्ते में भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। स्त्री 2 में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अभिषेक बनर्जी, पंकज त्रिपाठी और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में हैं। मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, वो स्त्री है और उसने आखिरकार कर दिखाया। हिंदुस्तान की अब तक की सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म यह इतिहास हमारे साथ रचने के लिए सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धान्यवाद। वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, स्त्री 2 ने 2023 में प्रदर्शित जवान के हिंदी संस्करण को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है। जवान अभी तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। शाहरुख खान अभिनीत इस फिल्म ने पिछले साल सितंबर में प्रदर्शन के बाद भारत में 582 करोड़ रुपये कमाए थे।

# आर्यन खान की सीरीज में हुयी सलमान की कास्टिंग

मुंबई। ब्लॉकबस्टर हिट पठान के बाद सलमान खान जल्द ही शाहरुख खान के साथ अपकमिंग सीरीज में कैमियो करते नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स हैं कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू सीरीज में सलमान की कास्टिंग की है। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान, आर्यन खान के डायरेक्शन में बन रही सीरीज के एक एपिसोड में नजर आने वाले हैं। कास्टिंग होने के बाद सलमान खान ने सीरीज के एपिसोड की शूटिंग भी पूरी कर ली है। इस सीरीज में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं। हालांकि अब तक ये साफ नहीं है कि शाहरुख और सलमान स्क्रीन शेयर करेंगे या नहीं। रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र के हवाले से लिखा गया है। कि जब सलमान खान को सीरीज का ऑफर मिला, तो उन्होंने बिना समय गंवाए इसके लिए हामी भर दी थी। सलमान खान, शाहरुख और उनके परिवार से बेहद क्लोज हैं। वो आर्यन खान के डायरेक्टोरियल डेब्यू को सपोर्ट कर काफी खुश हैं। बताते चलें कि शाहरुख खान और गौरी खान के बेटे आर्यन जल्द ही बॉलीवुड में डायरेक्टोरियल डेब्यू करने वाले हैं। 26 साल के आर्यन सीरीज स्टारडम बना रहे हैं, जिसे हिंदी सिनेमा के बैकड्राप में बनाया जा रहा है।

# दिलजीत दोसांझ को फैन ने भेजा लीगल नोटिस



मुंबई। पॉपुलर सिंगर दिलजीत दोसांझ भारत के 10 शहरों में दिल-लुमिनाटी टूर करने वाले हैं। टूर की अनाउंसमेंट के बाद से ही फैंस के बीच टिकट की मारा-मारी हो रही है। इसी बीच टिकट बुकिंग में हुई गड़बड़ के चलते दिलजीत दोसांझ लीगल पचड़े में फंसते नजर आ रहे हैं।

दिलजीत पर धोखाधड़ी और हेरफेरी के आरोप लगे हैं। हफ्तों से टिकट का इंतजार कर रही एक फीमेल फैन को जब शो का टिकट नहीं मिल पाया, तो उन्होंने दिलजीत दोसांझ समेत ऑर्गेनाईजर्स को लीगल नोटिस भेज दिया है। दिलजीत दोसांझ 26 अक्टूबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कॉन्सर्ट करने वाले हैं। 12 सितंबर को इस शो की टिकट विंडो ओपन की गई थी। टिकट बुकिंग टाइम 1 बजे अनाउंस किया गया था।

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2' का प्रोमो जारी



मुंबई। कपिल शर्मा अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। ये शो 21 सितंबर 2024 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। ऐसे में इस शो के पहले एपिसोड और गेस्ट के नाम से भी पर्दा उठ चुका है। जिसमें आलिया भट्ट, करण जौहर और वेदांग रैना नजर आने वाले हैं। इस दौरान ये स्टार्स अपनी अपकमिंग फिल्म 'जिगरा' का प्रमोशन करेंगे। इस शो के पहले गेस्ट का प्रोमो नेटफ्लिक्स इंडिया के यूट्यूब चैनल और 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के इंस्टाग्राम पेज से भी शेयर किया गया है।

प्रोमो में देख सकते हैं कि आलिया, करण और वेदांग खूब मजाक मस्ती करते नजर आ रहे हैं। करण ने आलिया को अपनी पहली बेटी बताया। जबकि आलिया अपने और रणबीर कपूर के रिश्ते के बारे में भी बात करती नजर आ रही हैं। बता दें, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2' में आने वाले दिनों में जाह्नवी कपूर, सैफ अली खान, जूनियर एनटीआर, क्रिकेटर रोहित शर्मा, शिवम दुबे और अक्षर पटले के साथ ही कई अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म 'जिगरा' की बात की जाए तो इसमें आलिया भट्ट के साथ वेदांग रैना भी स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे, जो उनके भाई का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भाई-बहन पर ही आधिरत है। 11 अक्टूबर को आलिया की फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी। जिसकी टक्कर राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' से होगी।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com